खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 16°C
न्यूनतम : 05°C

लखनऊ, गुरुवार 15 जनवरी 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 71 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | माघ कृष्ण पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 | 25 रजब 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



भाजपा का 'बहिष्कार' ड्रामा, अब परदेसी ताकतों का कर रही स्वागत: अखिलेश पेज 2




विराट कोहली वनडे रैंकिंग में फिर से बने नंबर एक खेल टाइम्स



भारतीय सेना युद्धभूमि में अडिग, संकट में राष्ट्र का संबल सम्पादकीय



लश्कर के आतंकी की हिंदुओं का गला काटने की धमकी पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रपति मुर्मू व रक्षा मंत्री ने पूर्व सैनिकों को किया सलाम

**नई दिल्ली।** द्रौपदी मुर्मू और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को सशस्त्र सेना पूर्व सैनिक दिवस पर देश के पूर्व सैनिकों के बलिदान और त्याग को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति मुर्मू ने एक्स पर एक पोस्ट में देश के पूर्व सैनिकों की वीरता, समर्पण और बलिदान को याद करते हुए कहा कि उनका अटूट साहस हर भारतीय को प्रेरित करता रहता है। उन्होंने कहा कि ऐसे मौके सैनिकों को श्रद्धांजलि देने और उनके प्रति आभार व्यक्त करने के अवसर होते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि पूर्व सैनिक देश के प्रति गहराई से समर्पित हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी एक्स पर हमारे पूर्व सैनिकों और सेवारत कर्मियों के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि कि उनके बलिदान भारत की सीमाओं की जीवित ढाल बनते हैं और देश की रक्षा करते हैं। उन्होंने पूर्व सैनिकों, सेवारत कर्मियों और उनके परिवारों की गरिमा और कल्याण के प्रति पूर्ण एवं अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि की। सशस्त्र सेना पूर्व सैनिक दिवस हर साल 14 जनवरी को फील्ड मार्शल केएम करिअप्पा, ओबीई, भारतीय सेना के पहले कमांडर-इन-चीफ की विरासत और उत्कृष्ट सेवा का सम्मान करने के लिए मनाया जाता है। वह 1953 में इसी दिन सेवानिवृत्त हुए थे।

### सूमाया समूह धोखाधड़ी मामले में 35 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मुंबई क्षेत्रीय कार्यालय ने बुधवार को सूमाया समूह और अन्य से जुड़े एक मामले में 35.22 करोड़ रुपये मूल्य की चल और अचल संपत्तियों की कुर्की की घोषणा की। इन संपत्तियों में बैंक बैलेंस, डीमैट होल्डिंग्स और म्यूचुअल फंड जैसी चल संपत्तियां तथा दो अचल संपत्तियां शामिल हैं। ईडी ने यह जांच धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत शुरू की थी, जो वर्ली पुलिस थाने द्वारा दर्ज एक प्राथमिकी के आधार पर की गई। प्राथमिकी में सूमाया इंडस्ट्रीज लिमिटेड, उसके प्रमोटर्स और अन्य व्यक्तियों एवं संस्थाओं पर आरोप है कि उन्होंने भविष्य की 'नीड टू फीड' योजना के तहत लाभ दिलाने का झूठा वादा कर लगभग 137 करोड़ रुपये का गबन किया है।

### दिल्ली में भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद के घर लगी आग

**नई दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद के यहां स्थित आवास में बुधवार सुबह आग लग गई। श्री प्रसाद राष्ट्रीय राजधानी में मदर टेरेसा क्रिसेंट मार्ग पर कोठी नंबर 21 में रहते हैं। दमकल विभाग के मुताबिक आग घर के एक कमरे में बिस्तर से शुरू हुई। एक अधिकारी ने बताया कि हमें सुबह आठ बजे घटना की सूचना मिली। सूचना मिलते ही हमने दमकल की तीन गाड़ियों को मौके पर भेजे। सुबह 8:30 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया। उन्होंने कहा कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है और स्थानीय पुलिस को भी सूचना दे दी गई है।

# ईरान को तुरंत छोड़ दें भारतीय नागरिक, जरूरी कागजात साथ रखें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** ईरान में पिछले दो सप्ताह से अधिक समय से जारी हिंसा और विरोध प्रदर्शनों को देखते हुए भारतीय नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। भारत सरकार ने ईरान में बदलती सुरक्षा स्थिति को देखते हुए वहां रह रहे भारतीय नागरिकों को जल्द से जल्द देश छोड़ने की सलाह दी है।

ईरान में ये विरोध प्रदर्शन पिछले महीने के आखिर में तब शुरू हुए थे, जब ईरानी मुद्रा रियाल रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई थी। इसके बाद ये आंदोलन धीरे-धीरे देश के सभी 31 प्रांतों में फैल गया। शुरुआत में आर्थिक मुद्दों को लेकर शुरू हुए ये प्रदर्शन अब राजनीतिक



बदलाव की मांग में बदल चुके हैं। विदेश मंत्रालय ने एडवाइजरी में कहा है कि भारतीय नागरिक उपलब्ध सभी परिवहन साधनों का उपयोग करें, जिनमें कमर्शियल उड़ानें भी शामिल हैं, ताकि वे सुरक्षित रूप से ईरान से बाहर निकल सकें। सरकार ने दोहराया है कि ईरान में रह रहे सभी भारतीय नागरिक और पीआईओ पूरी सतर्कता बरतें। उन्हें किसी भी तरह के विरोध-प्रदर्शन या अशांत क्षेत्रों से दूर रहने, स्थानीय हालात पर नजर बनाए रखने और ईरान स्थित भारतीय

- **विदेश मंत्रालय ने जारी एडवाइजरी में सतर्क रहने व संवेदनशील इलाकों से दूर रहने की सलाह दी**
- **भारतीय नागरिक उपलब्ध सभी परिवहन साधनों का उपयोग करें, जिनमें कमर्शियल उड़ानें भी शामिल हैं**

दूतावास के नियमित संपर्क में रहने की सलाह दी गई है। ईरान में मौजूद सभी भारतीय नागरिकों से कहा गया है कि वे अपने यात्रा और इमिग्रेशन से जुड़े दस्तावेज, जैसे पासपोर्ट और पहचान पत्र, हर समय अपने पास सुरक्षित और तैयार रखें। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि किसी भी तरह की सहायता या जानकारी के लिए भारतीय नागरिक तेहरान स्थित भारतीय दूतावास से संपर्क कर सकते हैं। सरकार ने भरोसा दिलाया है कि जरूरत पड़ने पर भारतीय नागरिकों को हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी। गौरतलब है कि इससे पहले 5 जनवरी को जारी एडवाइजरी में भी भारत सरकार ने अपने नागरिकों से ईरान की गैर-जरूरी यात्रा से बचने का आग्रह किया था।

### दिल्ली धमाका केस: 5 आरोपियों की तीन दिन की NIA रिमांड

**नई दिल्ली।** दिल्ली बम धमाका मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को बड़ी राहत मिली है। पटियाला हाउस कोर्ट ने डा. शाहीन सईद की 3 दिन की कस्टडी एनआईए को मंजूर कर दी है। इससे पहले उन्हें पिछले महीने न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। अदालत ने मुफ्ती इरफान अहमद, जासिर बिलाल वानी, डा. आदिल अहमद और डा. मुजम्मिल शकील की भी तीन दिन की कस्टडी एनआईए को दी है। सभी आरोपियों को 16 जनवरी को कोर्ट में पेश करने का आदेश दिया गया है।

# आईपीएसी रेड: TMC की याचिका खारिज

**जांच एजेंसी के वकील एएसजी राजू ने कोर्ट में ऑन रिकॉर्ड कहा: एजेंसी ने पार्टी दफ्तर से कुछ भी जब्त नहीं किया | जब सरकार कह रही है, कुछ भी जब्त नहीं हुआ, तो अब मामले में कुछ बचता ही नहीं: कलकत्ता हाईकोर्ट**

**कोलकाता, वार्ता**

**कलकत्ता हाईकोर्ट** ने आईपीएसी रेड मामले में बुधवार को टीएमसी की याचिका खारिज कर दी। पार्टी ने आरोप लगाया था कि जांच एजेंसी (ईडी) ने 8 जनवरी को आईपीएसी के आईटी हेड प्रतीक जैन के ऑफिस पर रेड मारकर कुछ कागजात जब्त किए थे।

इस पर जांच एजेंसी के वकील एएसजी राजू ने ऑन रिकॉर्ड कहा कि एजेंसी ने पार्टी दफ्तर से कुछ भी जब्त नहीं किया है। कोर्ट ने कहा कि जब ईडी ने कुछ भी जब्त न करने की बात की है, तो अब इस मामले पर सुनवाई के लिए कुछ नहीं बचता है। याचिका को खारिज किया जाता है। सुनवाई के दौरान ईडी की तरफ से पेश एएसजी राजू ने कहा कि अगर कोई रिकॉर्ड जब्त किया गया है तो वह एजेंसी ने नहीं, बल्कि ममता बनर्जी ने किया है। ममता अपने साथ गैरकानूनी तरीके से फाइलें ले गई थीं।



- **कोर्ट ने कहा: इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट में पहले ही याचिका लगाई जा चुकी है**



हाईकोर्ट ने ईडी की तरफ से दाखिल याचिका पर सुनवाई भी टाल दी है। कोर्ट ने कहा कि इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट में पहले ही याचिका लगाई जा चुकी है। इस पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद सुनवाई होगी। ईडी ने दलील दी कि इस मामले में आई-पीएसी के सह-संस्थापक प्रतीक जैन को खुद याचिका दायर करनी चाहिए थी। टीएमसी (तृणमूल कांग्रेस) के कौन-से अधिकार का उल्लंघन हुआ है? उनका कहना था कि यह रिट याचिका सिर्फ चुनाव, चुनाव और चुनाव की बात करती है, लेकिन कहीं यह नहीं बताती कि किसी अधिकार का हनन कैसे हुआ। वकील ने कहा कि अगर आई-पीएसी ऑफिस से कोई डेटा जब्त किया गया है, तो उसका याचिकाकर्ता से सीधा संबंध कैसे बनता है, यह भी साफ नहीं किया गया है। टीएमसी पार्टी की तरफ से पेश वकील गुरुस्वामी बोले कि हमारी याचिका सिर्फ एक सीमित मुद्दे पर है। पार्टी का निजी राजनीतिक डेटा सुरक्षित रहे। किसी राजनीतिक पार्टी को डराना या दबाव में लेना ठीक नहीं है, खासकर तब जब पार्टी ने यह याचिका इस डर से दायर की कि उसके 6 साल पुराने राजनीतिक सलाहकार (कंसल्टेंट) के दफ्तर से उसका डेटा लिया जा सकता है। गुरुस्वामी बोले कि राज्य चुनाव से कुछ महीने पहले राजनीतिक सलाहकार के ऑफिस पर छापा पड़ना संदेह पैदा करता है। अगर एएसजी राजू यह कह रहे हैं कि ईडी ने कुछ भी जब्त नहीं किया, तो इस बात को रिकॉर्ड में दर्ज किया जाए और इसी आधार पर याचिका का निपटारा कर दिया जाए। ईडी की तरफ से सरकार का पक्ष रख रहे एएसजी राजू ने कहा कि अगर कोई रिकॉर्ड जब्त किया गया है, तो वह ईडी (ईडी) ने नहीं, बल्कि ममता बनर्जी ने किया है।

# यूपी के 19 शहरों का टेम्परेचर शिमला से कम

## सबसे कम टेम्परेचर 2.1 डिग्री मुजफ्फरनगर का रहा

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में बुधवार को तेज सर्दी का असर रहा। राज्य के 19 शहरों का मिनिमम टेम्परेचर शिमला (6.6 डिग्री सेल्सियस) से कम रहा। सबसे कम टेम्परेचर 2.1 डिग्री सेल्सियस मुजफ्फरनगर का रहा। मेरठ-सम्भल समेत 25 जिलों में घना कोहरा छाया है। बिजनौर में बस पलटने से 38 यात्री घायल हुए हैं।

हरियाणा में बुधवार को सीवियर कोल्डवेव का ऑरेंज अलर्ट रहा। 14 जिलों में तेज सर्दी का ऑरेंज अलर्ट है। बाकी जिलों में घना कोहरा और कोल्ड डे की स्थिति रहेगी। पिछले 24 घंटों में हरियाणा का अधिकतम टेम्परेचर 3.8 डिग्री सेल्सियस गिरा है। करनाल में तापमान 10.0 डिग्री सेल्सियस रहा। राजस्थान के 5 जिलों में सर्दी का येलो अलर्ट है। शुक्रवार से प्रदेश का मौसम साफ रहेगा। कोल्डवेव से भी राहत मिलेगी। मंगलवार को राज्य में अधिकतम तापमान 27.0 डिग्री सेल्सियस पहुंचा। गंगानगर, हनुमानगढ़ को छोड़कर



- **मेरठ-सम्भल समेत 25 जिलों में घना कोहरा छाया**

बाकी जिलों में अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस-27डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। बिहार के 18 जिलों में मिनिमम टेम्परेचर 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। सबसे कम भागलपुर के सबौर में 5.9 डिग्री सेल्सियस रहा। उत्तराखंड में पिथौरागढ़, चमोली, उत्तरकाशी और रुद्रप्रयाग में झरने जम गए हैं। तापमान भी माइनस 16 डिग्री सेल्सियस है।

### कश्मीर में शीतलहर का प्रकोप बढ़ा, शोपियां सबसे ठंडा रहा

**श्रीनगर।** कश्मीर में पिछली रात ज्यादातर जगहों पर न्यूनतम तापमान में और गिरावट दर्ज की गई और शोपियां घाटी -7.5 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ सबसे ठंडा इलाका रहा। दक्षिण कश्मीर के पुलवामा में न्यूनतम तापमान -7.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पूरा इलाका भीषण ठंड की चपेट में रहा, जबकि कुपवाड़ा और पहलगाम में न्यूनतम तापमान क्रमश: -6.2 डिग्री सेल्सियस और -6.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार प्रसिद्ध स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान -3.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं सोनमर्ग में न्यूनतम तापमान -2.2 डिग्री सेल्सियस रहा।

### दिल्ली-एनसीआर में ठिठुरन बढ़ी, जनजीवन प्रभावित

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी और इसके आसपास के इलाकों में बुधवार सुबह भीषण शीतलहर और अचानक छाए घने कोहरे के कारण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, दिल्ली में न्यूनतम तापमान 3. 8 डिग्री रहने के साथ भीषण शीतलहर का प्रकोप जारी है। सुबह के समय दिल्ली-एनसीआर में कोहरे की घनी चादर छाई रही। कोहरे के कारण दृश्यता में कमी देखी गई। दिल्ली एयरपोर्ट ने कम दृश्यता को लेकर परामर्श जारी किया और यात्रियों को उड़ान की जानकारी के लिए अपनी एयरलाइन कंपनियों से संपर्क करने की सलाह दी, हालांकि विमानों का संचालन सामान्य रहा।

# नशे में थे जुबीन गर्ग, लाइफ जैकेट पहनने से कर दिया था इन्कार

**सिंगापुर।** मशहूर सिंगर जुबीन गर्ग की मौत का मामला अभी भी सुलझा नहीं है। अब इस मामले में एक बड़ी जानकारी सामने आई है। सिंगर की मौत सिंगापुर में हुई थी।

अब सिंगापुर की एक अदालत को मुख्य जांच अधिकारी की ओर से बुधवार को बताया गया कि जुबीन गर्ग पिछले सितम्बर में लाजरस द्वीप के पास अत्यधिक नशे में थे और लाइफ जैकेट पहनने से इन्कार करने के बाद डूब गए थे। मुख्य जांच अधिकारी ने अदालत को जांच की शुरुआत में बताया कि गायक ने पहले लाइफ जैकेट पहनी

- **सिंगापुर की अदालत में जांच अधिकारी का दावा**

थी, लेकिन बाद में उसे उतार दिया और फिर उन्हें दी गई दूसरी लाइफ जैकेट पहनने से भी इन्कार कर दिया। उस समय जुबीन गर्ग अत्यधिक नशे में थे और कई गवाहों ने उन्हें नौका की ओर वापस तैरने की कोशिश करते देखा। जब वे बेहोश हो गए और उनका चेहरा पानी में डूब गया। गर्ग को तुरंत नौका पर वापस लाया गया और उन्हें सीपीआर दिया गया, लेकिन उसी दिन बाद में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

# थोक मुद्रास्फीति की दर दिसम्बर में बढ़कर 0.83 प्रतिशत रही

**नई दिल्ली।** विनिर्मित उत्पादों के दाम बढ़ने से दिसम्बर 2025 में थोक मूल्य आधारित मुद्रास्फीति की दर बढ़कर 0.83 प्रतिशत पर पहुंच गई। सितम्बर 2025 के बाद तीन महीने में पहली बार थोक महंगाई की दर शून्य से ऊपर रही है। इससे पहले नवम्बर में यह शून्य से 0.32 प्रतिशत नीचे थी। वहीं दिसम्बर 2024 में यह 2.57 प्रतिशत रही थी। खाद्य पदार्थों की थोक महंगाई दर गत दिसम्बर में शून्य रही। यह नवम्बर में शून्य से 2.6 प्रतिशत नीचे रही थी।

दिसम्बर में सालाना आधार पर आलू, प्याज और दालों की कीमतों में भारी गिरावट देखी गई। प्याज 54.4 प्रतिशत, आलू 38.21 प्रतिशत और दालें 13.88 प्रतिशत सस्ती हुई।



- **सालाना आधार पर आलू, प्याज और दालों की कीमतों में भारी गिरावट देखी गई**

सब्जियों के दाम भी 3.5 प्रतिशत घटे। वहीं, दूध के दाम 3.23 फीसदी और अंडे, मांस और मछलियों के 1.14 प्रतिशत बढ़े।

# अमेरिका को पछाड़ दूसरा सबसे बड़ा सोलर बाजार बनेगा भारत

**मुंबई, वार्ता**

**भारत का सौर** ऊर्जा क्षमता निर्माण बाजार 2026 में छह प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ अमेरिका को पीछे छोड़ते हुए दुनिया का सबसे बड़ा सोलर बाजार बन जाएगा। वैश्विक जिंस बाजार अनुसंधान फर्म ब्लूमबर्गएनईएफ (बीएनईएफ) की बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की सौर ऊर्जा क्षमता निर्माण की वर्तमान गति से 2030 तक पांच लाख मेगावाट की स्वच्छ ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य लगता है लेकिन 2024 में नीलाम कई परियोजनाओं को अब भी बिजली के खरीदारों का इंतजार है, जो लक्ष्य की राह में एक जोखिम है। इसमें सौर ऊर्जा मॉड्यूल की उत्पादन क्षमता घरेलू मांग से अधिक हो चुकी है। इसके साथ ही इनके निर्माण में कुछ कच्चे माल और हिस्से पुर्जों



के लिए आयात निर्भरता बनी हुई है। बीएनईएफ की ओर से मीडिया को उपलब्ध कराई गई इस रिपोर्ट के सारांश में कहा गया है कि इस वर्ष चीन की धीमी गति पड़ेगी और इससे पहली बार वैश्विक सोलर निर्माण में कुल मिला कर कमी होगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी सौर निर्माण बाजार में तेज गिरावट दिख रही है और 2026 में भारत

- **बीएनईएफ ने एक रिपोर्ट में दी जानकारी**
- **भारत की सौर ऊर्जा क्षमता निर्माण की वर्तमान गति से 2030 तक पांच लाख मेगावाट की स्वच्छ ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य**

दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सोलर बाजार बनने के लिए तैयार है। अमेरिका में गिरावट के बीच सौर ऊर्जा इंस्टॉलेशन (स्थापना) में नाम मात्र की वृद्धि जारी है। बीएनईएफ के अनुमान के अनुसार भारत में सौर बिजली क्षमता निर्माण छह प्रतिशत की वृद्धि के साथ 50,000 मेगावाट से थोड़ा अधिक रहेगा। देश में अधिकांश नई क्षमता बड़ी परियोजनाओं के माध्यम बनेगी। इसके अलावा सरकारी सब्सिडी से आवासीय रूफटॉप सौर प्रणाली को बढ़ावा मिल रहा है। अमेरिका में जनकल्याण योजनाओं पर सब्सिडी की कटौती वाले 'वन बिग ब्यूटीफुल बिल एक्ट' के कारण इस साल वहां सौर बिजली स्थापना में 14 प्रतिशत की गिरावट आने का अनुमान है। इस विधेयक के अंतर्गत अमेरिका में नए वर्ष में शुरू होने वाली परियोजनाओं को कम लाभ के लिए विदेशी संस्था से संबंधित नियमों का पालन करना होगा, जिससे परियोजना विकास करने वाली कंपनियों के लिए एक और बाधा पैदा होगी। इससे अमेरिका सौर ऊर्जा क्षमता निर्माण में भारत से पीछे आ जाएगा, जबकि वह 2019 से लगातार दूसरे स्थान पर था। चीन वार्षिक वृद्धि में अपेक्षित गिरावट के बावजूद, काफी बड़े अंतर से दुनिया का सबसे बड़ा सोलर बाजार बना हुआ है।

# पूर्व सैनिक राष्ट्रीय चेतना के जीवंत स्तंभ और युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पूर्व सैनिकों के शौर्य, बलिदान और समर्पित सेवा को नमन करते हुए उन्हें राष्ट्रीय चेतना के जीवंत स्तंभ तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बताया है। श्री सिंह ने10 वें सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस के अवसर पर पूर्व सैनिक दिवस समारोह में हिस्सा लिया।

इस मौके पर रैलियां, पुष्पांजलि अर्पण समारोह, शिकायत निवारण काउंटर तथा सहायता एवं सुविधा डेस्क लगाए गए। मुख्य समारोह दिल्ली छावनी के मानेकशॉ सेंटर में हुआ जिसमें दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से लगभग 2500 पूर्व सैनिकों ने भाग लिया। रक्षा मंत्री ने

- **रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पूर्व सैनिक दिवस समारोह में लिया हिस्सा**

अपने संबोधन में पूर्व सैनिकों के शौर्य, बलिदान और समर्पित सेवा को नमन करते हुए उन्हें राष्ट्रीय चेतना के जीवंत स्तंभ तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बताया। उन्होंने पूर्व सैनिकों से युवाओं का मार्गदर्शन करने, अग्निवीरों और युवा सैनिकों को सही दिशा देने, आपात स्थितियों में नागरिक प्रशासन का सहयोग करने, सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने और जमीनी स्तर पर देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ करने का आह्वान किया।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रयागराज में चार लड़कों की तालाब में डूबने से मौत

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में दो सगे भाई समेत चार लड़कों की तालाब में डूबने से मौत हो गई। मंगलवार शाम को चारों तालाब के पास खेल रहे थे। उसके बाद काफी देर तक घर नहीं लौटे, तो परिजनों ने तलाश की। लेकिन कुछ पता नहीं चला। बुधवार सुबह चारों के शव तालाब में तैरते हुए नजर आए। हादसा पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के सल्लाहपुर के पास कुसुआ गांव में हुआ है। मृतकों में तीन नाबालिग और एक 19 वर्षीय लड़का है। पुलिस ने कहा कि मृतकों की शिनाख्त 19 साल के करन पुत्र राजेश, 10 साल के प्रियांशु पुत्र संजीव और दो सगे भाई 10 साल का प्रिस और 13 साल के प्रतीक के रूप में हुई है। पुलिस ने चारों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस सूत्रो के अनुसार वे कल शाम खेलते खेलते तालाब की तरफ गए और उसके बाद चारों तालाब में नहाने लगे, जिसके बाद वो सभी एक साथ गहरे पानी में चले गए और डूब जाने के बाद सभी की मौत हो गई। चारों की मौत के बाद परिवार में मातम का माहौल है।

### श्रद्धालुओं ने लगाई संगम घाटों पर आस्था की डुबकी

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के संगम की रेती पर आयोजित हो रहे माघ मेले के दूसरे स्नान पर्व मकर संक्रांति के पहले संगम तट पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है। एकादशी के पर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगम के विभिन्न घाटों पर आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। ब्रह्म मुहूर्त से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। एकादशी के पर्व पर सुबह 6:00 तक 9:30 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगा ली है। मेला पुलिस अधीक्षक नीरज पांडेय के मुता. बिक मकर संक्रांति पर्व दो दिन स्नान की परंपरा रही है।

# पश्चिमी उत्तर प्रदेश में शीतलहर ने बरपाया कहर

## वेस्ट यूपी के कई जिलों में तापमान और अधिक गिरा, लोग थर्राये

शाह टाइम्स ब्यूरो



मुजफ्फरनगर प्रदेश का सबसे ठंडा जिला रहा जहां न्यूनतम तापमान गिरकर 2.1 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कड़ाके की ठंड का सिलसिला जारी है। राजधानी लखनऊ में बुधवार को इस मौसम की अब तक की सबसे ठंडी सुबह दर्ज की। शहर में न्यूनतम तापमान 5.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो चार जनवरी को दर्ज छह डिग्री सेल्सियस के पिछले न्यूनतम स्तर से 0.4 डिग्री कम है।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में तापमान और अधिक गिर गया। मुजफ्फरनगर प्रदेश का सबसे ठंडा जिला रहा, जहां न्यूनतम तापमान गिरकर 2.1 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। यह सामान्य से 3.5 डिग्री कम है और बीते दो वर्षों में दर्ज किया गया सबसे कम तापमान है। मेरठ में न्यूनतम तापमान 2.9 डिग्री (सामान्य से 3.4 डिग्री कम), बरेली में तीन डिग्री, कानपुर शहर में चार डिग्री और हरदोई में 4.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि रात के तापमान में गिरावट के कारण पश्चिमी उत्तर प्रदेश में शीतलहर और पाला पड़ने की स्थिति बनी हुई है, हालांकि दिन में मौसम अपेक्षाकृत सुहावना रहने की संभावना है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार बुधवार और गुरुवार को भी प्रदेश के कई हिस्सों में शीतलहर का असर बना रहेगा। लखनऊ में आज अधिकतम तापमान लगभग 21 डिग्री और न्यूनतम तापमान छह डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के गुजरने के बाद हवाओं की दिशा उत्तर-पश्चिमी हो गई है, जिससे बीते 48 घंटों में प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में दिन और रात के तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। इसके कारण पश्चिमी प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान चार डिग्री से नीचे चला गया, जिससे मेरठ, मुजफ्फरनगर और बरेली में शीतलहर की स्थिति बनी। आगामी 48 घंटों में मौसम में कोई बड़ा बदलाव होने का कोई नहीं अनुमान नहीं है। आगरा, अलीगढ़, मेरठ, सहारनपुर, मुरादाबाद और रोहिलखंड मंडल के कुछ हिस्सों में शीतलहर और पाले का असर जारी रह सकता है।

# युवा शक्ति ही सशक्त, आत्मनिर्भर और विकसित भारत का निर्माण करेगी: जनरल द्विवेदी

नई दिल्ली, वार्ता



सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कैडेटों से अनुशासन तथा समर्पण के साथ देश सेवा का आह्वान करते हुए कहा है कि युवा शक्ति ही सशक्त, आत्मनिर्भर और विक. सित भारत का निर्माण करेगी।

जनरल द्विवेदी ने बुधवार को यहां दिल्ली छावनी में एनसीसी के गणतंत्र दिवस शिविर का दौरा किया। कैडेटों को संबोधित करते हुए उन्होंने उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन के कथन का हवाला दिया और युवाओं को 'नए भारत का चेहरा' बताया। उन्होंने कहा कि युवा देश की सबसे सशक्त जनसांख्यिकी शक्ति हैं, जो अनुशासन, उद्देश्य और प्रतिबद्धता के माध्यम से राष्ट्रीय परिवर्तन का नेतृत्व करने में सक्षम हैं। सेना प्रमुख ने ऑपरेशन सिदूर के दौरान कैडेटों के योगदान को भारत की दृढ़ता का प्रतीक बताया। इस अभियान के दौरान देशभर में 75,000 से अधिक एनसीसी कैडेट ने नागरिक सुरक्षा, अस्पताल प्रबंधन, राहत सामग्री वितरण और सामुदायिक सेवा में स्वेच्छा से योगदान दिया। आधुनिक. ीकरण पर जोर देते हुए उन्होंने कैडेट प्रशिक्षण में शामिल नए उपायों की सराहना की, जिनमें ड्रोन प्रशिक्षण की शुरुआत, पुणीत सागर अभियान, एक भारत श्रेष्ठ भारत, एक पेड़ मां के नाम, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस और स्वच्छ भारत अभियान जैसे राष्ट्रीय अभियानों में भागीदारी शामिल है। उन्होंने बताया कि युवा आपदा मित्र योजना के तहत 28 राज्यों के 315 जिलों में 94,400 कैडेट्स को आपदा तैयारी का प्रशिक्षण दिया गया है। इसके अतिरिक्त 35,000 से अधिक कैडेट ने देशभर में सेना की इकाइयों और सैन्य अस्पतालों के साथ प्रशिक्षण हासिल किया है। जनरल द्विवेदी ने कहा कि एनसीसी सशस्त्र बलों में प्रवेश का एक महत्वपूर्ण माध्यम बना हुआ है और इस वर्ष 150 से अधिक कैडेट का सैन्य प्रशिक्षण अकादमियों में चयन हुआ है।

# संभल फायरिंग में उत्तर प्रदेश सरकार का झूठ उजागर हुआ: भाकपा

लखनऊ, वार्ता

■ सीओ अनुज, कोतवाल सहित 20 पुलिसकर्मियों पर एफआईआर दर्ज करने के आदेश को मुद्दा बनाया

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) ने बुधवार को कहा कि संभल में 24 नवम्बर 2024 को हुई हिंसा में अदालत ने तत्कालीन सीओ अनुज चौधरी, कोतवाल सहित 20 पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है, जिससे प्रदेश सरकार का झूठ उजागर हुआ है।

पार्ट के कार्यकारी राज्य सचिव ईश्वरी प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि कोर्ट के फैसले से यह पुख्ता हुआ है कि संभल हिसा राज्य प्रायोजित थी। संभल की शाही जामा मस्जिद को 'हरिहर मंदिर' बताकर विवाद खघ करने के प्रकरण में पांच मुस्लिम युवक मारे गए थे। सभी को गोली लगी थी, लेकिन पुलिस ने खुद की गोली से मौतें होने से इनकार किया था। राज्य सरकार ने भी पुलिस की बात को ही दोहराया था। उल्टे आरोप प्रदर्शनकारियों पर ही मढ़ दिया गया था कि उन्हीं की ओर से चलाई गई गोली से मौतें हुई। पुलिस जांच में पुलिसकर्मियों को क्लीन चिट दी गई थी। कुशवाहा ने कहा कि संभल की सीजेएम कोर्ट द्वारा एक मृतक लघ्के के पिता की याचिका पर सुनवाई के बाद मंगलवार को दिए फैसले से स्पष्ट हो गया कि पुलिस और सरकार द्वारा स्थापित किए गए आख्यान में सच को छुपाया गया। मामले की जांच के लिए सरकार द्वारा गठित न्यायिक आयोग ने भी झूठ नहीं पकघ। कोर्ट ने आरोपी पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू करने का आदेश दिया है। लेकिन संभल पुलिस अधीक्षक का यह कथन की उच्चतर न्यायालय में इस फैसले के खिलाफ अपील होने तक एफआईआर नहीं दर्ज की जाएगी, न्यायपालिका की अवहेलना है।

## 2025 में भारतीय रुपया एशिया की सबसे कमजोर करेंसी साबित हुआ: कांग्रेस

# पीएम मोदी ने बर्बाद कर दी देश की अर्थव्यवस्था

नई दिल्ली।



■ चीनी युआन का प्रदर्शन भारतीय रुपये के मुकाबले बेहतर रहा है, डॉलर के मुकाबले रुपये की रिकॉर्ड गिरावट दर्ज

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमला करते हुए कहा है कि उनकी गलत आर्थिक नीतियों के कारण देश की अर्थव्यवस्था बर्बाद हो गई है और यही वजह है कि 2025 में भारतीय रुपया एशिया की सबसे कमजोर करेंसी साबित हुआ है।

कांग्रेस ने कहा कि एशिया की बाकी करेंसी के मुकाबले रुपया सबसे ज्यादा गिरा है, जबकि चीनी युआन का प्रदर्शन भारतीय रुपये के मुकाबले बेहतर रहा है। पार्टी का कहना है कि डॉलर के मुकाबले रुपये की रिकॉर्ड गिरावट न सिर्फ अर्थव्यवस्था पर सवाल खड़े करती है, बल्कि यह हमारी साख का भी सवाल बन गया है। पार्टी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया एक्स पेज पर बुधवार को एक पोस्ट में कहा कि एशिया में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली करेंसी बना रुपया और 2025 में रुपये ने एशिया के देशों की बाकी करेंसी के मुकाबले सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की है। जहां डॉलर के मुकाबले रुपया 6.03 प्रतिशत कमजोर हुआ, वहीं चीनी युआन ने बेहतर प्रदर्शन किया है। पार्टी ने कहा कि रुपये में ऐसी रिकॉर्ड गिरावट- न सिर्फ हमारी अर्थव्यवस्था बल्कि भारत की साख पर भी सवाल खड़े कर रही है। पार्टी ने प्रधानमंत्री को घेरते हुए कहा कि श्री मोदी देश को बर्बाद करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने देशवासियों को मकर संक्रांति, पोंगल, सुग्गी हब्बा, माघी, भोगली बिहू, खिचड़ी, पौष, उत्तरायण और मकरविलक्कु पर्व की शुभकामनाएं देते हुए सबकी खुशहाली की कामना की है। खड़गे ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक संदेश में कहा कि जीवंत फसल परंपराओं को एकजुट होकर मनाने के इस पर्व पर कामना है कि वातावरण कृतज्ञता, आनंद और एकता से भरा हो। इस पर्व पर हम सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं। मकर संक्रांति, पोंगल, सुग्गी हब्बा, माघी, भोगली बिहू, खिचड़ी, पौष पर्व, उत्तरायण और मकरविलक्कु के उत्सव सभी के लिए असीम खुशियां, अच्छा स्वास्थ्य और स्थाई समृद्धि लेकर आएं। गांधी ने कहा कि मकर संक्रांति, पोंगल, सुग्गी हब्बा, माघी, भोगली बिहू, खिचड़ी, पौष पर्व, उत्तरायण और मकरविलक्कु की शुभकामनाएं।

### भाजपा का 'बहिष्कार' ड्रामा, अब परदेसी ताकतों का कर रही स्वागत: अखिलेश यादव



**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा और उसके संगी-साथी स्वदेशी का नारा लगाते-लगाते अब परदेसी हो गए हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग कल तक चीन से आयात और चीनी सामान के बहिष्कार की बातें कर रहे थे, वही आज खुलेआम उसका स्वागत कर रहे हैं। बुधवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा के वैचारिक उस्ताद पड़ोसी देश से एकदलीय व्यवस्था का 'मास्टर क्लास' ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस स्तर तक अब मुलाक. ात पहुंच गई है, उससे साफ है कि इसकी तैयारी कई वर्षों से चल रही थी। ऐसे में बहिष्कार का यह सारा ड्रामा केवल समर्थकों की आंखों में धूल झोंकने के लिए किया गया। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा समर्थक, जो चीनी सामान के बहिष्कार के लिए घर-घर जाकर प्रचार कर रहे थे। आज खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं।



सेंसेक्स 83382.71

निफ्टी 25665.60



सोना रु. 138450

प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 254620

प्रति किलो



# उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बीच गिरावट में बंद हुए प्रमुख सूचकांक

नई दिल्ली, वार्ता



विदेशों से मिले मिश्रित संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को उतार-चढ़ाव देखा गया और प्रमुख सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 244.98 अंक (0.29 प्रतिशत) गिरकर 83,382.71 अंक पर आ गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 66.70 अंक यानी 0.26 प्रतिशत उतरकर 25,665.60 अंक पर रहा। यह दोनों सूचकांकों का 07 नवम्बर 2025 के बाद का निचला स्तर है। इससे पहले शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी में उतार-चढ़ाव रहा। बीच कारोबार में सेंसेक्स ऊपर 83,809.98 अंक और नीचे 83,185.20 अंक तक गया। दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने लिवाली की। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.12 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.67 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। आईटी, ऑटो, एफएमसीजी, फार्मा, रियलटी और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों की कंपनियों पर दबाव अधिक रहा। वहीं धातु और सार्वजनिक बैंकिंग सेक्टरों में जबरदस्त तेजी देखी गई। तेल एवं गैस, स्वास्थ्य और वित्तीय क्षेत्रों की कंपनियों के सूचकांक भी हरे निशान में रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में एशियन पेंट्स और टीसीएस का शेयर दो प्रतिशत से अधिक टूटा। मारुति सुजुकी, सनफार्मा, हिंदुस्तान यूनीलिवर, कोटक महिंद्रा बैंक, टेक महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी बैंक के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच टूटे। एलएंडटी, इंडिगो, टाइटन, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा और भारती एयरटेल के शेयर भी लाल निशान में रहे। टाटा स्टील में साढ़े तीन प्रतिशत से अधिक तेजी दर्ज की गई। एनटीपीसी का शेयर भी करीब सवा तीन प्रतिशत और एक्सिस बैंक का लगभग तीन प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। अल्ट्राटेक सीमेंट, इटरनल और बीईएल के शेयर एक फीसदी से ज्यादा चढ़े। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर भी हरे निशान में बंद हुआ।

# चांदी तीन दिन में 34 हजार रुपये बढ़ी, सोना 1.42 लाख रुपये के ऑल टाइम हाई पर

**मुंबई।** सोने-चांदी के दाम 14 जनवरी को लगातार तीसरे दिन ऑल टाइम हाई पर हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, एक किलो चांदी की कीमत 14,145 रुपये बढ़कर 2,77,175 रुपये हो गई है। कल इसने 2,63,032 रुपये का ऑल टाइम हाई बनाया था। तीन दिन में चांदी 34 हजार रुपये से ज्यादा महंगी हो चुकी है। वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 1,868 रुपये बढ़कर 1,42,152 रुपये के ऑल टाइम हाई पर ओपन हुआ है। कल इसकी कीमत 1,40,482 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। आईबीजेए की सोने की कीमतों में 3 प्रतिशत जीएसटी, मेर्. कंग चार्ज, ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता। इसलिए शहरों के रेट्स इससे अलग होते हैं। इन रेट्स का इस्तेमाल आरबीआई सोवरेन गोल्ड बान्ड के रेट तय करने के लिए करता है। कई बैंक गोल्ड लोन के रेट तय करने के लिए इसे इस्तेमाल करते हैं। पिछले साल यानी 2025 में सोने की कीमत 57,033 रुपये बढ़ी है। 31 दिसम्बर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपये का था, जो 31 दिसम्बर 2025 को 1,33,195 रुपये हो गया। चांदी का भाव भी इस दौरान 1,44,403 रुपये बढ़ा। 31 दिसम्बर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपये थी, जो इस साल के आखिरी दिन 2,30,420 रुपये प्रति किलो हो गई। अमेरिका के ब्याज दर घटाने से डॉलर कमजोर हुआ और सोने की होल्डिंग कास्ट कम हुई, इससे लोग खरीदने लगे। रूस-यूक्रेन जंग और दुनिया में तनाव बढ़ने से निवेशक सोने को सबसे सुरक्षित निवेश मानकर खरीद रहे हैं।

# चावल नरम, गेहूं, चीनी के दाम बढ़े दालों, खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुद्यावार को चावल के औसत भाव गिर गए। गेहूं और चीनी की कीमतों में तेजी रही। वहीं, दालों और खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव देखा गया।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 50 रुपये घटकर 3,814 रुपये प्रति क्विटंल रह गई। गेहूं 22 रुपये महंगा हुआ और 2,885 रुपये प्रति क्विटंल पर पहुंच गया। आटे की कीमत भी 16 रुपये बढ़ गई। दाल.दलहनों में मिलाजुला रुख रहा। चना दाल औसतन 27 रुपये और तुअर दाल तीन रुपये प्रति क्विटंल सस्ती हुई। वहीं, उड़द दाल की कीमत 24 रुपये और मसूर दाल की 16 रुपये प्रति क्विटंल बढ़ गई। मूंग दाल चार रुपये प्रति क्विटंल महंगी हुई।



विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा 21 रिंगिट की गिरावट के साथ 4,043 रिंगिट प्रति टन रह गया। वहीं, मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.63 प्रतिशत चढ़कर 50.53 डॉलर प्रति सैकड़ा पाउंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल की औसत कीमत 73 रुपये और सोया तेल की 14 रुपये प्रति क्विटंल गिर गई। मूंगफली तेल के दाम 104 रुपये और सूरजमुखी तेल के 83 रुपये बढ़े। वनस्पति में 67 रुपये और पाम ऑयल में 51 रुपये प्रति क्विटंल का उछाल आया। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव लगभग गत दिवस के अवसर पर टिके रहे। चीनी भी आठ रुपये प्रति क्विटंल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे : दाल.दलहन : दाल चना 7767.81 रुपये, मसूर काली 8169.67 रुपये, मूंग दाल 10117.83 रुपये, उड़द दाल 10441.82 रुपये, तुअर दाल 10613.64 रुपये प्रति क्विटंल।

अनाज : द्धभाव प्रति क्विटंलऋ गेहूं दड़ा 2885.38 रुपये और चावल 3813.60 रुपये प्रति क्विटंल। आटा द्धगेहूंऋ 3325.26 रुपये प्रति क्विटंल।

चीनी.गुड़ : चीनी एस 4310.57 रुपये और गुड़ 5010.59 रुपये प्रति क्विटंल बोले गए।

# पाटिल ने नमामि गंगा मिशन के तहत की डॉल्फिन बचाव एम्बुलेंस की शुरुआत

**नई दिल्ली।** जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने कहा है कि सरकार नदियों को केवल जलमार्ग के रूप में नहीं, बल्कि जीवन-सहायक पारिस्थितिकी के रूप में संरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है और नदी स्वास्थ्य का सच्चा सूचक जलीय जैव विविधता का फलना-फूलना है।

पाटिल ने बुधवार को उत्तराखंड के देहरादून में भारतीय वन्यजीव संस्थान में नमामि गंगा मिशन के तहत कई महत्वपूर्ण पहलों का उद्घाटन किया। उन्होंने गंगा नदी में जैव विविधता संरक्षण के राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन परियोजना के परिणामों पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि भारत अब न केवल अपनी नदियों को साफ करने बल्कि उनकी जैव विविधता, जलीय जीवन और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए भी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहा है। यह सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं कि आने वाली पीढ़ियां को एक स्वस्थ, संतुलित और जीवनदाई नदी प्रणाली विरासत में मिले। केंद्रीय मंत्री ने इस दौरान डॉल्फिन रेस्क्यू एम्बुलेंस का उद्घाटन भी किया और कहा कि इससे डॉल्फिन संरक्षण के लिए जारी प्रयासों को और मजबूती मिलेगी। यह एम्बुलेंस गंगा डॉल्फिनों के लिए शीघ्र, संवेदनशील और वैज्ञानिक रूप से सुसज्जित जीवन रक्षक सहायता प्रदान करेगी। डॉल्फिन नदी के स्वास्थ्य का एक संवेदनशील संकेतक है और एम्बुलेंस डॉल्फिन संरक्षण और बचाव का एक बड़ा प्रयास है। पाटिल ने इस दौरान वर्ल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के शोधकर्ताओं और एमएससी छात्रों से भी बातचीत की। नमामि गंगा कार्यक्रम के तत्वावधान में संस्थान ने मीठे जल के संरक्षण में दो वर्षीय स्नातकोत्तर कार्यक्रम शुरू किया है। इसमें छात्रों को विज्ञान, क्षेत्र कार्य और नीतिगत अध्ययनों के माध्यम से भारत की नदियों, आर्द्रभूमि और मीठे जल के पारिस्थितिकी तंत्र को समझने और संरक्षित करने का प्रशिक्षण दिया जाता है।

### भाजपा ने केरल सरकार पर 'हिंदू विरोधी' होने का लगाया आरोप

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने बुधवार को केरल की वामपंथी सरकार पर 'हिंदू विरोधी होने का आरोप लगाया। यह आरोप केरल के राजस्व अधिकारियों द्वारा तिरुनावाया में आगामी 'महा माघ' उत्सव के लिए एक अस्थाई पुल के निर्माण को रोकने का आदेश जारी करने के बाद लगाया गया है। पूनावाला ने कहा कि उत्सव के लिए आवश्यक पुल के काम को रोकना इस आयोजन को जानबूझकर बाधित करने की एक कोशिश है।

# भाजपा ने राहुल के अस्मिता के आरोप को तथ्यों से परे बताया

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तमिल आवाज दबाने के आरोप को सिरे से नकारते हुए इसे तथ्यहीन और बेबुनियाद करार दिया। भाजपा प्रवक्ता गुरु प्रकाश पासवान ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए गांधी के बयान को शर्मनाक बताते हुए इसे तर्कहीन और वास्तविकता से परे कहा। पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 11 वर्षों में तमिल भाषा, संस्कृति और अस्मिता के प्रति जिस स्तर की संवेदनशीलता और सम्मान दिखाया है, वैसा भारत के इतिहास में पहले कभी देखने को नहीं मिला। उन्होंने कहा कि यह पहली बार हुआ है जब तमिल भाषा और तमिल संस्कृति को न केवल देश के भीतर, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भी गौरव और सम्मान के साथ प्रस्तुत किया गया है। पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने वैश्विक मंचों पर तमिल भाषा, तमिल साहित्य और तमिल विरासत की पहचान को सशक्त रूप से आगे बढ़ाया है।

# सरकार ने शुरू कर दी है अरावली ग्रीन वॉल परियोजना: भूपेंद्र यादव

नई दिल्ली, वार्ता



■ इस पहल के तहत अरावली क्षेत्र में बेकार भूमि की पहचान की गई

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा है कि सरकार ने संयुक्त राष्ट्र मरुस्थलीकरण रोकथाम (यूएनसीसीडी) सम्मेलन के तहत भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए अरावली ग्रीन वॉल परियोजना शुरू की है। यादव ने बुधवार को यहां कहा कि इस पहल के तहत, अरावली क्षेत्र में बेकार भूमि की पहचान की गई है।

इस काम में 29 अरावली जिलों के प्रभागीय वन अधिकारी शुष्क और अर्ध-शुष्क परिस्थितियों के अनुकूल देशी प्रजातियों के वृक्षारोपण परियोजना को कार्यान्वित कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर बुधवार को एक पोस्ट में कहा कि आज दिल्ली में संकला फाउंडेशन द्वारा आयोजित अरावली परिदृश्य के पारिस्थितिक पुनर्स्थापन पर राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर संकला फाउंडेशन द्वारा बनाई गई 'इको-रिस्टोरेशन ऑफ द अरावली लैंडस्केप' रिपोर्ट का विमोचन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में हम 'अरावली ग्रीन वाल' प्रोजेक्ट पर पूरी संकल्पशक्ति से काम कर रहे हैं। अरावली ग्रीन वॉल परियोजना के तहत क्षेत्र में 64.5 लाख हेक्टेयर बेकार भूमि की पहचान की गई है, जिनमें से गुजरात, दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान में 27 लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में हरितकरण का कार्य शुरू किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि अरावली की 97 वर्ग किलोमीटर राजस्व भूमि हरियाणा में नौरंगपुर से नूंह तक फैली है और यह बेकार हो चुकी है, जिसकी वनीकरण के लिए पहचान की गई है और बेहतर सुरक्षा प्रबंधन के लिए इसे हरियाणा सरकार ने संरक्षित वन भी घोषित कर दिया है। यादव ने इसे अरावली की रक्षा और संवर्धन के लिए आजादी के बाद का एक प्रमुख नीतिगत हस्तक्षेप बताया और कहा कि मोदी के दृष्टिकोण और हरियाणा के तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के सक्रिय समर्थन से यह संभव हुआ है। इस क्षेत्र के पारिस्थितिकी और ऐतिहा. सिक महत्व का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि अरावली देश की सबसे पुरानी पर्वत श्रृंखला है और इसने हजारों वर्षों से मानव सभ्यता को आश्रय दिया है।

# लखनऊ मेट्रो ने लोगों को आगाह किया

## कहा: ट्रैक के पास पतंगबाजी से बचें, चीइनीज मांझा बन सकता है बड़ा खतरा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मकर संक्रांति के मौके पर होने वाली पतंगबाजी के बढ़ने के बीच लखनऊ मेट्रो ने आमजन से अपील की है कि मेट्रो कॉरिडोर, ट्रैक के आसपास पतंग न उड़ाएं। मेट्रो प्रशासन का कहना है कि पहले भी पतंगबाजी के कारण मेट्रो संचालन प्रभावित हुआ है, जिससे यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ी।

लखनऊ मेट्रो ने कहा कि चीनी मांझा और धातुयुक्त धागा बिजली का सुचालक होता है। इससे शॉर्ट सर्किट हो सकता है, जो न सिपर्फ लोगों की जान-माल के लिए खतरा बनता है, बल्कि मेट्रो की ओवरहेड इलेक्ट्रिपिफकेशन (ओएचई) प्रणाली को भी गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है। अधिकारियों ने बताया कि यदि धातुयुक्त धागा ओएचई लाइन में पफंस जाए तो ट्रिपिग की स्थिति बनती है, जिसके चलते बिजली आपूर्ति बाधित हो सकती है और मेट्रो सेवाएं रोकनी पड़ सकती हैं। कई मामलों में पतंग उड़ाने वाले लोग भी घायल हुए हैं।

मेट्रो ने चेतावनी दी है कि नियमों के तहत मेट्रो संपत्ति को नुकसान पहुंचाने पर मेट्रो रेलवे अधिनियम 2002 की धारा 78 के अंतर्गत कार्रवाई की जा सकती है। इसमें 10 साल तक की सजा का प्रावधान है। लखनऊ मेट्रो ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि चीनी मांझा या तांबे के तार का प्रयोग न करें और मेट्रो कॉरिडोर के पास पतंग उड़ाने से परहेज करें, ताकि यात्रियों की सुरक्षा बनी रहे और मेट्रो संचालन बिना रुकावट जारी रहे।

### सोनभद्र में चार थाना प्रभारी लाइन हाजिर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में पुलिस अधीक्षक ने कर्तव्यों में लापरवाही पर सख्त कार्रवाई करते हुए चार थाना प्रभारियों को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर किया है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने कहा कि कर्तव्यों के निर्वहन में अपेक्षित सतर्कता एवं कार्यप्रणाली में पाई गई कमियों को गंभीरता से लेते हुए सख्त प्रशासनिक कार्रवाई की गई है। थाना प्रभारी रॉबर्ट्सगंज माधव सिंह, थाना प्रभारी विढमगंज चन्द्रशेखर सिंह, थाना प्रभारी बभनी कमलेश कुमार पाल तथा थाना प्रभारी शाहगंज राजेश सरोज को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर किया गया है। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र ने स्पष्ट किया कि कर्तव्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही, शिथिलता अथवा उदासीनता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# फिरोजाबाद में विवाहिता की पीट-पीटकर हत्या, पति गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** उत्तरप्रदेश के फिरोजाबाद जनपद के थाना नगला सिघी क्षेत्रा में एक विवाहिता की पीट पीट कर हत्या का मामला सामने आया है। मृतका के पिता की शिकायत पर पुलिस ने बुधवार को दहेज हत्या का मामला दर्ज कर पति को हिरासत में लिया, वहीं ससुराल के अन्य लोग पफरार हैं।

पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। थाना नगला सिधी के गांव बझेरा निवासी हरि गोपाल की पत्नी अनीता देवी (32 वर्ष) की आज संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। अनीता की मौत की जानक. ारी मिलने पर उसके पिता चंदन सिंह वेटी की ससुराल पहुंचे। तब तक ससुराल के अन्य लोग पफरार हो चुके थे। विवाहिता की मौत की जानकारी मिलने पर थाना पुलिस भी पहुंच गई। मृतका के पिता ने पुलिस को बताया कि उन्होंने अपनी बेटी की यह दूसरी शादी पांच वर्ष पहले हरि गोपाल के साथ की थी क्योंकि उसका पहला पति करंट लगने से मर गया था। ससुराल के लोग उनकी बेटी से दहेज के लिए मारपीट करते थे। उन्होंने पहले कई बार समझाने का प्रयास किया था। मृतका के दो बेटियां हैं। चंदन सिंह का आरोप है कि ससुराल वालों ने मिलकर उनकी बेटी की हत्या की है। पुलिस ने संबंधित शिकायत पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करते हुए पति को हिरासत में लिया जबकि अन्य परिवार वाले पफरार हैं। थाना प्रभारी पारुल मिश्रा ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर संबंधित मामले में कर्रवाई की जाएगी। वहीं पिफरोजाबाद जनपद में थाना रामगढ़ पुलिस टीम ने मंगलवार रात में मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए चोर गिरोह के एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया, जिसके पास से चोरी का सामान बरामद किया गया। गिरोह के अन्य लोगों की तलाश पुलिस द्वारा जारी है। थाना रामगढ़ के प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार दुबे ने बुधवार को कहा कि मंगलवार रात क्षेत्रा में संदिग्ध बदमाश के होने की जानक. ारी मिली थी। पुलिस टीम ने लाल. पुर मंडी के समीप मौके पर पहुंचकर बदमाश को पकड़ने का प्रयास किया तो बदमाश के द्वारा पुलिस टीम पर पफायरिंग कर दी गई।

# बहराइच के मटेरा विधानसभा में जन जागरण चौपाल का आयोजन

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के सांसद आनंद गौड के नेतृत्व में बुधवार को जनपद के मटेरा विधानसभा में एक जन जागरण चौपाल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।

मटेरा इलाके में स्थित ग्राम पंचायत बडगांवा में आयोजित इस चौपाल का उद्देश्य ष्विकसित भारत-जी रामष् के तहत 125 दिन ग्रामीण रोजगार की नई गारंटी पर जानकारी देना था। कार्यक्रम का शुभारंभ पं- दीनदयाल उपाध्याय एवं डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रा पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर सांसद आनंद गौड ने चौपाल में आए ग्रामीणों को केंद्र सरकार की ओर से चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं, ग्रामीण रोजगार सृजन, गरीब एवं वंचित वर्ग के उत्थान तथा आत्मनिर्भर और विकसित भारत के संकल्प पर प्रकाश डाला। सांसद ने किसानों, गरीबों और वंचितों के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी और ग्रामीणों को उनके लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्राम प्रधान और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# नमो शक्ति रथ का शुभारंभ, स्तन कैंसर की समय पर पहचान के लिए ऐतिहासिक पहल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**वाराणसी।** वाराणसी में महिलाओं में स्तन कैंसर की समय पर पहचान करने एवं निवारक देखभाल उद्देश्यों के लिए 'नमो शक्ति रथ' का शुभारंभ बुधवार को मंडलायुक्त सभागार से किया गया। यह पहल प्रधानमंत्री के 'स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार' दृष्टिकोण से प्रेरित है तथा महिला-केंद्रित निवारक स्वास्थ्य सेवा को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद डा. कार्तिकेय शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या, मंडलायुक्त एस- राजलिगम, जिलाधिकारी सतएंद्र कुमार, मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. राजेश प्रसाद एवं स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। डा. कार्तिकेय शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से वाराणसी में महिलाओं में स्तन कैंसर की स्क्रीनिग का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अत्याधुनिक तकनीक से लैस ष्नमो शक्ति रथष् का संचालन एक ऐतिहासिक पहल है। विकसित भारत की संकल्पना स्वस्थ परिवार से ही संभव है और स्वस्थ परिवार बिना स्वस्थ महिला के संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रतिवर्ष लगभग नौ लाख लोगों की मौत कैंसर से होती है जिसमें स्तन कैंसर से प्रभावित महिलाओं की संख्या बहुत अधिक है। इसलिए 18 वर्ष से अधिक उम्र की सभी महिलाओं की स्तन कैंसर स्क्रीनिग अत्यंत आवश्यक है। श्री शर्मा ने आगे कहा कि आईटीवी पफाउंडेशन की ओर से वाराणसी के लिए 20 'नमो शक्ति रथ' (वैन) उपलब्ध कराई गई हैं, जिनमें से नौ वैन ग्रामीण क्षेत्राों में तथा 11 वैन शहरी क्षेत्राों में संचालित की जाएंगी। इनके माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्राों की महिलाओं तक सीधी पहुंच बनाकर उनकी स्क्रीनिग की जाएगी। आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के सहयोग से महिलाओं को पूर्व सूचना देकर जांच के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसका उद्देश्य अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से सामुदायिक स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाना है। 'नमो शक्ति रथ' इसी दिशा में एक ठोस प्रयास है, जिससे महिलाओं को सम्मान, गरिमा और समान अवसर के साथ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी। इस पहल से न केवल कैंसर की समय पर पहचान संभव होगी बल्कि महिलाओं में स्वास्थ्य जागरूकता भी बढ़ेगी। यह कार्यक्रम वाराणसी जनपद में महिला-केंद्रित निवारक स्वास्थ्य सेवा का एक नया अध्याय जोड़ेगा। मंडलायुक्त एस- राजलिगम ने कहा कि आधी जनसंख्या महिलाओं की है। जीवनशैली में आए परिवर्तन के कारण कैंसर जैसी बीमारियां बढ़ रही हैं। ष्नमो शक्ति रथष् में स्तन कैंसर स्क्रीनिग के लिए ऐसी मशीनें लगाई गई हैं, जो बिना दर्द या शारीरिक संपर्क के शुरुआती वैस्कुलर बदलावों की पहचान करने में सक्षम हैं। उन्होंने सभी से अपील की कि अपने घर की महिलाओं सहित अधिक से अधिक लोगों को इस बीमारी की जानकारी और स्क्रीनिग के लिए प्रेरित करें। जिलाधिकारी सतएंद्र कुमार ने कहा कि अत्याधुनिक तकनीक से लैस इन 'नमो शक्ति रथ' के माध्यम से महिलाओं को निष्शुल्क स्तन कैंसर स्क्रीनिग की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। ए रथ निर्धारित तिथियों पर ग्रामीण क्षेत्राों में ग्राम सभाओं तथा नगरीय क्षेत्राों में वार्डों में जाएंगे, जहां महिलाओं की जांच की जाएगी।

# 'जीवन के अंतिम चरण की देखभाल' के लिए एसजीपीजीआई ने तैयार की एसओपी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** 'जीवन के अंतिम चरण की देखभाल' को लेकर संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआईएमएस) के क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग ने एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार की है।

जिसको प्रदेश भर के स्वास्थ्य विशेषज्ञों से साझा करने के लिए 16 जनवरी को जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यशाला हाइब्रिड मोड (ऑनलाइन व ऑफलाइन) में होगी। एसजीपीजीआईएमएस के अनुसार, आईसीयू में भर्ती कुछ मरीज असाध्य बीमारियों से ग्रसित होते हैं। ऐसे मामलों में चिकित्सकों के सामने यह प्रश्न होता है कि क्या जीवन रक्षक उपचार जारी रखना मरीज के कष्ट को बढ़ा रहा है या केवल सांत्वना आधारित देखभाल पर विचार किया जाना चाहिए। इसी के साथ यह मुद्दा भी महत्वपूर्ण है कि क्या कानूनी रूप से जीवन रक्षक उपचार को रोकने या बंद करने की अनुमति है। संस्थान के अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि 2011 में उच्चतम न्यायालय ने निष्क्रिय इच्छामृत्यु को वैध ठहराने के लिए दिशा-निर्देश जारी किया था। इसके बाद 2018 में गरिमापूर्ण मृत्यु के अधिकार को मौलिक अधिकार माना गया लेकिन उस समय जीवन रक्षक उपचार बंद करने के लिए न्यायिक स्वीकृति की प्रक्रिया जटिल होने के कारण यह व्यावहारिक रूप से कठिन थी। अधिकारियों के अनुसार, जनवरी 2023 में शीर्ष अदालत ने अग्रिम चिकित्सा निर्देश (एडवांस मेडिकल डायरेक्टिव) और जीवन रक्षक उपचार रोकने/बंद करने को कानूनी मान्यता देते हुए प्रक्रिया को सरल किया है। इसके बाद स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने तकनीकी संसाधन समूह गठित कर दिशा-निर्देशों का मसौदा तैयार किया जिसे 2024 के मध्य में वेबसाइट पर जनता की राय के लिए प्रकाशित किया गया। नई प्रक्रिया के तहत प्राथमिक स्तर पर डॉक्टरों का मेडिकल बोर्ड उपचार की निरर्थकता प्रमाणित करेगा, फिर परिवार की सहमति ली जाएगी। इसके बाद द्वितीयक मेडिकल बोर्ड, जिसमें सीएमओ कार्यालय से नामित सदस्य शामिल होगा, अंतिम पुष्टि करेगा। आवश्यक दस्तावेजीकरण और न्यायिक मजिस्ट्रेट को सूचना भेजने के बाद जीवन रक्षक उपचार बंद किया जा सकेगा। एसजीपीजीआईएमएस ने बताया कि संस्थान ने 'जीवन के अंतिम चरण की देखभाल' के कार्यान्वयन के लिए मानक संच. ालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार की है।

### पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**कौशांबी।** कौशांबी जिले के संदीपन घाट थाना पुलिस ने बुधवार को नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार का जेल भेज दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, चार जनवरी को पीड़िता की मां ने थाना में सूचना दी थी कि सुजीत कुमार ने उनकी नाबालिग पुत्री को शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर भगा ले गया है तथा उसके साथ दुष्कर्म किया है और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी है। इसी क्रम में बुधवार को थाना संदीपन घाट पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना के आधार पर वांछित अभियुक्त सुजीत कुमार पुत्र हीरा लाल निवासी बसावनपुर थाना संदीपनघाट जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# मकर संक्रांति पर ओपीडी में नहीं देखे जाएंगे नए मरीज, आदेश जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में मकर संक्रांति पर नए मरीजों का न तो रजिस्ट्रेशन होगा और न ही ओपीडी में उनका उपचार किया जाएगा। केवल उन मरीजों को ओपीडी में देखा जाएगा जिन मरीजों की जांच अथवा ऑपरेशन के लिए तिथियां तय हैं,

उनकी सेवाएं पूर्व निर्धारित व्यवस्था के अनुसार जारी रहेंगी। संस्थान के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक प्रो- देवेंद्र गुप्ता ने बुधवार को आदेश जारी करते हुए कहा कि मकर संक्रांति के अवसर पर घोषित निर्बन्धित अवकाश की तिथि में बदलाव किया गया है। कार्यालय आदेश के अनुसार अब 14 जनवरी की बजाय 15 जनवरी को अवकाश रहेगा। आदेश में बताया गया है कि उत्तर प्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन अनुभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति के क्रम में संस्थान की अवकाश सूची में संशोधन करते हुए यह निर्णय लिया गया है।

इसके तहत आज घोषित निर्बन्धित अवकाश को संस्थान में लागू नहीं माना जाएगा और उसके स्थान पर गुरुवार को अवकाश घोषित किया गया है। संस्थान प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि अवकाश के दिन नियमित नवीन पंजीकरण (न्यू रजिस्ट्रेशन) नहीं होगा। वहीं जिन मरीजों को पहले से ओपीडी में दिखाने, जांच अथवा ऑपरेशन के लिए तिथियां तय हैं, उनकी सेवाएं पूर्व निर्धारित व्यवस्था के अनुसार जारी रहेंगी।

इसके अलावा सैम्पल कलेक्शन बंद रहेगा, जबकि 24 घंटे लैब एवं आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं निर्बाध रूप से चालू रहेंगी।

# स्नान करने वाले श्रद्धालु हमारे अतिथि: प्रयागराज पुलिस आयुक्त

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के पुलिस आयुक्त जोगेंद्र कुमार ने गुरुवार को कहा कि स्नान करने वाला हर श्रद्धांलू हमारे अतिथि हैं और उसका सम्मान करना हमारा कर्तव्य हैं।

प्रयागराज के माघ मेले मे मकर संक्रांति और मौनी अमावस्या दोनों ही बघ्े स्नान पर्व हैं लिहाघ इसमें करोघें श्रद्धांलू आएंगे सकुशल स्नान सम्पन्न कराने के लिए पुलिस आयुक्त जोगेंद्र कुमार और अतरिक्त पुलिस आयुक्त अजय पाल शर्मा नें कोई कोर कसर नही छोड़ी हैं। दोनों पुलिस अधिकारियों नें माघ मेले के सभी घेन मे तैनात सहायक पुलिस उपायुक्त और थानेदार एवं अन्य पुलिस कर्मियों घे ड्यूटी की जानकारी दी। पुलिस आयुक्त नें सभी को आगाह किया की ड्यूटी जगह छोड़ कर कोई भी न हटे मोबाइल के बजाए सेट पर सक्रिय रहें, सभी रुट का बारीकी से अध्ययन करें ताकि श्रद्धांलुओं घे सही जानकारी दे सके। बैठक मे पुलिस आयुक्त का सबसे घ्यादा घेर पुलिस कर्मियों के व्यवहार को लेकर रहा। उन्होंने पुलिस कर्मियों घे समझाया की मां गंगा की आस्था में लोग दूर-दूर से परेशानिया झेल कर आते हैं। ऐसे मे पुलिस अगर मेला क्षेत्रा मे उनके साथ सौम्य एवं सुलभ व्यवहार करती हैं तो वो इसे कभी नही भूलेंगे। पुलिस आयुक्त नें स्पष्ट कहा की प्रायगराज के माघ मेले मे आने वाला हर श्रद्धांलू हमारा अतिथि हैं।

# फिरोजाबाद के 'पसीना वाले हनुमान मंदिर' का होगा सौंदर्यीकरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार ने जनपद फिरोजाबाद में स्थित प्रसिद्ध पसीना वाले हनुमान मंदिर को धार्मिक पर्यटन के बड़े केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में अहम कदम उठाया है। पर्यटन विभाग ने मंदिर के समग्र विकास और सौंदर्यीकरण के लिए एक करोड़ रुपये की कार्ययोजना को मंजूरी प्रदान की है।

प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बुधवार को कहा कि लगभग 2000 वर्ष पुराने इस ऐतिहासिक मंदिर के विकास से फिरोजाबाद धार्मिक पर्यटन के मानचित्र पर और अधिक मजबूती से उभरेगा। यह मंदिर फिरोजाबाद मुख्यालय से कुछ दूरी पर यमुना नदी के तट पर स्थित है और श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र माना जाता है।

पर्यटन विभाग की योजना के अनुसार मंदिर परिसर में आधुनिक प्रकाश व्यवस्था, पर्यटक सूचना केंद्र, स्वच्छ शौचालय, पेयजल सुविधा तथा श्रद्धालुओं के लिए विश्राम स्थल जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इसके साथ ही मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण कर इसे और अधिक आकर्षक बनाया जाएगा। मंदिर की सबसे खास पहचान यहां स्थापित हनुमान प्रतिमा से साल भर पसीना निकलने की मान्यता है। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि प्रतिमा पर पसीने की बूंदें किसी चमत्कारी संकेत की तरह प्रकट होती हैं।

इसी कारण यहां दूर-दूर से लोग दर्शन के लिए पहुंचते हैं। उन्होंने बताया कि फिरोजाबाद पर्यटन की दृष्टि से तेजी से आगे बढ़ रहा है। वर्ष 2023 में 4.44 लाख, वर्ष 2024 में 6.48 लाख से अधिक पर्यटक जिले में पहुंचे। वहीं 2025 के जनवरी से जून तक ही 4.06 लाख से अधिक पर्यटक फिरोजाबाद घूमने आए हैं। अनुमान है कि 2025 के अंत तक पर्यटकों की संख्या सात लाख के पार गई है। उन्होंने कहा कि फिरोजाबाद अब सिर्फ कांच उद्योग तक सीमित नहीं है, बल्कि यह धार्मिक, ऐतिहासिक और ईको-टूरिज्म के रूप में भी अपनी अलग पहचान बना रहा है। जिले में जैन मंदिर, वैष्णो देवी मंदिर, माता टीला मंदिर जैसे आस्था केंद्रों के साथ-साथ कोटला किला, चंदवार गेट और फिरोजशाह का मकबरा जैसी ऐतिहासिक धरोहरें पर्यटकों को आकर्षित कर रही हैं। वहीं रपड़ी ईको स्पॉट और रूरिया स्वरूपपुर को भी ईको पर्यटन के रूप में विकसित किया गया है।

# क्रूज से गंगा में मल गिराने मामले में संचालक पर जुर्माना, नोटिस जारी

**वाराणसी।** वाराणसी में इन दिनों एक क्रूज से गंगा में मल गिराने का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इस मामले में क्रूज संचालक पर पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। साथ ही प्रदूषण नियंत्राण विभाग ने संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

जांच कमेटी की रिपोर्ट जिलाधिकारी सतएंद्र कुमार को सौंप दी गई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि घटना के समय क्रूज मेंटेनेंस के लिए रविदास घाट के पास खड़ा था। सापफ-सपफाई के दौरान सीवेज टैंक और सेप्टिक टैंक की सपफाई की जा चुकी थी। उसी दौरान संभवतघ् किसी कर्मचारी ने शौचालय का प्रयोग किया, जिससे मल इमरजेंसी वाल्व के जरिए टैंक में न जाकर सीधे बाहर गिर गया। वायरल वीडियो में क्रूज रविदास घाट के निकट दिखाई दे रहा है। प्रशासन के अनुसार, जुर्माने के अलावा संचालक को दूसरा एक अतिरिक्त टैंक लगाने का निर्देश दिया गया है,

ताकि भविष्य में इमरजेंसी वाल्व खुलने पर भी मल गंगा में न गिरे। मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने तुरंत जांच कमेटी गठित की थी।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# जौनपुर में चाइनीज मांझे से गला कटने से डॉक्टर की मौत

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में लाइन बाजार थाना क्षेत्रा के प्रसाद इंटरनेशनल स्कूल के पास बुधवार को बाइक सवार युवा डीपफार्मा डॉक्टर की चाइनीज मांझे से गला कटने से मौत हो गई। आधिकारिक सूत्राों के अनुसार, जिले में लाइन बाजार थाना क्षेत्रा के प्रसाद इंटरनेशनल स्कूल के पास चौराहे पर कल दिन में लगभग 12-30 बाइक से घर जाते समय केराकत कस्बे के मुहल्ला शेख जादा निवासी डीपफार्मा डॉक्टर समीर हाशमी (25) पुत्रा मुकीम हाशमी की मांझे की चपेट में आने से गला कट गया।

आनन पफानन में एंबुलेंस द्वारा जिला अस्पताल लाया गया जहां डाक्टरों द्वारा देखते मृत घोषित कर दिया गया।

पुलिस शव को कब्जे में लेकर पंचनामा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस घटना से परिजन में शोक व्याप्त है। इससे पहले जिले में कोतवाली थाना क्षेत्रा के गोमती नदी के शास्त्राी ब्रिज पर 11 दिसम्बर 2025 को चाइनीज माझे से गला कटने से प्राइवेट स्कूल के शिक्षक संदीप तिवारी (40) पुत्रा विष्णु दत्त तिवारी निवासी उमरपुर हरिबंधनपुर की मौत हो गई थी। शिक्षक संदीप तिवारी की मौत के बाद जिलाधिकारी डॉक्टर दिनेश चंद्र ने तत्काल प्रभाव से जिले में चायनीज मांझे की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया था और आदेश दिया था कि पुलिस मौके पर जाकर के जांच कर चाइनीज माझा रखने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करें। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ ने इस आदेश के क्रम में तत्काल प्रभावी कार्रवाई कराते हुए जिले के समस्त चाइनीज माझा बेचने वाले दुकानदारों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करते हुए लगभग डेढ़ दर्जन दुक. ानदारों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करा कर उन्हें चायनीज माझे के साथ गिरफ्तार कराकर जेल भेजने का काम किया, इसके बावजूद भी जिले में चाइनीज माझा बेचने की खबर आती रहती है।

# माघ मेले के बाद अधोक्षजानंद महाराज की बांग्लादेश जाने की योजना

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के माघ मेले में आए साधु संतों ने कहा बंगलादेश में हिंदुओं की हो रही हत्या के विरोध में साधु संतों में नाराजगी है। गोवर्धन मठ पुरी पीठाधीश्वर जगुरुशंकराचार्य स्वामी अधोक्षजानंद देवतीर्थ जी महाराज ने भी इस पर कड़ा विरोध जताया है। श्री अधोक्षजानंद महराज ने कहा कि जिस तरह से बंगलादेश में आज हिंदुत्व खतरे में है, इससे हिंदू समाज आक्रोशित है।

अब हिंदुओं को उठने का और खुद को बचाने का समय आ गया है। श्री अधोक्षजानंद महराज ने कहा कि माघ मेले में कल्पवास के बाद हमने बंगलादेश जाने का निर्णय लिया है। स्वत: अपने हिंदु भाईयों से मुलाकात करूंगा और उनका हौसला आपफजाई करूंगा। उन्होंने कहा कि बंगलादेश की सरकारी तंत्रा से वार्ता करूंगा कि हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को किस तरह से रोका जाए। वहां की वर्तमान सरकार अभी तक इसे रोकने में नाकाम साबित हुई है।

इसलिए वहां जल्द से जल्द चुनाव कराने जाने की आवश्यकता है। वहां कुछ शक्तियां हैं जो चुनाव में बाधा डालने का प्रयास कर रही है। लेकिन वहां मौजूदा समय में चुनी हुई सरकार का लाना अति आवश्यक है। श्री अधोक्षजानंद महराज ने कहा कि इसके लिए हमने भारत सरकार को भी पत्रा लिखा है। हमारा पिछले तीन सालों से अखंड भारत का भ्रमण चल रहा है। इसमें भारत के विभिन्न प्रांतों व गांवों में जाकर लोगों को सनातन धर्म के बारे में बताया जा रहा है। इसमें वो देश भी शामिल हैं जो कभी अखंड भारत के अंग थे लेकिन आज अलग देश के रूप में स्थापित हैं।

वहां की प्रजाएं जो वो आज भी सनातन के प्रति, वेदों के प्रति जुड़ी हुई हैं। हम उन्हें जागरूक करने का काम कर रहे हैं।दक्षिण भारत की यात्राा करने के बाद हम सीधे माघ मेले में पहुंचे हैं।

**लोकप्रिय हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स**

**में समाचारों एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिये सम्पर्क करें।**
**नोट: इच्छुक पत्रकार-शाह टाइम्स में विज्ञापन प्रतिनिधि एवं संवाददाता के रूप में कार्य करने के लिए संपर्क करें।**
**मौहम्मद जान तुर्की,**
**ब्यूरो चीफ लखनऊ**

कार्यालय: 21, शाह टावर, स्टेशन रोड लखनऊ, उ0प्र0।
**Mob. 8630533498**
E-mail: shahtimeslko313@rediffmail.com

# रेलवे ट्रैक व नहर में मिले दो युवकों के शव

**शाह टाइम्स ब्यूरो,**

**मण्डी धनौरा।** थाना क्षेत्र में बुधवार को दो अलग-अलग स्थानों से युवक के शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। सुबह रेलवे ट्रैक पर टिंकू पुत्र हरनाम सिंह का शव बरामद हुआ और शाम को रामगंगा पोषक नहर में अज्ञात युवक का शव मिला। दोनों घटनाओं ने स्थानीय लोगों के बीच डर और चिंता का माहौल बना दिया।

सुबह की सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ रेलवे ट्रैक पर पहुंचे। मृतक टिंकू का शव मौके पर पड़ा मिला और शरीर पर चोट के निशान भी देखे गए। प्रथम दृष्टया पुलिस युवक की मौत ट्रेन की चपेट में आने से होने की संभावना पर गौर कर रही है। शव का

### पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों का कब्जे में लिया

पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। वहीं दूसरी घटना गांव पालनपुर के पास बहती रामगंगा पोषक नहर की है। शाम को ग्रामीणों ने नहर में शीशम के पेड़ से अज्ञात युवक का शव लगा देखा। ग्रामीणों की सूचना पर थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। शिनाख्त के प्रयास किए गए, आसपास के थानों और गांवों में भी सूचना देकर नहर से बरामद मृतक युवक की पहचान कराने का प्रयास किया गया। इस मामले में यह जानकारी समने आ रही है कि थानान्तर्गत ग्राम जाजरू का बाईस वर्षीय मौनीस पुत्र रईस खां छह जनवरी को सुबह सात बजे घर वालों से किसी बात पर नाराज हो कर चला गया था, काफी तलाशने पर भी जब नहीं मिला तब परिजनों ने नौगांवा सादात थाने में दस जनवरी को गुमशुदगी दर्ज कराई। धनौरा रामगंगा पोषक नहर से बरामद युवक का शव मौनीस का माना जा रहा है। वहीं पुलिस ने नहर से मिले युवक के शव को भी पंचनामा आदि भरकर पोस्टमार्टम हाउस के लिए भेज दिया है। समाचार लिखे जाने तक मौनीस के परिजन थाने पहुंच रहे थे। प्रभारी निरीक्षक बालेन्द्र ने बताया कि रेलवे ट्रेक एवं नहर से दो युवकों के शव मिले हैं। ट्रेक पर मिले शव की ट्रेन की चपेट में आकर मौत होने की संभावना जताई जा रही है।



धनौरा। रेलवे ट्रेक पर मिले शव को कब्जे में लेती पुलिस।

# पालिकाध्यक्ष पति का किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** गजरौला शहर को अतिक्रमण मुक्त करवाने एवं बंदर पकड़वाने के लिए नागरिकों ने पालिकाध्यक्ष पति एवं पूर्व विधायक हरपाल सिंह का स्वागत किया।

समाजसेवी तेजवीर सिंह अलूना ने कहा कि, गजरौला पिछले काफी वर्षों से अतिक्रमण से जूझ रहा था, बाहर के लोग सड़कों पर कब्जा करके बाजार लगाकर सड़क अवरुद्ध करते थे, फायर ब्रिगेड सहित कई महत्वपूर्ण जगह का रास्ता भी बंद हो जाता था, जिस स्कूल बस सहित एंबुलेंस और महत्वपूर्ण वहां भी जाम में फंसे रहते थे, सड़क खाली करवांने और अतिक्रमण हटाने के लिए लगातार प्रयास किया। पालिकाध्यक्ष पति एवं पूर्व विधायक हरपाल

### बंदर पकड़वाने व अतिक्रमण हटाने को लेकर की सराहना

सिंह ने भी अतिक्रमण से मुक्ति दिलाने का वादा किया था। गजरौला स्टेशन सहित कई मोहल्लेवासी बंदरों से भी परेशान थे, बंदरों को पकड़ने की मांग भी पिछले काफी समय से की जा रही थी। नागरिकों ने कहा कि पालिका द्वारा बंदरो को पकड़वाने का अभियान चलाया गया तो वहीं अतिक्रमण से भी राहत दिलाने का काम किया गया। नागरिकों ने मुहल्ला विजयनगर पहुंचकर पूर्व विधायक हरपाल सिंह को शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। इस अवसर पर रविंद्र गोयल, भूपेंद्र सिंह, राजवीर सिंह, अंकुर नागर, रेहान अली आदि मौजूद रहे।

# पुलिस विभाग ने कराया गंगा धाम तिगरी में भंडारा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** एकादशी के उपलक्ष्य में गंगा धाम तिगरी में पुलिस विभाग की ओर से एक भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद सहित अन्य पुलिस अधिकारियों सहित स्थानीय नागरिकों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### एकादशी के उपलक्ष्य में हुआ कार्यक्रम



बता दें कि गुरूवार को मकर संक्रान्ति का पर्व है। बुधवार को एकादशी मनाई गई। इस दौरान पुलिस विभाग की ओर से गंगा धाम तिगरी में एक विशाल भंडारा आयोजित किया गया। भंडारे में सैकड़ों की संख्या में स्थानीय ग्रामीणों और श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने परिवार के सदस्यों के साथ भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर मण्डी धनौरा की सीओ अंजलि कटारिया, प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं क्षेत्र में एकादशी का पर्व हर्षोल्लास संग मनाया गया। सुबह में श्रद्धालुओं ने दिनचर्या से निपटने के बाद मंदिरों में विधि विधान संग पूजा की। एकादशी पर दान देने की भी परम्परा है। एकादशी पर स्नान करने के लिए बुधवार तड़के से ही श्रद्धालु बृजघाट व तिगरी धाम पहुंचना शुरू हो गए थे, हालांकि संख्या कम ही रही।

# युवकों ने कार के शीशे तोड़े, चालक से अभद्रता

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के बस्ती रोड पर एक बाइक ने पहले तो कार में टक्कर मार दी, उसके बाद जब कार चालक ने विरोध जताया तो बाइक चालक ने अपने साथियों के साथ बुलाकर गाली गलौच करते हुए कार के शीशे तोड़ दिए। घटना की तहरीर पुलिस को दी गई है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र हसनपुर के सिहाली जागीर निवासी सचिन कुमार पुत्र नेम सिंह द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार बुधवार को वह अपनी स्विफ्ट डिजायर कार से बस्ती रोड की ओर जा रहा था। विशाल

### पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग

मेगा मार्ट के सामने एक युवक ने बाइक से कार में टक्कर मारी। सचिन ने उसका विरोध जताया तो उसने साथियों सहित कार के शीशे तोड़ दिए। घटना के बाद काफी देर तक अफरातफरी की स्थिति बन गई। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी वहां से फरार हो गए। जिसके बाद सचिन कुमार ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने घटनास्थल के पास दुकानों आदि पर लगे सीसीटीवी कैमरे की छानबीन शुरू



कर दी है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि घटना संज्ञान में आई है। तहरीर के आधार पर मामले की छानबीन करके अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। सीसीटीवी फुटेज भी चेक कराई जा रही है।

# छात्र-छात्राओं के साथ मारपीट

## जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने और छेड़छाड़ का भी आरोप, पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** थाना क्षेत्र के एक गांव में स्थित इंटर कॉलेज में प्री बोर्ड परीक्षा देने आई दूसरे विद्यालय की कक्षा दसवीं और बारहवीं के छात्र-छात्राओं ने प्रबंधक, प्रधानाचार्य व स्टॉफ के द्वारा मारपीट, जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर सौंपी है। छात्राओं ने छेड़छाड़ के आरोप भी लगाए हैं। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करके आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिया है। वहीं कॉलेज प्रबंधन ने सभी आरोपों को खारिज किया है।

जानकारी के अनुसार बछरांयूं थाना क्षेत्र के गांव निवासी छात्र-छात्राएं एक स्कूल में पढ़ते हैं। उस विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बच्चों

### पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी

को गजरौला में स्थित एक इंटर कॉलेज में सम्वद्ध करा रखा है। बुधवार को कक्षा दसवीं और बारहवीं की प्री बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने आए थे। आरोप है कि यहां पर प्रबंधक, प्रधानाचार्य व स्टॉफ के द्वारा मारपीट, जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया। उन्हें जमीन पर भी बैठाया। छात्राओं ने छेड़छाड़ का आरोप भी लगाया है। घटना के बाद छात्र-छात्राओं ने अपने परिजनों को सूचित किया, जिसके बाद परिजन पहले कॉलेज पहुंचे और उसके बाद छात्र-छात्राओं को लेकर थाने पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

वहीं इस मामले में विद्यालय के प्रबंधक ने बताया कि आरोप लगाने वाले छात्र-छात्राओं में से एक विद्यार्थी नकल कर रहा था। जब प्रधानाचार्या ने उसे टोका तो उसने नोंकझोंक की। प्रधानाचार्या के समर्थन में एक छात्र और खड़ा हो गया। उस समय तक मामला शांत किया गया मगर बाद में आरोप लगाने वाले छात्रों ने प्रधानाचार्या का समर्थन करने वाले छात्र के साथ रास्ते में रोककर मारपीट की। वह बचने को कॉलेज परिसर में आ गया, तब कॉलेज के स्टॉफ ने मारपीट करने वाले छात्रों को वहां से खदेड़ दिया। इसके बाद उन्होंने अपने परिजनों को कॉलेज में भी बुला लिया। पुलिस को अपना पक्ष बता दिया गया है। लगाए गए आरोप पूरी तरह से निराधार हैं।

# स्टेशन यार्ड की जमीन पर कब्जे का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**मण्डी धनौरा।** मंडी धनौरा रेलवे स्टेशन यार्ड की भूमि पर बाहरी व्यक्तियों द्वारा अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के सीनियर सेक्शन इंजीनियर (कार्य) द्वारा इस संबंध में तहसील प्रशासन को पत्र भेजकर गंभीर स्थिति से अवगत कराया गया है।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार गजरौलाख्रमौजमपुर रेल सेक्शन अंतर्गत मंडी धनौरा रेलवे स्टेशन यार्ड की रेलवे भूमि पर कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर लिया है, जिससे रेलवे संपत्ति को नुकसान पहुंचने की आशंका है। वरिष्ठ खंड अभियंता चांदपुर सियाउ की ओर से तहसील प्रशासन से मांग की गई है कि भूमि का सीमांकन कर स्पष्ट स्थिति सामने लाई जाए। पत्र में

### रेल विभाग ने तहसील से मांगा सीमाकंन

कहा गया है कि यदि तहसील प्रशासन दिशा-निर्देश जारी करे तो रेलवे और राजस्व विभाग आपसी समन्वय से मौके पर सीमांकन कर सकते हैं। इससे रेलवे भूमि की वास्तविक सीमा स्पष्ट होगी और अवैध कब्जों पर प्रभावी कार्रवाई का मार्ग प्रशस्त होगा। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि समय रहते सीमांकन नहीं हुआ तो भविष्य में विवाद और बढ़ सकता है। वहीं, मामला सामने आने के बाद स्थानीय स्तर पर भी हलचल तेज हो गई है। अब तहसील प्रशासन के निर्णय पर सबकी निगाहें टिकी हैं कि कब सीमांकन की प्रक्रिया शुरू होती है और रेलवे भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाता है।

# इंदिरा चौक व खादगूजर तिराहे पर लगा जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** बुधवार के साप्ताहिक बाजार के चलते नगर के इंदिरा चौक और खादगूजर तिराहे पर जाम के हालात बने रहे। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद वाहनों को आगे बढ़ाया। दोपहर से शाम तक वाहन रेंगते नजर आए।

बता दें कि बुधवार के साप्ताहिक बाजार के चलते शहर के इंदिरा चौक और खादगूजर तिराहे पर यातायात का

### बुधबाजार के कारण बढ़ा यातायात का दबाब

दबाब बढ़ जाता है। इस कारण जाम के हालात बन जाते हैं। बुधवार को दोपहर बाद जाम के हालात बनने शुरू हो गए। जाम के कारण वाहनों की कतार फ्लाईओवर तक वहीं दूसरी ओर धनौरा रोड तक पहुंच गई। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद



गजरौला। इंदिरा चौक पर जाम के चलते लगी वाहनों की कतार।

वाहनों को धीरे धीरे आगे बढ़ाया, जिसके बाद वाहनों ने रेंगना प्रारंभ किया। शाम तक यही स्थिति बनी रही। वहीं खादगूजर तिराहे पर भी बुध बाजार के कारण जाम के हालात बने रहे। यहां पर नगर पालिका कर्मचारियों ने ई-रिक्शा को बाजार के भीतर जाने से रोका, ताकि जाम से राहत मिली। क्योंकि ई-रिक्शा चालक वाहन बाजार के अंदर तक ले जाते हैं, जिससे जाम के हालात बन जाते हैं। जाम के कारण लोगों को काफी समस्या का सामना करना पड़ा। बाइक चालकों ने गलियों के रास्तों से निकलकर स्वंय को जाम में फंसने से बचाया।

# पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़कों को तोड़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो,**

**अमरोहा।** नगर पंचायत जोया के सभासदों ने जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन सौंपकर पेयजल योजना के अर्न्तगत पाइपलाइन बिछाने वाले ठेकेदार व कर्मचारियों पर नगर की सड़कों को तोड़कर नुकसान करने का आरोप लगाया है।

बुधवार को जिलाधिकारी कार्यालय में सौंपे गए ज्ञापन में सभासदों का कहना है कि जल

### सभासदों ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपा

निगम के ठेकेदार द्वारा संपूर्ण नगर क्षेत्र में सड़कों को तोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया है, जिससे लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। नगर के वार्ड न0-05 खेड़ा, वार्ड न0-07



पधानोवाला, वार्ड न0-08 इकबा. लनगर प्रथम, वार्ड न0-09 इकबा. लनगर द्वितीय, व वार्ड न0-12 जामा मस्जिद में बड़े पैमाने पर सड़को को तोड़कर पाइप लाइन बिछाने से जहाँ-तहाँ पाइप लाइन लीक हो गई है जिससे नगर क्षेत्र में पानी का संकट हो गया है। जिस क्षेत्र में पानी आ भी रहा है वह भी गन्दा है। दूषित पानी होने के कारण संक्रामक रोग फैलने की आशंका बनी हुई है। ठेकेदार से शिकायत करने पर वह अभद्रता पर उतारू हो जाता है। ज्ञापन सौंपने वालों में मुगीश, इरशद, नसीम, भूरा, दानिश, नसीम आदि सभासद मौजूद रहे।

# मजदूरी न मिलने पर जताया रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** ठेकेदार द्वारा मजदूरी न मिलने पर मजदूर हाइवे स्थित एक फैक्ट्री के सामने एकत्र हुए और रोष जाहिर किया। कड़ाके की ठंड में बुधवार की दोपहर मजदूर हाईवे के किनारे स्थित एक फैक्ट्री के गेट पर जमा हुए। उन्होने कहा कि बीते दो माह से काम कर रहे हैं। ठेकेदार ने रुपये नहीं दिए हैं। मांगने पर ठेकेदार टालमटोल कर रहा है। जिससे मजदूरों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। ठेकेदार ने फोन तक उठाना बंद कर दिया है। फैक्ट्री प्रबंधन से भी ठेकेदार द्वारा मजदूरी ने देने की शिकायत की गई थी लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका है। इस मौके पर सुरेश, रहीस, आकाश, तरन्नुम, पिंटू, संदीप मौजूद रहे।

# अवैध गेस्ट हाउसों की भरमार, प्रशासन हरकत में आया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मंडी धनौरा।** क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित गेस्ट हाउसों, बैंकट हॉल, फार्म हाउस, रिसॉर्ट, होटल व लॉज की बढ़ती संख्या को लेकर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। चांदपुर और अमरोहा मार्ग पर ऐसे संस्थानों की भरमार की खबरों का संज्ञान लेते हुए अपर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी धनौरा और पुलिस क्षेत्राधिकारी धनौरा को संयुक्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

एडीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि क्षेत्र अंतर्गत संचालित सभी गेस्ट हाउस, बैंकट हॉल, फार्म हाउस, रिसॉर्ट, होटल व लॉज का संयुक्त रूप से सघन चेकिंग अभियान चलाया जाए। जांच के दौरान यदि कोई संस्थान बिना वैध अनुमति के

### खबर का असर: शाह टाइम्स ने उठाया था मुददा

संचालित पाया जाता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही एडीएम ने यह भी कहा कि जिन संस्थानों के पास नियमानुसार अनुमति है, यदि वहां अवैध या अनैतिक गतिविधियां प्रकाश में आती हैं तो ऐसे प्रतिष्ठानों के विरुद्ध भी कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने पुलिस व प्रशासन को समन्वय के साथ कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता को नजरअंदाज न किया जा सके। गौरतलब है कि बीते दिनों शाह टाइम्स समाचार पत्र में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया गया था, जिसके बाद प्रशासन ने मामले का संज्ञान लिया है। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध गेस्ट हाउस संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है, जबकि स्थानीय लोगों ने निर्णय का स्वागत करते हुए क्षेत्र में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ होने की उम्मीद जताई है। बता दें कि अभी तहसील क्षेत्र के गजरौला में भी एक अवैध रूप से संचालित गेस्ट हाउस में भी पुलिस प्रशासन ने छापेमारी की थी। यहां से दो जोड़ों को भी पकड़ा गया था, जिन्हें बाद में थाने ले जाकर बालिग होने के कारण घर भेज दिया गया था। गजरौला के लोगों का भी यह आरोप है कि इन गेस्ट हाउस में अनैतिक गतिविधियां की जाती हैं, और इनका सराय एक्ट में पंजीकरण भी नहीं है।

# खतौनी अंश त्रुटि सुधार के लिए गांवों में विशेष अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मंडी धनौरा।** राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशों पर तहसील क्षेत्र के गांवों में खतौनी के खातेदारों एवं सहखातेदारों के गाटों के अंश निर्धारण में हुई त्रुटियों को दूर करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत तहसील मुख्यालय पर तैनात लेखपालों की ग्रामवार रोस्टर के अनुसार ड्यूटी लगाई गई है, ताकि खतौनी में दर्ज गलतियों का समयबद्ध सुधार किया जा सके। निर्देशों के अनुसार सभी लेखपाल

### तहसीलदार ने दिए अधीनस्थों को निर्देश

नियत तिथि पर अपने-अपने गांवों में पहुंचकर भूमि प्रबंधक समिति तथा ग्रामवासियों की उपस्थिति में खतौनी अभिलेखों की जांच करेंगे। जांच के दौरान खातेदारों के गाटों के अंश निर्धारण में हुई त्रुटियों का मौके पर ही परीक्षण कर आवश्यक संशोधन किया जाएगा। तहसीलदार मूसाराम थारू ने बताया कि, लेखपालों द्वारा की गई पूरी कार्यवाही को ग्राम सभा की कार्यवाही रजिस्टर में दर्ज करना अनिवार्य किया गया है, ताकि भविष्य में किसी प्रकार का विवाद न उत्पन्न हो। सभी प्रकरणों की जांच के उपरांत संशोधित विवरण को राजस्व परिषद की वेबसाइट पर उपलब्ध भूलेख खतौनी अंश त्रुटि सुधार पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। इसके बाद प्रकरणों को राजस्व निरीक्षक के माध्यम से तहसीलदार को ऑनलाइन अनुमति के लिए अग्रसारित किया जाएगा। राजस्व निरीक्षक भी निगरानी करेंगे।

# गन्ना नीति पर उठे सवाल, किसान व चीनी मिल दोनों संकट में

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**मंडी धनौरा।** गन्ना किसानों और चीनी मिलों की बिगड़ती स्थिति को लेकर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन ने गहरी चिंता जताई है। संगठन के मंडल महासचिव जोगेंद्र सिंह आर्य ने वेब शुगर मिल मलेशिया, जिला गन्ना अधिकारी और संगठन के संयोजक सरदार बीएम सिंह को पत्र भेजकर वर्तमान गन्ना नीति पर पुनर्विचार की मांग की है।

भेजे गए पत्र में कहा गया है कि किसानों के भरोसेमंद और अधिक उत्पादन देने वाली अर्ली प्रजातियां वर्तमान में उपलब्ध नहीं हैं, जबकि मध्य व देर से पकने वाली सामान्य

### राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन ने जताई चिंता

प्रजातियों के प्रचार-प्रसार की अनदेखी की जा रही है। केवल अधिक रिकवरी के चक्कर में कुछ अर्ली प्रजातियों पर जोर देने से उत्पादन घटा है और चीनी मिलों का पेराई सत्र भी लगातार छोटा होता जा रहा है। जोगेंद्र सिंह आर्य ने आरोप लगाया कि कोल्हू व क्रेशर पर गन्ने का मूल्य चीनी मिलों से अधिक मिल रहा है, जिससे किसान मिलों से दूरी बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि वास्तव में घाटे में चीनी मिल नहीं बल्कि किसान हैं, जो समय से भुगतान न मिलने के कारण कर्ज के दलदल में फंसते जा रहे हैं। विशेष रूप से बजाज ग्रुप की मिलों पर वर्षों से भुगतान में देरी का आरोप लगाते हुए सरकार से हस्तक्षेप की मांग की गई है। उन्होंने सुझाव दिया कि गन्ना नीति में संतुलन बनाते हुए 20 प्रतिशत अर्ली, 60 प्रतिशत सामान्य और 20 प्रतिशत विलंब से पकने वाली प्रजातियों की बुवाई को प्रोत्साहित किया जाए, ताकि उत्पादन बढ़े और चीनी मिलें लंबे समय तक चल सकें। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो गन्ना किसान और चीनी उद्योग दोनों का भविष्य भी पूरी तरह से खतरे में पड़ सकता है।

# बुलेरो की टक्कर से युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** वाहनों के आर्मेचर सही करने का काम करने वाले युवक को तेज रफ्तार बुलेरो कार ने टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव बिजौरा निवासी जितेन्द्र (42) पुत्र विजय सिंह वाहनों के आर्मेचर सही करने का काम करता था। वह काम करके गजरौला से अपने गांव के लिए एक टैम्पू में बैठा। टैम्पू से उतरकर गांव के लिए सड़क पार कर रहा था कि तभी एक तेज रफ्तार बुलेरो कार ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में जितेन्द्र की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# बीएलओ और सुपरवाइजर को वोटर नोटिस व फॉर्म 6 की ट्रेनिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**धनौरा।** ब्लॉक परिसर स्थित शहीद भगत सिंह सभागार में बुधवार को ब्लॉक क्षेत्र के बीएलओ और सुपरवाइजर की विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। इस दौरान उन्हें एसआईआर नो मैपिंग, वोटर को दिए जाने वाले नोटिस और फॉर्म 6 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने बताया कि चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता और सटीकता बनाए रखना सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हर मतदाता तक सही जानकारी पहुंचना जरूरी है और फॉर्म 6 को सही तरीके से भरना मतदान प्रक्रिया में जनता का भरोसा बढ़ाता है।




कार्यशाला में तहसीलदार मूसाराम थारू, लेखपाल संघ के अध्यक्ष विकास यादव, बीआरसी गौरव शर्मा और सभी बीएलओ व सुपरवाइजर उपस्थित रहे। एसडीएम ने सभी अधिकारियों से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में मतदाता सूची की सटीकता सुनिश्चित करें और समय पर नोटिस तथा फॉर्म जनता तक पहुंचाएं। उन्होंने यह भी कहा कि सतत निरीक्षण और सही जानकारी से ही मतदान प्रक्रिया में विश्वास और जवाबदेही बनी रहती है।

# आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरा बन गए हैं डोभाल दें इस्तीफा: शाहनवाज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** देश की सीमाओं की रक्षा करने में पूरी तरह विफल देश के सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल खुद देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरा बन गए हैं। उनकी भाषा युवाओं को दंगाई बनाने वाली है।

उन्हें पद से तत्काल इस्तीफा दे देना चाहिए या सरकार को उन्हें पद से हटा देना चाहिए। ये बातें कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव शाहनवाज आलम ने शाह टाइम्स को भेजें बयान में कही है शाहनवाज आलम ने कहा कि अजीत डोभाल ने पिछले दिनों बच्चों को मध्ययुग की काल्पनिक हिंदू उत्पीड़न की कहानियाँ सुनायीं और उन्हें 'बदला' लेने को उकसाया। जबकि सच्चाई यह है कि ट्रम्प रोज मोदी जी के डरपोक होने का फायदा उठाकर भारत को अपमानित कर रहे हैं।ट्रम्प से मिलने के लिए मोदी जी को बिचौलियों को सिफारिश करवानी पड़ रही है जबकि इंदिरा गांधी से अमरीकी राष्ट्रपति सम्मान से बात करते थे और राजीव गांधी का स्वागत करने अमरीकी राष्ट्रपति छाता लेकर आते थे. उनके प्रति यह सम्मान उनके व्यक्तित्व के साथ-साथ भारत के प्रति दिखाया गया सम्मान होता था क्योंकि उन्हें इंदिरा और राजीव जी की लोकप्रियता और साहस का भी अंदाजा था. वहीं दूसरी ओर ट्रम्प मोदी जी का अपमान इसलिए करते हैं कि उन्हें पता है कि मोदी चुनावी धांधली से वोट चुरा कर पीएम बने हैं। इनके पीछे जनमत की ताकत नहीं है। उन्होंने कहा कि आरएसएस से जुड़े बच्चों के सामने डोभाल को अपने भाषण में मजबूरी में भगत सिंह का नाम लेना पड़ा क्योंकि आरएसएस के पास एक भी स्वतंत्रता सेनानी नहीं हैं ।लेकिन डोभाल यह भूल गए कि भगत सिंह ने मुगलों को भारत को सोने की चिड़िया बनाने का श्रेय दिया था। शाहनवाज आलम ने कहा कि देश के युवाओं को अंग्रेजों की मुखबिरी करने वाले, उनसे पेंशन लेने वाले लोगों और संगठनों से बदला लेना है और युवा इसके लिए मन बना चुके हैं। शाहनवाज आलम ने कहा कि दिल्ली दंगे में अगर अजीत डोभाल की भूमिका की जांच हो जाती तो इनकी असलियत सामने आ गई होती।



## धोखा देकर बैंक एटीएम से रुपये निकालने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

बांदा। उत्तर प्रदेश के बांदा जिले के कोतवाली नगर थाना क्षेत्रा में धोखाधड़ी कर बैंक एटीएम से धनराशि निकालने वाले दो अंतर्राज्ईय अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। पकड़े के आरोपी मध्य प्रदेश के निवासी है जो उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में सक्रिय थे। आरोपी बैंक एटीएम के पास मौजूद रहकर कार्ड से रुपये निकालने के नाम पर भोलेभाले ,अंजान, अकेले एवं बुजुर्ग व्यक्तियों को सहायता का झांसा देकर उनका एटीएम कार्ड बदल लेते थे और बाद में उनके एटीएम का प्रयोग कर बैंक से उनकी पूरी धनराशि निकाल लेते थे। सहायक पुलिस अधीक्षक मेविस टॉक ने गुरुवार को बताया कि आठ अक्टूबर को बांदा के शांति नगर निवासी राहुल एटीएम कार्ड से पैसा निकालने गए थे। जहां उनकी मदद करते समय ही आरो. पियों ने उनका एटीएम कार्ड बदल लिया था।

# शराब बंदी संघर्ष समिति ने शहजाद कुरैशी को नया मंडल प्रभारी किया नियुक्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** शराब बंदी संघर्ष समिति की बैठक में शहजादघ्कुरैशी को लखनऊ मंडल का प्रभारी नियुक्त किया गया। शराब बंदी संघर्ष समिति की एक अहम बैठक बिलोचपुर, लखनऊ में संपन्न हुई। बैठक के कन्वीनर मोहम्मद अफाक की मौजूदगी में सौर.समिति से शहजाद कुरैशी को लखनऊ मंडल का प्रभारी नियुक्त किया गया।

समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुर्तजा अली अली ने इस अवसर पर शहजाद घ्कुरैशी को बधाई देते हुए कहा, हहम उम्मीद करते हैं कि वह जल्द ही सभी छह जिलों में जिला अध्यक्ष नियुक्त कर शराब बंदी के कार्य को तेजी से आगे बढ़ाएंगे। बैठक में मोहम्मद इबाद, फहीम घसिद्दीकी हलीमा अजीम मोहम्मद कैफ , फहद, शादाब घ्कुरैशी तथा कई वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर शराब से उत्पन्न बुराइयों के बारे में जागरूकता फैलाने और समिति से जुड़ने की अपील की गई। समिति के अध्यक्ष मुल्तजा अली ने कहा कि इस नियुक्ति के बाद लखनऊ के सभी क्षेत्रों में शराब.मुक्त माहौल बनाने के लिए विशेष कार्यशालाएँ और जनसंपर्क अभियान चलाए जाएंगे।




# नवयुग कन्या महाविद्यालय में मकर संक्रांति के मौके पर बांटे कंबल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजेंद्र नगर स्थित नवयुग कन्या महाविद्यालय की 'कम्युनिटी सर्विस प्रमोशन कमेटी' द्वारा मकर संक्रांति के पावन पर्व के मौके पर कमल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कमेटी द्वारा महाविद्यालय के समस्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को शीतलहर से बचाव हेतु कंबल वितरित किए गए।

महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. मंजुला उपाध्याय ने इस अवसर पर कहा कि हमारी संस्कृति में मकर संक्रांति पर जरूरतमंदों की सहायता करना सबसे बड़ा पुण्य माना गया है। इसी परंपरा का निर्वाह करते हुए महाविद्यालय परिवार ने अपने सहायक कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए यह छोटा सा प्रयास किया है। इस सेवा कार्य में कम्युनिटी सल्वस प्रमोशन कमेटी की टीम डॉ. गीताली रस्तोगी, प्रोफेसर शल्मता नंदी, प्रोफेसर संगीता कोतवाल, प्रोफेसर सुषमा त्रिवेदी, प्रोफेसर रीता तिवारी, डॉ. मेघना यादव ने सक्रिय सहभागिता की। इसके साथ ही कॉलेज की समस्त शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं कंबल वितरण के दौरान सभी कर्मचारियों के चेहरे पर संतोष की मुस्कान दिखी और उन्होंने महाविद्यालय प्रशासन एवं कमेटी के प्रति कृतज्ञता प्रकट की।



## संदिग्ध परिस्थितियों में मिला पूर्व बीडीसी सदस्य का शव

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के जनपद बहराइच के थाना पयागपुर क्षेत्रा में मंगलवार देर रात एक पूर्व बीडीसी सदस्य/सामाजिक कार्यकर्ता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। मृतक की पहचान जगदेव यादव (47) पुत्रा सीताराम यादव के रूप में हुई है। उनका शव कोट बाजार-तालाब बघेल मार्ग पर खेत में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। परिजनों के अनुसार, जगदेव यादव मंगलवार रात करीब नौ बजे घर से खेत देखने के लिए निकले थे, लेकिन कापफी देर बीत जाने के बाद भी जब वह घर नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान वह खेत में अचेत अवस्था में पड़े मिले, जिसके बाद परिजन उन्हें तत्काल सीएचसी पयागपुर लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर राज्य कर्मचारी महासंघने किया पतंग प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ के आवाहन पर वन विभाग मुख्यालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ ने (ओ.पी.एस.) पुरानी पेंशन बहाली को लेकर (ओ.पी.एस.) पतंग के सांकेतिक माध्यम से प्रदर्शन कर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से (ओ.पी.एस. )पुरानी पेंशन किए जाने का अनुरा. ेध किया गया।

कार्यक्रम का नेतृत्व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ वन विभाग के प्रांतीय अध्यक्ष दयाराम यादव व प्रांतीय महामंत्री सर्वेश कुमार व प्रदेश महामंत्री राम नरेश यादव व जिला अध्यक्ष लखनऊ राजू भारती चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ द्वारा किया गया जिसमें विभिन्न विभागों जैसे वन विभाग, ख्रषि विभाग, कलेक्ट्रेट, पंचायती राज विभाग, वित्त विभाग, अन्य विभाग के संगठनों के पदाधिकारी द्वारा चतुर्थ श्रेणी संघ भवन वन विभाग से पैदल मार्च निकालकर हाथों में (ओ.पी.एस.) पतंग लेकर पुरानी पेंशन बहाली की मांग के नारे लगाते हुए पंचवटी हाल तक रैली निकाली गई। उक्त रैली में वन विभाग के प्रदेश संरक्षक छोटेलाल वरिष्ठ उपाध्यक्ष पप्पू प्रसाद कोषाध्यक्ष अरविंद तिवारी महिला प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष विभा देवी मंत्री राजकुमार कश्यप सयुंक्त मंत्री ओमप्रकाश राय संगठन मंत्री केशव सिंह प्रचार मंत्री/ मीडिया प्रभारी राजेश कुमार पाल ऑडिटर भूपाल सिंह व चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ के धीरेंद्र सिंह कार्यवाहक अध्यक्ष राजू भारती जिला अध्यक्ष रामकिशन अध्यक्ष मयंक मंत्री धर्म प्रकाश कुशवाहा कोषाध्यक्ष पवन वाल्मीकि कार्यवाहक अध्यक्ष मनोज भारती मीडिया प्रभारी/ सोशल मीडिया प्रभारी संदीप कुमार जिला कोषाध्यक्ष कलेक्ट्रे व वन विभाग के राम रतन, देशराज,प्रमोद श्रीवास्तव, नारायण प्रधान, मनोज कुमार, नंदकिशोर, आदि पदाधिक. ारी व कर्मचारी गण शामिल रहे।




# निर्यात तैयारी सूचकांक में उप्र चौथे स्थान पर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** नीति आयोग ने बुधवार को देश के समस्त राज्यों के निर्यात प्रदर्शन के आधार पर निर्यात तत्परता सूचकांक 2024 जारी किया जिसमें उत्तर प्रदेश ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए समग्र रैंकिंग में चतुर्थ स्थान व भू-आब) राज्यों की रैंकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उल्लेखनीय है कि विगत रैंकिंग में उत्तर प्रदेश सातवें स्थान पर था परंतु विगत 08 वर्षों में निर्यात अवसंरचना के सुख्रढ़ीकरण, लागत प्रतिस्पर्धा में सुधार, निर्यात विविधता व निर्यात के समावेशी विकास में उल्लेखनीय सुधार के उपरांत प्रदेश ने विशिष्ट प्रदर्शन करते हुए देश में चौथा स्थान प्राप्त किया है। प्रथम तीन स्थानों पर तीन कोस्टल राज्य-महाराष्ट्र, तमिलनाडु व गुजरात रहे हैं।

उत्तर प्रदेश की यह उपलब्धि विशेषत: इसलिये भी अत्यधिक महत्वपूर्ण है क्योकि भू-आबद्ध राज्य होने के कारण यहां के निर्यातकों को बन्दरगाह तक अपना माल भेजने में अपेक्षाख्रत अधिक समय, श्रम व व्यय वहन करना पड़ता है जिसके ख्रष्टिगत प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के निर्यातकों को उत्तर प्रदेश निर्यात प्रोत्साहन नीति के अंतर्गत माल भाड़ा व्यय, विदेशी/स्वदेशी मेला प्रदर्शनी में प्रतिभाग कोरियर चार्जेज, वायुयान भाड़ा व्यय, गुणवत्ता प्रमाणीकरण, प्रचार प्रसार, डाकघर से शिपमेंट भेजे जाने पर हुए व्यय, निर्यात क्रेडिट गारंटी पर प्रतिपूर्ति, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर ऑनबोह्नडग शुल्क की प्रतिपूल्रत, निर्यात अवसंरचना के विकास हेतु प्रतिपूल्रत उपलब्ध करायी जा रही है।

साथ ही विगत 03 वर्षों से प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले उत्तर प्रदेश इण्टरनेशनल ट्रेड शो के माध्यम से निर्यातकों की अन्तर्राष्ट्रीय बायर से सीधा संपर्क सुनिश्चित करते हुए नये बाजारों से भी जोड़ा गया है। उल्लेखनीय है कि नीति आयोग द्वारा रैंकिंग जारी करने हेतु समस्त राज्यों से 04 पिलर्स क्रमश: एक्सपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर (20 प्रतिशत), बिजनेस ईको सिस्टम (40 प्रतिशत), पॉलिसी एण्ड गर्वनेंस (20 प्रतिशत) और एक्सपोर्ट परफॉरमेंस (20 प्रतिशत) के अंतर्गत 13 सब पिलर्स यथा निर्यात अवसंरचना, व्यापार पारिस्थितकी तंत्र नीति, यूटीलिटीस, लॉजिस्टिक्स, मैक्रो ईकोनॉमी, कॉस्ट कॉम्पिटिटिवनेस, फाइनेंस एण्ड क्रेडिट एस्सेबिलेटी, एम. एस. एम. ई ईकोसिस्टम, इण्डस्ट्रियल एण्ड इनोवेशन इनवायरोमेंट, स्टेट लेवल पॉलिसी सपोर्ट एण्ड गर्वनेंस, रेगुलेटरी इनवायरोंमेंट एण्ड कंप्लायंस, स्टेट लेवल एक्सपोर्ट एण्ड ट्रेंड्स, एक्सपोर्ट प्रमोशन एण्ड फैसिलिटेशन और एक्सपोर्ट पोर्टफोलियो एण्ड मार्केट एक्सेस इत्यादि के अंतर्गत 70 इंडीकेटर्स पर समस्त राज्यों से विगत 03 वर्षों के निर्यात प्रदर्शन के आधार पर सूचना प्राप्त करते हुए, तुलनात्मक आधार पर ईपीआई त्ंदापदह जारी की गयी है। उत्तर प्रदेश की समर्पित निर्यात प्रोत्साहन नीति, एक जिला उत्पाद (ओडीओपी) योजना, क्षेत्रीय नीतियां और परिवहन संपर्क में सुधार जैसी रणनीतिक पहलों ने इसकी निर्यात क्षमताओं को काफी हद तक मजबूत करते हुए निर्यात तत्परता में उल्लेखनीय सुधार किया है।

# अखिलेश यादव ने अपर महाअधिवक्ता विनोद शाही के आवास पहुंचकर जताया शोक

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव आज लखनऊ के अलीगंज स्थित आवास पर पहुंचकर अपर महाअधिवक्ता विनोद शाही के पुत्र जयंत शाही के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। अखिलेश यादव ने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया।

इस दौरान उनके साथ पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद सिंह गोप, पूर्व मंत्री राजेंद्र चौधरी और जावेद आब्दी भी मौजूद रहे। अखिलेश यादव ने इस दुख की घड़ी में शाही परिवार के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की।



# धूमधाम से मनाया गया सूर्य को समर्पित मकर संक्रांति का त्यौहार

**भदोही।** उत्तर प्रदेश के भदोही जिले में मकर संक्रांति का त्योहार बुधवार को धूमधाम से मनाया गया।

मकर संक्रांति का पर्व हिंदू धर्म में आस्था, सेवा और दान-पुण्य का महापर्व माना जाता है। जिसका अत्यंत धार्मिक, सांस्कृतिक और वैज्ञानिक महत्व है।

यह दिन सूर्य देव को समर्पित है, देश के विभिन्न हिस्सों में इसे अलग-अलग नामों से मनाया जाता है जैसे पोंगल व खिचड़ी संक्रांति आदि।

ज्योतिषाचार्य पंडित आलोक शास्त्री ने बताया कि मकर संक्रांति के दिन सूर्य देव धनु राशि से निकलकर अपने पुत्र शनि की राशि मकर में प्रवेश करते हैं। इसी दिन से सूर्य की उत्तरायण गति शुरू होती है, जिसे अत्यंत शुभ माना जाता है। मान्यता है कि मकर संक्रांति के दिन किए गए दान-पुण्य से अक्षय फलों की प्राप्ति होती है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, इस दिन भगवान सूर्य अपने पुत्र शनिदेव से मिलने उनके घर जाते हैं।

# निर्माण श्रमिकों के हित में योगी सरकार की पहल

## अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु श्रमिकों को प्रेरित किया गया, बच्चों के उज्ज्वल भविष्य पर जोर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** योगी सरकार द्वारा निर्माण श्रमिकों के सामाजिक सुरक्षा कवच को मजबूत करने तथा उन्हें कल्याणकारी योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ उपलब्ध कराने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की ओर से पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के कल्याण हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं श्रमिकों के पंजीयन/नवीनीकरण के उद्देश्य से बुधवार को लेबर अड्डा मोहनलालगंज, लेबर अड्डा बुद्धेश्वर तथा लेबर अड्डा बाराबिरवा, आशियाना, लखनऊ में जागरूकता अभियान एवं पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में श्रमिकों के जीवन स्तर में सुधार, उनके बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य सुरक्षा तथा सामाजिक सम्मान सुनिश्चित करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है और इन्हीं प्रयासों के अंतर्गत ऐसे शिविर नियमित रूप से आयोजित किए जा रहे हैं।

इस जागरूकता अभियान के माध्यम से बड़ी संख्या में श्रमिकों ने योजनाओं के प्रति रुचि दिखाई और पंजीयन प्रक्रिया का लाभ उठाया। 'मौके पर पात्र श्रमिकों का कराया गया पंजीकरण' शिविर के माध्यम से निर्माण श्रमिकों को कन्या विवाह सहायता योजना, मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना, संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन योजना, निर्माण कामगार मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता योजना, गंभीर बीमारी सहायता योजना तथा अटल आवासीय विद्यालय योजना सहित बोर्ड द्वारा संचालित प्रमुख कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान मौके पर ही पात्र पाए गए श्रमिकों का पंजीकरण भी कराया गया।

'अटल आवासीय में अधिकाधिक आवेदन पर जोर' जागरूकता शिविर में विशेष रूप से अटल आवासीय विद्यालय योजना के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु कक्षा-06 एवं कक्षा-09 में प्रवेश के लिए अधिकाधिक आवेदन कराने पर जोर दिया गया। बोर्ड के अंतर्गत न्यूनतम तीन वर्ष की अवधि पूर्ण कर चुके श्रमिकों को अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए आवेदन करने हेतु प्रेरित किया गया 'लाभार्थियों के लिए पंजीकरण अनिवार्य' शिविर के आयोजन में विज्ञान फाउंडेशन एवं अन्य कार्यदायी संस्थाओं के साथ श्रम प्रवर्तन अधिकारी शक्तिराय, संतोष कुमार एवं सुनील कुमार की सक्रिय उपस्थिति रही। अधिकारियों ने श्रमिकों को योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु समय से पंजीयन एवं नवीनीकरण कराने की आवश्यकता पर बल दिया। अपर श्रमायुक्त, लखनऊ क्षेत्र, कल्पना श्रीवास्तव ने बताया कि बोर्ड द्वारा संचालित किसी भी योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए निर्माण श्रमिक का बोर्ड के अंतर्गत पंजीख्रत होना एवं पंजीयन का नियमानुसार नवीनीकरण अनिवार्य है। श्रमिक अपना पंजीकरण एवं नवीनीकरण सी.एस.सी. ई-डिस्ट्रिक्ट सेंटर, सी.एस. सी. ई-गवर्नेंस सेंटर अथवा बोर्ड की वेबसाइट नचइवबू.पद के माध्यम से करा सकते हैं।

# जबरन धर्म परिवर्तन का मामला: आरोपी महिला के खिलाफ मामला दर्ज

**जालौन।** उत्तर प्रदेश के जनपद जालौन के उरई कोतवाली क्षेत्रा में हिंदू वृद्ध का कथित रूप से जबरन धर्म परिवर्तन कराने का मामला सामने आने के बाद पुलिस ने गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

पुलिस अधीक्षक डा. दुर्गेश कुमार के आदेश पर उरई कोतवाली पुलिस ने मुस्लिम महिला रेशमा पत्नी अहसान अली के खिलापफ भारतीय न्याय संहिता (ठछै) की धारा 318(4), 351(3) तथा उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम, 2021 की धारा 3 और 5(1) के अंतर्गत मामला दर्ज किया है। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस आरोपी महिला की तलाश में जुट गई है। पीड़ित गोपी अहिरवार पुत्रा स्वर्गीय गोकुल अहिरवार मूल निवासी मिनौरा, कालपी और वर्तमान निवासी बघौरा बाईपास, उरई ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्रा में आरोप लगाया कि रेशमा ने धोखाधड़ी, दबंगई और धमकी देकर उसका धर्म परिवर्तन कराया। गोपी ने बताया कि पत्नी की मृत्यु के बाद उसकी पैतृक दो बीघा जमीन लगभग 10 लाख रुपये में बिकी थी, जिसमें से उसे पांच लाख रुपये मिले। आरोप है कि यह धनराशि रेशमा ने हड़प ली और बाद में पफरीदाबाद (हरियाणा) ले जाकर जबरन उसका खतना कराकर धर्म परिवर्तन करा दिया। पीड़ित का कहना है कि धमकियों के कारण वह वर्षों तक भय में मुस्लिम बनकर रहने को मजबूर रहा। मंगलवार को गोपी अहिरवार उपर्फ दीन मोहम्मद की पीडब्ल्यूडी स्थित हनुमान मंदिर में हिंदू संगठनों के सहयोग से घर वापसी कराई गई। गंगाजल से शुद्धिकरण के बाद दाढ़ी बनवाई गई। गोपी ने कहा कि सरकारी अभिलेखों में आज भी उसका नाम गोपी अहिरवार दर्ज है और वह हिंदू धर्म में ही रहना चाहता है।

## बहराइच में पूर्व पंचायत सदस्य की अज्ञात हमलावरों ने हत्या की

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के थाना पयागपुर क्षेत्रा में कोर्ट बाजार निवासी एवं पूर्व पंचायत सदस्य जगदेव यादव की बुधवार रात अज्ञात हमलावरों ने हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष पयागपुर संजय सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। जानक. ारी के अनुसार, 63 वर्षीय जगदेव यादव, निवासी कटहरी बाग, बीती रात लगभग आठ बजे खेत की रखवाली करने के लिए घर से निकले थे। जब देर रात तक वे वापस नहीं लौटे, तो परिजनों को चिता हुई।

# हास्य अभिनेता राजपाल यादव माघ मेले में प्रयागराज पहुंचे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के माघ मेले में एक ओर जहां देश के कोने-कोने से साधु संत, श्रद्धालु और कल्पवासी पहुंचे हैं। वहीं दूसरी ओर धर्म और अध्यात्म की ओर लखचे हुए सेलिब्रिटी भी माघ मेले में पहुंच रहे हैं। पिछले कई वर्षों से माघ मेले और कुंभ मेले में आ रहे बॉलीवुड के हास्य अभिनेता राजपाल यादव बुधवार को प्रयागराज के माघ मेले में पहुंचे।

उन्होंने सेक्टर 6 में स्थित दद्दा जी के शिविर में खुद अपने हाथों से जमीन पर बैठकर शिवललग का निर्माण कर पूजन किया।

इसके बाद आयोजित हो रही श्रीमद् भागवत कथा में भी शामिल हुए। इस मौके पर बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए। इस मौके पर आस्था के सबसे बड़े मेले में उमड़ी भीड़ को लेकर बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव ने कहा कि यह आस्था नहीं बल्कि श्रद्धा की पराकाष्ठा है। उन्होंने कहा कि जब भी जियो तब पराकाष्ठा में जियो। उन्होंने कहा कि मैं अभिनेता हूं और पूरे देश और दुनिया के लिए मेरा जीवन कुर्बान है। उन्होंने कहा कि अभिनेता का दूसरा नाम सेवा है और कोशिश यही करूंगा जहां भी मौका मिले गहना बनकर मिलें, गहना बनाकर देखें, गहना बनकर सुने और मौका मिले तो माथे का तिलक बनकर जिएं। फिल्मों को लेकर श्री यादव ने कहा कि कोरोना लॉकडाउन के बाद 2022 से बीते दो-तीन सालों में बॉलीवुड ने रफ्तार पकड़ी है। उन्होंने कहा कि आने वाले 10-15 साल बॉलीवुड के लिए स्वर्णिम काल रहेगा। इसमें दो हजार से चार हजार करोड़ के बजट की फिल्में बन रही हैं। उन्होंने कहा है कि दो लाख से लेकर 10-20 हजार करोड़ की फिल्में भारत में बनकर पूरे देश और दुनिया में अपना नाम स्थापित करेगी। उन्होंने कहा है क्योंकि अब तमाम सुविधाएं आ गई हैं। फिल्म निर्माता एक फिल्म जो बनाते हैं।

# सीईओ ने सदरपुर गांव का किया औचक निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण (नोएडा प्राधिकरण) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी लोकेश एम ने बुधवार को ग्राम सदरपुर का भ्रमण कर विकास कार्यों और जनसमस्याओं का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सड़क, सीवर, जलापूर्ति, सफाई, प्रकाश व्यवस्था सहित कई कमियां सामने आई, जिनके त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को सख्त निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के समय नोएडा प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारी, जल, सिविल, विद्युत, जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। डीएससी मार्ग पर सेक्टर-41-42 के समीप तेज गति से उतरते वाहनों को देखते हुए दुर्घटना की आशंका जताई गई, जिस पर एनटीसी को स्पीड ब्रेकर बनाए जाने के निर्देश दिए गए। ग्राम सदरपुर के पास सेक्टर-42 की खाली जमीन पर अवैध झुग्गियां बनाए जाने का मामला भी सामने आया।

इस पर वर्क सर्किल-3 के वरिष्ठ प्रबंधक को नोटिस जारी करने और वेतन रोकने के निर्देश दिए गए। वहीं ग्रामीणों की मांग पर मुख्य मार्ग पर यातायात दबाव को देखते हुए 100 मीटर दूरी पर यू-टर्न बनाए जाने का आदेश दिया गया। निरीक्षण में यह भी पाया गया कि जल विभाग द्वारा मैनहोल की सफाई के दौरान कई स्थानों पर कंक्रीट क्षतिग्रस्त कर दी गई है। ऐसे सभी स्थानों पर शीघ्र पुनः कंक्रीटीकरण कराने के निर्देश दिए गए। पूरे गांव में सीवर और जलापूर्ति पाइपलाइन बिछाने का कार्य प्रगति पर पाया गया, जिसे तय समय में पूरा करने के साथ ही सड़क की मरम्मत तत्काल कराने को कहा गया।

ग्रामीणों ने जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा नियमित स्ट्रीट स्वीपिंग न किए जाने की शिकायत की। इस पर संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी करने और प्रतिदिन सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। सोम बाजार क्षेत्र में रेडी-ठेली लगने से गंदगी फैलने की शिकायत पर उन्हें हटाने और दोबारा न लगने देने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा एफसीटीएस सेंटर से कूड़ा बाहर फैलने, स्कूल के सड़क से नीचे होने, सीवेज निस्तारण के लिए इंटरमीडिएट पंपिंग स्टेशन (आईपीएस) के निर्माण, स्ट्रीट लाइट लगाने, क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत, कम्युनिटी सेंटर के अनुरक्षण, ओपन जिम और तालाब के पुनर्जीवन जैसे मुद्दों पर भी संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

सीईओ लोकेश एम ने जल विभाग के कार्य फरवरी अंत तक और सिविल व विद्युत विभाग के कार्य मार्च अंत तक पूरे कराने के निर्देश दिए। साथ ही जनस्वास्थ्य विभाग को तीन दिन में पूरे गांव की विशेष सफाई कर फोटो सहित रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को अन्य गांवों का भी सर्वे कर समस्याओं के समाधान के लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

# यूपी दिवस पर मिलेंगे तीन प्रोजेक्ट

## स्काई वॉक, क्लॉक टावर और गोदावरी मार्केट, लोगों के लिए बनेंगे सेल्फी पाइंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में 24 से 26 तक तीन दिवसीय यूपी दिवस मनाया जाएगा। तीनों दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। स्कूल से संपर्क किया जा रहा है। इसके अलावा नोएडा वासियों के लिए तीन प्रोजेक्ट शुरू किए जाएंगे। नोएडा को पहला स्काई वॉक मिलेगा। इसके अलावा श्रीनगर की तर्ज पर क्लॉक टावर बनाया गया है। वहीं न्यूली रिन्यू वेटेड गोदावरी मार्केट मिलेगा। ये तीनों प्रोजेक्ट 47 करोड़ के आसपास के है।

सेक्टर-38ए जीआईपी मॉल के सामने बन रहा क्लॉक टावर का शुभारंभ यूपी दिवस पर किया जाएगा। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि काम अंतिम चरण में है। इससे पहले सेक्टर-128 जेपी गोलचक्कर के पास बनाए गए क्लॉक टावर का शुभारंभ किया जा चुका है। अधिकारियों ने बताया कि इस क्लॉक टावर की ऊंचाई करीब 70 फीट है। इसको बनाने में करीब एक करोड़ 40 लाख रुपए का खर्च किए गए है। यहां घड़ियों को लगा दिया गया है। फिनिशिंग का काम किया जा रहा है।

**नोएडा को मिलेगा पहला स्काई वॉक:** नोएडा के सेक्टर-51 और 52 मेट्रो स्टेशन को जोड़ने के लिए बन रहे स्काई वॉक का काम पूरा कर लिया गया है। यहां लगाए गए ट्रेवलेटर की टेस्टिंग चल रही है। स्काई वॉक नहीं बने होने के कारण अभी लोगों को स्टेशनों से नीचे उतरकर पैदल आना-जाना पड़ता है। सड़क किनारे बने फुटपाथ के जरिए लोग आते-जाते हैं। लोगों की सुविधा के लिए फ्री में लगाए गए ई-रिक्शे भी बंद हो चुके हैं।

स्काई वॉक करीब 450 मीटर लंबा और छह मीटर चौड़ा है। एक तरफ यह स्काई वॉक एनएमआरसी के सेक्टर-51 स्टेशन और दूसरी तरफ डीएमआरसी के सेक्टर-52 स्टेशन से जोड़ रहा है। मेट्रो से दिल्ली और नोएडा से ग्रेनो की ओर जाने वालों को इस इंटरचेंज पर स्टेशनों से नीचे उतरने की जरूरत नहीं पड़ेगी। वे स्काई वॉक के जरिए आ-जा सकेंगे। लोगों की सहूलियत के लिए यहां पर 10 ट्रेवलेटर भी लगाए गए हैं। यह ट्रेवलेटर करीब 250 मीटर हिस्से में बीच-बीच में लगे हैं।

**गोदावरी मार्केट का काम पूरा:** सेक्टर-37 स्थित गोदावरी मार्केट का नवीनीकरण किया जा रहा है। इसका काम पूरा कर लिया गया है। नोएडा में ब्रह्मपुत्र मार्केट के बाद दूसरा बाजार है जिसका नवीनीकरण किया गया है। सेक्टर-37 गोदावरी मार्केट करीब 40 साल पुरानी है। यहां भूतल पर 38 दुकान और 5 कियोस्क है। इस मार्केट के प्रथम तल पर पांच हॉल है। यहां रोजाना हजारों की संख्या में फुटफॉल है। इसे दोबारा से डिजाइन करके बनाया गया है। फसाड लाइट लगाई गई है। जिस पर करीब 2.34 करोड़ रुपए खर्च किए गए है।

# नए हाथरस का मास्टर प्लान नौ महीने में तैयार होगा



हाथरस के मास्टर प्लान के लिए आरवी इंजीनियरिंग कंपनी का चयन कर लिया गया है। कंपनी नौ माह में मास्टर प्लान तैयार करेगी। शुरुआत में यमुना एक्सप्रेसवे के नजदीक 4000 हेक्टेयर में शहर विकसित होगा।

**- शैलेंद्र भाटिया, एसीईओ, यमुना विकास प्राधिकरण**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** यमुना एक्सप्रेसवे के पास करीब 4000 हेक्टेयर भूमि में हाथरस अर्बन सेंटर या नया हाथरस विकसित करने के लिए मास्टर प्लान-2041 तैयार होगा। इसके लिए कंपनी का चयन कर लिया गया है। कंपनी नौ महीने में मास्टर प्लान तैयार करेगी। यमुना प्राधिकरण के अधिकारी ने बताया कि हाथरस अर्बन सेंटर के लिए जारी आरएफपी के अनुसार तकनीकी बिड में तीन कंपनियों ने क्वालिफाई किया था। इनमें तेलंगाना की कंपनी आरवी इंजीनियरिंग कंसल्टेंट लिमिटेड, गुरुड़ा यूएवी सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड और एलईए एसोसिएट्स साउथ एशिया प्राइवेट लिमिटेड शामिल थी। बीते दिनों वित्तीय बिड खोली गई थी, जिसमें प्राधिकरण ने मास्टर प्लान के लिए सबसे कम 1.24 करोड़ की बोली लगाने वाली आरवी इंजीनियरिंग कंपनी का चयन किया।

यह कंपनी नौ माह में मास्टर प्लान 2041 के तहत हाथरस के विकास को ध्यान में रखकर 20 वर्ष की योजना तैयार करेगी। मास्टर प्लान यूआरडीपीएफआई गाइडलाइंस 2014, उत्तर प्रदेश औद्योगिक क्षेत्र विकास अधिनियम 1976 और राज्य और केंद्र सरकार के नियमों के अनुसार बनाया जाएगा। यह योजना जीआईएस तकनीक पर आधारित होगी और इसमें औद्योगिक विकास, जनसंख्या अनुमान, बुनियादी ढांचा, प्राकृतिक संसाधन और पर्यावरण संतुलन को ध्यान में रखा जाएगा। ब्रिटिश काल में औद्योगिक और व्यापारिक केंद्र रहा ऐतिहासिक रूप से हाथरस ब्रिटिश काल में एक बड़ा औद्योगिक और व्यापारिक केंद्र रहा था। हालांकि, समय बीतने के साथ इंफ्रास्ट्रक्चर एवं सुविधाओं के अभाव में इसका महत्व घट गया। एक सर्वे रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान में हाथरस जिले में एमएसएमई (लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्योग) और कुटीर उद्योग हैं। जिले में लगभग 10,293 उद्योग पंजीकृत हैं। उद्योगों का अधिकतर हिस्सा क्लस्टर (समूह) के रूप में विकसित है और उद्योग कम निवेश में ज्यादा रोजगार देने वाले हैं। जिले में सड़क संपर्क मार्ग बेहतर प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में हाथरस के 358 गांव शामिल हैं। हाथरस में अलीगढ़ और आगरा के मुकाबले बेहतर सड़क संपर्क है। नए शहर का एनएच-93 और यमुना एक्सप्रेसवे के जरिए एसएच-33 से जुड़ाव है। साथ ही, हाथरस (जंक्शन) पर दो रेल लाइनें मिलती है। हालांकि, कुछ कमजोरियां भी हैं। यहां पर आंतरिक सड़कों का अभाव है। पर्याप्त बिजली, जल आपूर्ति, सीवरेज की कमी है। इसके अलावा स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं और मनोरंजन की सुविधाओं का भी बड़ा अभाव है।

**हाथरस जिले में मौजूद उद्योग:** क्लस्टर उद्योग- इकाइयां कांच की चूडियां निर्माण- 3300 घुंघरू निर्माण- 3124 होजरी एवं कपड़ा- 1600 हस्तशिल्प- 850 कोल्ड स्टोरेज- 140 धातु शिल्प- 85 रंग और डाई- 40 दाल मिल- 35 हींग निर्माण- 32 आयुर्वेदिक दवा- 30 अचार- 16 बोटलिंग प्लांट और डेयरी 3 ।

# मकर संक्रांति पर हवन और पूजन

**ग्रेटर नोएडा।** सेक्टर ओमीक्रोन तीन में उत्तराखंड परिवार द्वारा उत्तरायण मक्रणी संक्रांति के पावन पर्व पर पांच कुण्डी हवन, पूजन और भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्तराखंड परिवार के संरक्षक और आचार्य पंडित मूर्तिराम आनन्द वर्द्धन नौटियाल ज्योतिषाचार्य ने कहा कि प्राण स्वरूप उन देवताओं ने यज्ञों से उस विराट यज्ञ पुरुष को प्रसन्न किया, क्योंकि वह साक्षात धर्म स्वरूप है। इसलिए साधक स्वर्ग प्राप्ति के लिए यज्ञ करें, इस पुरातन पुरुष की प्राप्ति के लिए सिद्ध महात्मा योगी जन सर्वदा प्रयत्नशील रहते हैं। अध्यक्ष मनोज असवाल ने कहा कि हम सब उत्तराखंड वासी उत्तराखंड से यहां पर रह रहे हैं अपनी संस्कृति एवं धरोहर को अपने बच्चों को देने के लिए हम इस प्रकार के आयोजन करके उन्हें अपने संस्कृति के बारे में उन्हें अवगत करने का एक छोटा सा प्रयास कर रहे।

## एक नजर

### युवक ने धोखे में रखकर शादी की, गर्भपात भी कराया

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही युवती ने अपने साथी पर धोखे में रखकर दूसरी लड़की से शादी करने का आरोप लगा सेक्टर-39 थाने में केस दर्ज कराया है। इस संबंध में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। नोएडा निवासी युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि संभल के कृष्णा कुमार उर्फ आकाश से कुछ साल पहले उसकी नजदीकी बढ़ी। आकाश के साथ युवती बीते चार सालों से लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही है। दावा है कि आकाश ने युवती के साथ मंदिर में शादी की हुई है। इस अवधि में युवती और आरोपी में शारीरिक संबंध बने और युवती गर्भवती हो गई। आकाश ने अस्पताल ले जाकर गर्भ गिरवा दिया। इससे कई दिन तक युवती की तबीयत खराब रही। शिकायतकर्ता युवती का कहना है कि आकाश अब किसी दूसरी युवती से शादी करने जा रहा है। युवती ने ऐसा करने से जब आकाश को रोका तो उसने गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

### कंपनीकर्मी ने तनाव में फंदा लगाकर जान दी

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** सेक्टर-52 स्थित अरावली अपार्टमेंट के फ्लैट में किराये पर रहने वाले कंपनीकर्मी युवक ने मंगलवार शाम फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। बुधवार सुबह मामले की सूचना मिलने पर पहुंची सेक्टर-24 थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। युवक पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव से गुजर रहा था। पुलिस ने बताया कि मूलरूप से मध्य प्रदेश के जिला मुरैना निवासी अंकित वर्मा सेक्टर-52 स्थित अरावली अपार्टमेंट के प्रथम तल के फ्लैट में किराये पर रहते थे। वह एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते थे। आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष ओपी यादव ने बताया कि परिजनों ने मंगलवार शाम अंकित को कॉल की।काफी देर तक संपर्क न होने पर उन्होंने ओपी यादव से संपर्क किया, लेकिन बिना कानूनी प्रक्रिया के उन्होंने फ्लैट खुलवाने में असमर्थता जताई। परिजनों ने बुधवार सुबह दोस्त को अंकित के फ्लैट पर भेजा। थाने में लिखित शिकायत के बाद पुलिस पहुंची। पुलिस दरवाजा तोड़कर अंदर घुसी तो अंकित का शव जमीन पर पड़ा था। गले में बेडशीट बंधी थी। जमीन पर गिरे होने से अंदाजा लगाया जा रहा है कि अंकित के वजन से बेडशीट टूट गई और वह नीचे जमीन पर गिर गया। ओपी यादव को परिजनों ने बताया कि करीब दो वर्ष पूर्व अंकित का पत्नी से तलाक हो गया था। इसको लेकर वह मानसिक तनाव से जूझ रहा था।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो युवक की मौत

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** सेक्टर-129 के पास नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर ट्रक चालक ने बाइक सवार तीन युवकों को टक्कर मार दी। घायलों को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान दो युवकों की मौत हो गई। एक अन्य का उपचार चल रहा है। हादसे के बाद आरोपी चालक ट्रक छोड़कर भाग गया। संत कबीर नगर के खलीलाबाद निवासी अमित चौधरी ने थाने में शिकायत दी कि उनके चाचा पंकज कुमार नौ जनवरी को सहकर्मी विवेक कुमार और गुलशेर अली को बाइक पर लेकर परी चौक से होते हुए नोएडा आ रहे थे। रात करीब 11 बजे एक्सप्रेसवे थाना क्षेत्र में ट्रक चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी।

बाइक सवार तीनों युवक हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके सिर और सीने में चोटें आईं। बाइक भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। राहगीरों की मदद से घायलों को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने के चलते उपचार के दौरान विवेक और पंकज की मौत हो गई। गुलशेर अली ही हालत गंभीर है और उसका उपचार चल रहा है। हादसे के बाद घटना की जानकारी घायलों के परिजनों को दी गई थी। मृतकों का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। विवेक और पंकज के घर में मातम पसरा हुआ है। अमित चौधरी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। उसकी तलाश की जा रही है। घटनास्थल के पास पुलिस को हेलमेट नहीं मिले। जांच की जा रही है कि बाइक सवार युवकों ने हेलमेट लगाया था या नहीं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस समय हादसा हुआ, ट्रक सड़क पर ही खड़ा था। पुलिस पूरे घटनाक्रम को जानने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है।

# विवाहिता को घर से निकाला

**■ 50 लाख दहेज न देने पर, पति समेत पांच पर केस दर्ज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के ईकोटेक-1 कोतवाली क्षेत्र स्थित घरबरा गांव में एक व्यक्ति ने अपनी बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित कर घर से निकालने का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता के अनुसार, ससुराल पक्ष ने 50 लाख रुपये का दहेज न मिलने पर विवाहिता के साथ मारपीट की। पुलिस ने इस मामले में पति सहित पांच लोगों के खिलाफ बुधवार को केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रविंद्र नामक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने करीब दो साल पहले अपनी बेटी साक्षी का विवाह हरियाणा के तिगांव निवासी योगेश नागर से किया था। शादी में अपनी क्षमतानुसार दहेज दिया गया था, लेकिन ससुराल पक्ष इससे संतुष्ट नहीं था। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही 50 लाख रुपये के अतिरिक्त दहेज की मांग की जाने लगी। यह मांग पूरी न होने पर साक्षी को लगातार शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता रहा।

रविंद्र ने आगे आरोप लगाया कि हाल ही में ससुराल वालों ने उनकी बेटी के साथ मारपीट की और उसे घर से निकाल दिया। इस घटना के बाद से पीड़िता अपने मायके में रह रही है। पीड़ित परिवार की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपी पति योगेश नागर, ससुर सुनील, सास सरोज, ननद सोनिका और पवन के खिलाफ दहेज उत्पीड़न सहित संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। ईकोटेक-1 कोतवाली प्रभारी अरविंद वर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# नीलामी के नतीजे गुरुवार को जारी होंगे

**नोएडा।** निजी वाहनों की नई सीरीज यूपी 16एफएल के आकर्षक और अति आकर्षक नंबरों की नीलामी के नतीजे गुरुवार को जारी होंगे। वाहन मालिक परिवहन विभाग की वेबसाइट www-parivahan-gov-पद पर नीलामी के नतीजे देख सकेंगे। इसके बाद बचे नंबरों के लिए फिर से पंजीकरण और बोली की प्रक्रिया शुरू होगी। वहीं, सीरीज के सामान्य पसंदीदा नंबरों की बुकिंग भी शुरू हो गई है। इसमें दोपहिया वाहन के नंबर के लिए एक हजार रुपये और चार पहिया वाहन के नंबर के लिए पांच हजार रुपये शुल्क निर्धारित है।

# अवैध कब्जा करने वालों पर एक्शन

## प्राधिकरण की शिकायत पर केस दर्ज, जमीन कारोबारी को दी गई थी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के खेड़ा चौगानपुर में प्राधिकरण की अधिगृहीत व अधिसूचित जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करने का मामला सामने आया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने इस मामले में अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ शिकायत की थी। थाना इकोटेक-3 ने इस मामले में प्रदीप भाटी, कुलदीप भाटी और संजीव भाटी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद भू माफियाओं को लेकर तीनों प्राधिकरण एक्शन मोड में है। ऐसे में कब्जा और अर्जित भूमि पर अवैध कब्जा और कब्जा धारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। इसी क्रम में सेक्टर केपी-5 में भूखंड संख्या 33ए ग्राम खेड़ा चौगानपुर के खसरा नंबर-126 में आता है। ये जमीन प्राधिकरण की अर्जित और कब्जा प्राप्त जमीन है।

इसका मुआवजा भी किसान की ओर से लिया जा चुका है। ये भूखंड कंपनी PIVOTELINFRASTRUCTURE PRIVATE LIMITED को आवंटित की गई है। इस संबंध में भू मालिक सुनील कुमार ने बताया कि हाल ही में जमीन की फेंसिंग का कार्य शुरू किया गया तो उक्त अवैध कब्जा धारियों ने कर्मचारियों को परेशान किया और उनके कर्मचारियों के साथ मारपीट तक की। अवैध कब्जाधारियों द्वारा किसान यूनियन के नाम पर प्रदर्शन किया गया। यही नहीं कंपनी कर्मचारियों को स्थल पर काम करने से रोका गया।

**मारपीट और जान से मारने की धमकी:** कर्मचारियों के साथ मारपीट और उनको जान से मारने की धमकी देते हुए सामान तक फेंक दिया गया। जबकि भूखंड पर आवंटी नियमानुसार कार्य कर रहा है। अलग-अलग तरीकों से अवैध कब्जाधारी ब्लैक मेल करने का प्रयास तक कर रहे है। वो अज्ञात लोगों का नाम लेकर जमीन के मालिक बताते है। इस संबंध में उन्होंने ग्रेटरनोएडा प्राधिकरण में लिखित शिकायत दी।

**प्राधिकरण ने पुलिस उपायुक्त से की शिकायत:** उन्होंने बताया कि 6 जनवरी को धरने पर बैठे लोगों ने खुलेआम चेतावनी देकर काम बंद कर दिया और जान से मारने तक की धमकी दी। बहरहाल प्राधिकरण के सहायक प्रबंधक राजीव कुमार ने इस मामले की शिकायत पुलिस उपायुक्त, थानाध्यक्ष इकोटेक-3 से की है। जिसके बाद मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# किसानों ने नहीं दी जमीन, नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे का काम अटका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा और ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे के बीच रोजाना सफर करने वाले हजारों लोगों के लिए राहत बनने वाली 45 मीटर चौड़ी सड़क एक बार फिर जमीन विवाद के चलते अधूरी रह गई है। नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर बन रही इस 45 मीटर चौड़ी सड़क से ट्रैफिक का दबाव कम होने की उम्मीद थी, लेकिन काम रुकने से लोगों को अब भी जाम की परेशानी झेलनी पड़ रही है।

जानकारी के मुताबिक यह सड़क नोएडा के सेक्टर 94 से शुरू होकर सेक्टर 150 तक जानी थी और आगे चलकर ग्रेटर नोएडा व यमुना प्राधिकरण क्षेत्र को आपस में जोड़ने की योजना थी। नोएडा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की योजना के अनुसार यह सड़क एक्सप्रेसवे का एक मजबूत विकल्प साबित हो सकती थी, जिससे रोजाना लगने वाले जाम से बड़ी राहत मिलती।

अधिकारियों के अनुसार सड़क का बड़ा हिस्सा तैयार हो चुका है, लेकिन करीब 695 मीटर लंबा हिस्सा अब भी अधूरा पड़ा है। यही अधूरा हिस्सा पूरी परियोजना के लिए सबसे बड़ी रुकावट बन गया है। इस हिस्से के कारण सड़क को पूरी तरह चालू नहीं किया जा सका है।

**क्यों रुका काम?:** प्राधिकरण के डीजीएम सिविल विजय कुमार रावल का कहना है कि पांच अलग-अलग जगहों पर किसानों से जमीन नहीं मिल पाने के कारण निर्माण कार्य रुक गया है। कुछ किसान जमीन देने के लिए तैयार हो गए हैं, जबकि बाकी से बातचीत जारी है। शहदरा गांव समेत मोहियापुर और आसपास के अन्य गांवों में सड़क निर्माण को लेकर सबसे ज्यादा दिक्कतें सामने आई हैं।

कुछ स्थानों पर सड़क का छोटा-सा हिस्सा अधूरा रह गया है, लेकिन वही हिस्सा पूरी 45 मीटर चौड़ी सड़क को बेकार बना रहा है। अगर किसान जमीन देने के लिए राजी हो जाते हैं और इस सड़क का काम पूरा हो जाता है, तो नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर लगने वाला रोजाना जाम और ट्रैफिक का दबाव काफी हद तक कम हो जाएगा। खासतौर पर सुबह और शाम के समय ऑफिस आने-जाने वाले लोगों को काफी राहत मिलेगी।

**प्राधिकरण ने शुरू की किसानों से बातचीत:** प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि जमीन अधिग्रहण को लेकर किसानों से बातचीत जल्द शुरू की जाएगी। आपसी सहमति से जमीन लेकर सड़क निर्माण पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि किसी तरह का विवाद न हो और परियोजना जल्द पूरी हो सके। फिलहाल यह सवाल सबसे बड़ा बना हुआ है कि आखिर इस सड़क का काम कब पूरा होगा। जब तक जमीन का मसला पूरी तरह हल नहीं होता, तब तक नोएडा और ग्रेटर नोएडा के बीच सफर करने वालों को जाम से राहत मिलती नजर नहीं आ रही है।

# दिल्ली छोड़ नोएडा रहने लगा युवक, जान को खतरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जान की खातिर दिल्ली के विज्ञान विहार को छोड़कर नोएडा के सेक्टर-32 में रहने वाले युवक को अब भी हत्या की धमकी मिल रही है। पीड़ित ने दिल्ली निवासी दो भाइयों पर हत्या की धमकी देने और जान का खतरा जताते हुए सेक्टर-24 थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। सेक्टर-32 स्थित अमोरे आर्केड सोसाइटी निवासी सुमित गुप्ता ने पुलिस को बताया कि वह पूर्व में दिल्ली के विज्ञान विहार में रहते थे। वहां के रहने वाले सौरभ गौर और उसके भाई निखिल गौर से उनका विवाद रहता था। आरोपियों ने पीड़ित को जान से मारने की धमकी दी थी।

इसके चलते वह दिल्ली छोड़कर नोएडा की सोसाइटी में रहने लगे। पीड़ित ने बताया कि वह 20 नवंबर की शाम इस्कॉन मंदिर के पास खड़े थे, तभी सौरभ गौर वहां आ धमका। उसने सुमित का कॉलर पकड़कर अभद्रता की। इसके बाद सौरभ गौर ने 25 दिसंबर को फोन पर जान से मारने की धमकी दी। निखिल गौर ने 27 दिसंबर को फोन करके पिस्टल से गोली मारकर हत्या करने की धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि 27 दिसंबर की रात सोसाइटी के बाहर उनकी गाड़ी खड़ी थी। इसी बीच किसी अज्ञात व्यक्ति ने ईंट मारकर गाड़ी का शीशा तोड़ दिया और गाड़ी चारों तरफ से क्षतिग्रस्त कर दी। पीड़ित का कहना है कि दिल्ली छोड़कर नोएडा आने पर भी आरोपी उसे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर जांच की जा रही है। साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# होटल में बुलाकर युवती से दुष्कर्म

**नोएडा।** फेज-3 थाना क्षेत्र स्थित एक होटल में बुलाकर युवती से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। शादी का झांसा देकर घटना को अंजाम देने का आरोप है। पुलिस ने दिल्ली निवासी पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक पीड़िता दिल्ली के जैतपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली है। उसने जैतपुर थाने में शून्य अपराध संख्या पर एफआईआर दर्ज कराई थी। विवेचना के लिए एफआईआर ट्रांसफर होकर आई है। एफआईआर में पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह नोएडा की एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करती है। करीब एक वर्ष पूर्व उसकी मुलाकात बिसरख थाना क्षेत्र निवासी युवक से हुई। दोनों के बीच शुरुआत में दोस्ती हुई। धीरे-धीरे करके दोनों के बीच प्रेम संबंध स्थापित हो गए।

# साइबर ठगी के लिए पहले थाईलैंड फिर भेजा म्यांमार

**■ एजेंट को नोएडा पुलिस ने शामली से पकड़ा, नौकरी के नाम पर छह को भेज चुका विदेश**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा साइबर क्राइम की टीम ने एक एजेंट को शामली से गिरफ्तार किया है। ये बेरोजगार युवाओं को विदेश में नौकरी दिलाने पर फंसाता और उन्हें विदेश में बैठे साइबर ठगों को सौंप देता था। साइबर ठग ऐसे युवाओं से साइबर ठगी करवाते है।

आरोपी की पहचान शुभम पुंडीर हुई है। अब तक पूछताछ में छह लोगों को थाइलैंड के रास्ते म्यांमार भेज चुका है। डीसीपी साइबर क्राइम शैव्या गोयल ने बताया कि नोएडा सेक्टर 73 निवासी पीड़ित ने 12 जनवरी को मुकदमा दर्ज कराया। उसने बताया कि इंस्टाग्राम के जरिए उसकी मुलाकात शुभम नाम के व्यक्ति से हुई। शुभम ने उसे विदेश में डाटा एंट्री करने की नौकरी दिलाने का झांसा दिया। उससे थाईलैंड भेजने के नाम पर 80 हजार रुपए लिए। शुभम ने उसका टिकट बुक किया और उसे थाईलैंड भेजा दिया।

**थाईलैंड से उसे म्यांमार भेजा गया:** वहां मौजूद एक अन्य ऐजेंट उसे साइबर अपराधियों के पास ले गया। जहां से उसे म्यांमार देश लाया गया। वहां उससे जबरन साइबर ठगी का काम करवाया गया। उसको म्यांमार में साइबर स्लेवरी में रखा और दुनिया के विभिन्न देशों के व्यक्तियों को साइबर ठगी के लिए सोशल मीडिया प्लेट फार्म जैसे फेसबुक इस्ट्राग्राम, टिन्डर ऐप आदि के माध्यम से ग्रेटिंग मैसेज भिजवाए गए। जिससे ठगी हो रही है।

**रेस्क्यू करके लाया गया भारत:** किसी तरह पीड़ित का रेस्क्यू किया गया और उसे भारत लाया गया। पीड़ित की लिखित तहरीर के आधार पर एजेंट के खिलाफ थाना साइबर क्राइम पर मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया। वो शुभम से इंस्टाग्राम के माध्यम से संपर्क में आया। उसने बताया कि वहां और भी ऐसे लोग है।

**छह लोगों को अब तक भेजा:** डीसीपी ने बताया कि शुभम उप्र के अलावा अलग-अलग राज्यों के छह लोगों को इसी तरह पहले थाइलैंड फिर वहां से म्यांमार भेज चुका है। पुलिस इस गिरोह की पूरी चौन को पकड़ने का प्रयास कर रही है। ताकि साइबर ठगों के मुख्य ऐजेंट को पकड़ा जा सके।

# युवक ने धोखे में रखकर शादी की, गर्भपात भी कराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही युवती ने अपने साथी पर धोखे में रखकर दूसरी लड़की से शादी करने का आरोप लगा सेक्टर-39 थाने में केस दर्ज कराया है। इस संबंध में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। नोएडा निवासी युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि संभल के कृष्णा कुमार उर्फ आकाश से कुछ साल पहले उसकी नजदीकी बढ़ी। आकाश के साथ युवती बीते चार सालों से लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही है। दावा है कि आकाश ने युवती के साथ मंदिर में शादी की हुई है। इस अवधि में युवती और आरोपी में शारीरिक संबंध बने और युवती गर्भवती हो गई। आकाश ने अस्पताल ले जाकर गर्भ गिरवा दिया। इससे कई दिन तक युवती की तबीयत खराब रही। शिकायतकर्ता युवती का कहना है कि आकाश अब किसी दूसरी युवती से शादी करने जा रहा है। युवती ने ऐसा करने से जब आकाश को रोका तो उसने गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

**जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा**

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# मकड़ी खोय में चार दुकानें की ध्वस्त सिविल न्यायालय के आदेश पर हुई कार्रवाई

**पांच घंटे चली कार्रवाई, पुलिस बल व पीएसी रही तैनात**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** सिविल न्यायालय बरेली के आदेश पर बुधवार को गांव मकड़ी खोय में बनी चार दुक. ानों को ध्वस्त कर दिया गया। यह कार्रवाई सिविल न्यायालय के अमीन राकेश चंद के निर्देशन में भारी पुलिस बल व पीएसी की मौजूदगी में की गई।

बताया गया कि ध्वस्त की गई चार दुकानों में से एक दुकान लेखराज निवासी हैदरगंज की थी, जबकि तीन दुकानें छत्रपाल की थीं। अमीन राकेश चंद ने बताया कि जसवंत ने वर्ष 2023 में सिविल न्यायालय बरेली में वाद दायर कर आरोप लगाया था कि छत्रपाल व लेखराज ने उसकी जमीन पर अवैध कब्जा कर दुकान व मकान का निर्माण कर लिया है। न्यायालय ने करीब दो माह पूर्व निर्माण को अवैध मानते हुए उसे ध्वस्त कर मलवा हटाकर कब्जा दिलाने का आदेश दिया था।न्यायालय के आद. ेश के अनुपालन में बुधवार को अवैध निर्माण को ध्वस्त कर जमीन को समतल कराया गया और मलवा हटवाकर स्थान खाली करा दिया गया। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करीब पांच घंटे तक चली। इस दौरान कुछ महिलाओं ने विरोध भी किया, विरोध के दौरान एक महिला बेहोश हो गई।



वहीं, छत्रपाल व लेखराज का कहना है कि कोर्ट ने उन्हें बिना सूचना या नोटिस के एकतरफा आदेश दिया है। उनका दावा है कि जिस जमीन पर दुकानें बनी थीं, वह पैतृक है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जसवंत ने जो जमीन खरीदी थी, उसमें से वह पहले ही तीन लोगों को बेच चुका है और शेष भूमि पर वे काबिज हैं। कार्रवाई के दौरान आंवला, सिरौली, मीरगंज, शाही सहित कई थानों की पुलिस तथा एक प्लाटून पीएसी मौके पर तैनात रही।



# भाजपा नेता-ईओ विवाद में विधान परिषद सभापति सख्त

**प्रमखु सचिव व डीएम से मांगी रिपोर्ट**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** भाजपा नेता आशीष अग्रवाल और नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी के बीच हुए टकराव के मामले में अब विधान परिषद ने सख्त रुख अपनाया है। आशीष अग्रवाल की शिकायत पर विधान परिषद सभापति ने प्रमुख सचिव नगर विकास एवं जिलाधिकारी बरेली को तलब करते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

बताया गया कि 21 नवंबर को फतेहगंज पश्चिमी में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान अधिशासी अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह राठौर और भाजपा नेता आशीष अग्रवाल के बीच विवाद हो गया था। इस घटना के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ शिकायतें दर्ज कराईं। पुलिस ने अधिशासी अधिकारी की तहरीर पर सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में कार्रवाई की, जबकि व्यापारी राहुल गुप्ता द्वारा दो लाख रुपये की मांग लगाए जाने संबंधी तहरीर पर कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई।

इसी को लेकर भाजपा नेता आशीष अग्रवाल ने मुख्यमंत्री, राज्यपाल और विधान परिषद सभापति सहित अन्य उच्चाधिकारियों को लिखित शिकायत भेजी थी। प्रमुख सचिव नगर विकास के निर्देश पर एक सप्ताह पूर्व जिलाधिकारी बरेली ने एडीएम प्रशासन, एडीएम न्यायिक एवं एसपी के साथ नगर पंचायत कार्यालय और घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की थी।

अब विधान परिषद सभापति के निर्देश पर विधान परिषद के उप सचिव धर्मेंद्र मिश्र ने प्रमुख सचिव नगर विकास और जिलाधिकारी बरेली को तलब करते हुए प्रकरण की विस्तृत जांच कर शीघ्र रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा है।

## एक नजर

# नाबालिग बालिका को जबरन ले जाने का प्रयास

**मारपीट व धमकी का लगाया आरोप**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के गांव कुल्छा खुर्द निवासी तारा देवी पत्नी कुंवर सेन ने थाना पुलिस को तहरीर देकर गंभीर आरोप लगाए हैं। तारा देवी के अनुसार वह मंगलवार की रात करीब 9:30 बजे अपनी नाबालिग पुत्री को बाल विकास समिति से लेकर अपने बहनोई महेश पाल के घर ग्राम सिल्लापुर गई थी।

आरोप है कि बुधवार को लगभग शाम 4 बजे गांव कुल्छा खुर्द निवासी दिनेश पुत्र रतन लाल एवं विजयपाल पुत्र मायाराम सिल्लापुर स्थित बहनोई के घर पहुंचे और उसकी पुत्री को जबरन ले जाने का प्रयास करने लगे। विरोध करने पर आरोपितों ने गाली-गलौज करते हुए बहनोई महेश पाल के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।शोर मचाने पर आरोपित धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़िता ने घटना की सूचना तत्काल थाना पुलिस को दी और लिखित तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। आरोपितों की तलाश की जा रही है और जांच के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# जमीन बंटवारे को लेकर चाचा भतीजे में हुई मारपीट

**पुलिस ने किया शांतिभंग में चालान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** थाना क्षेत्र के गांव सोरहा में जमीन बांटने को लेकर चाचा भतीजे में हुई मारपीट पुलिस ने शांतिभंग में चालान किया।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सोरहा में शमशाद व उसका भतीजा जुवैद जमीन बांटने को लेकर दो दिन पूर्व आमने सामने आ गए थे। इस मामले में लोगों ने मामला रफा दफा करवा दिया था ताकि इन लोगों में आपस में विवाद ना हो। बताया जा रहा कि इस मामले में मंगलवार को बिना किसी आपसी रजामंदी के जुवैद पुत्र बाबू कई लोगों के साथ खेत पर गड्ढे खोदकर पेड़ लगाने लगा इस पर शमशाद ने विरोध दर्ज कराया तब इन दोनों लोगों में मारपीट की नौबत आ गई। समय रहते पुलिस की सतर्कता से स्थिति पर काबू पा लिया गया और बड़ा हादसा टल गया। सूचना मिलते ही एसआई आदेश कुमार कॉन्स्टेबल लेखपाल सागर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और हालात को नियंत्रण में लिया। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए दोनों पक्षों का शांति भंग की धाराओं में चालान कर दिया गया।

थाना प्रभारी प्रयागराज सिंह ने बताया कि किसी भी तरह से कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# अधिवक्ताओं के अपार समर्थन से गदगद नजर आए पूर्व विधायक डा. शाहनवाज राना

## बरेली में हुआ ऐतिहासिक स्वागत, कचहरी परिसर में दिखा उत्साह और एकजुटता का माहौल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बार काउंसिल चुनाव**

**बरेली।** बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के चुनाव में मजबूती से अपनी दावेदारी पेश कर रहे पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. शाहनवाज राना बुधवार को बरेली पहुंचे, जहां कचहरी परिसर में अधिवक्ताओं ने उनका जोरदार और भव्य स्वागत किया। उनके आगमन से अधिवक्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला और पूरा परिसर चुनावी रंग में रंगा नजर आया।

बरेली पहुंचते ही डॉ. शाहनवाज राना ने अधिवक्ताओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की, जिसमें अधिवक्ताओं से जुड़े ज्वलंत मुद्दों, बार काउंसिल की भूमिका, न्यायिक व्यवस्था में अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान डॉ. राना ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अधिवक्ता समाज न्याय व्यवस्था की रीढ़ है और उनके सम्मान, सुरक्षा व अधिकारों के लिए वे हमेशा संघर्ष करते रहेंगे। डॉ. शाहनवाज राना ने अधिवक्ताओं से सीधा संवाद करते हुए समर्थन और सहयोग की अपील की। इसके पश्चात वे कचहरी परिसर में सीट-सीट जाकर अधिवक्ताओं से मिले और व्यक्तिगत रूप से समर्थन मांगा। इस दौरान अधिवक्ताओं ने उन्हें भरपूर समर्थन देने का आश्वासन दिया। अधिवक्ताओं का अपार स्नेह और विश्वास देखकर डॉ. राना गदगद नजर आए और उनके चेहरे पर आत्मविश्वास साफ झलक रहा था।

सुबह करीब 11 बजे बरेली पहुंचे डॉ. शाहनवाज राना ने बरेली सहित पूरे जनपद के अधिवक्ता साथियों से अपील करते हुए कहा कि वे उन्हें क्रमांक 266 पर प्रथम वरीयता का मत देकर विजयी बनाएं। उन्होंने कहा कि यदि उन्हें अवसर मिला तो वे अधिवक्ताओं की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल कराने का हर संभव प्रयास करेंगे और बार काउंसिल को और अधिक सशक्त बनाएंगे।



डॉ. राना के साथ बड़ी संख्या में वरिष्ठ व युवा अधिवक्ता मौजूद रहे, जिन्होंने पूरे जोश के साथ उनके समर्थन में एकजुटता दिखाई। जनसंपर्क अभियान के बाद डॉ. शाहनवाज राना की ओर से अधिवक्ताओं के सम्मान में लंच का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ता शामिल हुए। अधिवक्ताओं के उत्साह, अपनत्व और समर्थन से अभिभूत डॉ. राना ने सभी अधिवक्ता साथियों का दिल से आभार व्यक्त किया और कहा कि यह प्यार और विश्वास उन्हें और अधिक ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।





इस दौरान अधिवक्ता इमारत हुसैन अंसारी, वसी अहमद, मुश्ताक, नसीमुल्लाह, संजीव शंखधर, बालमुकुंद गंगवार, अनिल अग्रवाल, शशिकांत तिवारी, मो. इरफान मुनीम, मुमताज अली, मयूर तलवार, ऋषभ मिश्रा, जफरूद्दीन मंसूरी, आदर्श दिवाकर, मुनीब हुसैन जैदी सहित सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ता एवं समर्थक मौजूद रहे।

# लंदन में आरिफ एडवोकेट के पुत्र ने पीजी में किया टॉप

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बहेड़ी।** नगर के मशहूर अधिवक्ता मो0 आरिफ एडवोकेट के पुत्र मोहतशिम रजा ने अपने डिपार्टमेंट में टॉप करके नगर व अपने परिवार का नाम रोशन किया है। मोहतशिम के टॉप करने पर यूनिवर्सिटी की ओर से उन्हें सम्मानित भी किया गया है।

नगर के मोहल्ला बाजार निवासी मोहतशिम रजा मो0 आरिफ एडवोकेट के पुत्र हैं। उन्होंने ग्रीनविच यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन (यू. के.) में इंटरनेशनल बिजनेस मैनेजमेंट पी. जी. में अपने डिपार्टमेंट में टॉप किया है। 7 जनवरी को यूनिवर्सिटी के वाईस चां. सलर ने अवार्ड देकर सम्मानित किया है। उनको अवार्ड मिलने पर उनके परिवार में खुशी का माहौल है।

# देवताओं के जागरण व शुभ का पर्व मकर संक्रांति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** मकर संक्रांति का पर्व सेंथल नगर सहित सभी जगह धूमधाम से मनाया जा रहा है, प्रतिवर्ष चौदह जनवरी को मनाया जाने वाला यह पर्व इस बार माघमाह कृष्ण पक्ष एकादशी होने की वजह से पंद्रह जनवरी को भी मनाना शुभ है।

नवयुवक संघ सेंथल द्वारा खिचड़ी भोज कार्यक्रम इस बार अठारह जनवरी मौनी अमावस्या को मनाया जायेगा। खगोल शास्त्र और ज्योतिष शास्त्र के अनुसार,आकाश मंडल को 12 भागों में बांटा गया है जिन्हें 'राशियां' कहते हैं। मकर इन 12 राशियों में से दसवीं राशि है। 'मकर' का अर्थ संस्कृत में घड़ियाल या मगरमच्छ होता है। जब सूर्य एक राशि से दूसरी राशि में प्रवेश करता है, तो उस प्रक्रिया को 'संक्रांति' कहते हैं। अत: जब सूर्य धनु राशि को छोड़कर 'मकर राशि' में प्रवेश करता है, तो उसे मकर संक्रांति कहा जाता है। मकर संक्रांति मनाने के पीछे निम्न कारण हैं।



पहला उत्तरायण का प्रारंभ-इस दिन से सूर्य उत्तर की दिशा में गति करना शुरू करते हैं। शास्त्रों में उत्तरायण को 'देवताओं का दिन' और दक्षिणायण को 'देवताओं की रात' कहा गया है। महाभारत के अनुसार, भीष्म पितामह ने अपनी मृत्यु के लिए सूर्य के उत्तरायण होने की प्रतीक्षा की थी,क्योंकि इस समय देह त्यागने पर मोक्ष मिलता है। दूसरा पिता-पुत्र का मिलन: पौराणिक कथाओं के अनुसार, सूर्य देव और उनके पुत्र शनि देव के बीच मतभेद थे। लेकिन मकर संक्रांति के दिन सूर्य देव स्वयं अपने पुत्र शनि के घर (मकर राशि शनि की स्वामित्व वाली राशि है) मिलने जाते हैं। यह दिन संबंधों में सुधार और कड़वाहट खत्म करने का प्रतीक है। तीसरा कृषि और आभार: यह पर्व नई फसल के आने की खुशी में मनाया जाता है। किसान प्रकृति और सूर्य देव को अपनी अच्छी फसल के लिए धन्यवाद अर्पित करते हैं। इस दिन लोग खिचड़ी का भोग चावल और उड़द की दाल की खिचड़ी बनाकर भगवान को भोग लगाना और स्वयं प्रसाद ग्रहण करना। तिल और गुड़ का दान और सेवन करना इसे 'खिचड़ी पर्व' भी इसीलिए कहा जाता है।

# पुलिस ने गौकशी के दो अभियुक्तों को मुठभेड़ में किया गिरफ्तार

**पैर में गोली लगने से एक बदमाश हुआ घायल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** पुलिस ने गौकशी में शामिल दो बदमाशों को मुठभेड़ में दबोच लिया। मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश के पैर में गोली लग गई, जिससे वह घायल हो गया। घायल बदमाश को पुलिस ने इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने बदमाशों के पास से अवैध तमंचे और मांस काटने के उपकरण भी बरामद किये हैं।

पुलिस के अनुसार बीती 8 जनवरी 2026 को थाना बहेड़ी क्षेत्र के ग्राम सुकटिया स्थित गन्ने के खाली खेत में प्रतिबंधित पशु का अवैध वध किया गया था। इस मामले में थाना बहेड़ी पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। 13 जनवरी 2026 की रात करीब 8:15 बजे मुखबिर से सूचना मिली कि घटना में शामिल अभियुक्त नारायण नगला क्षेत्र में किसी नई वारदात की फिराक में घूम रहे हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने जंगल क्षेत्र में स्प्लेंडर मोटरसाइकिल सवार दो संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया, लेकिन बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। वहीं पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक अभियुक्त के पैर में गोली लग गई, जबकि दूसरे को घेराबंदी कर पुलिस ने दबोच लिया।





पकड़े गए दोनों अभियुक्तों की पहचान अबरार पुत्र नवी अहमद निवासी रेवड़ी कला थाना मिलक जनपद रामपुर और मुरसलीन पुत्र कलुवा निवासी तोडीपुरा थाना टांडा जनपद रामपुर के रूप में हुई है। दोनों अभियुक्तों के पास से पुलिस ने दो अवैध तमंचे 315 बोर व जिन्दा कारतूस खोखा और चोरी की एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल सहित गौकशी में प्रयुक्त गंडासे, छुरियां, कुल्हाड़ी, सुआ, प्लास्टिक बोरे और रस्सी बरामद की है।

# सभासद मंजू गुप्ता का हुआ निधन, कस्बे में शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नवाबगंज।** पिछले कई दिनों से अस्वस्थ चल रही सभासद मंजू गुप्ता ने बुधवार को आखिरी सांस ली। उपचार के दौरान उनका दोपहर वाद निधन हो गया। सभासद के इंतकाल के बाद कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई।

नगर पालिका परिषद के वार्ड 12 से सभासद चुनी जा आशीष गुप्ता की पत्नी मंजू गुप्ता बेहद शालीन मिजाज की महिला थीं। दो सप्ताह पहले ही उन्हें बरेली के अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उनका उपचार चल रहा था, वुधवार को उपचार के दौरान उनका निधन हो गया।

महिला सभासद मंजू गुप्ता के निधन पर विधायक डॉक्टर एमपी आर्य,नगर पालिका अध्यक्ष प्रेमलता राठौर, भाजपा नेता नीरेंद्र सिंह राठौर, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर आशुतोष गंगवार, भाजपा महिला मोर्चा की जिला महासचिव डॉक्टर मीनाक्षी गंगवार, जिला पंचायत सदस्य लेखराज गंगवार, एशियन लॉ कॉलेज के एम डी एड नंदकिशोर, जीजस एंड मेरी ग्रुप के एम डी आनद सैमसन, युवा अधिवक्ता राजीव गंगवार,सभासद सोनू राठौर, अनुज पाठक, अशोक कुमार शर्मा, रामनारायण गंगवार, विजय शर्मा, टिंकू गंगवार, अजय गंगवार, खुर्शीद अहमद, हसीब सिद्दीकी, मो इदरीस, जुबैदा बेगम, पूर्व सभासद मो असलम अंसारी, तसव्वर हुसैन अंसारी, मो हसन अंसारी, अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन के पूर्व सदर हाजी परवेज गुड्डू, सपा नेता प्रो राशिद अंसारी, हाजी मो परवेज अंसारी,अंसार अहमद पिंडारी,भाजपा नेता राजकुमार गुप्ता, प्रशांत गुप्ता उर्फ लालू,युवा नेता सचिन रस्तोगी, इकबाल डिपो, प्रमोद आनंद, सुरेन्द्र राठौर,नसीम जावेद,आदि ने निधन पर दुख जताया है।

# भोजीपुरा पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर सहित दो को 774 ग्राम चरस के किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** थाना भोजीपुरा पुलिस ने 13 जनवरी की रात को गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 774 ग्राम चरस के साथ क्षेत्र के दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से चरस के साथ नकदी, मोबाइल फोन तथा घटना में प्रयुक्त की गई सोनेट कार भी बरामद की है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में एक क्षेत्र का हिस्ट्रीशीटर भी शामिल है।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति बिल्वा पुल के पास बहेड़ी जाने वाले मार्ग पर सोनेट कार से खड़े हैं और उनके पास चरस है तथा वे कहीं जाने की फिराक में हैं। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए भोजीपुरा थाना प्रभारी राजीव कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घेरा बन्दी कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम राजकुमार उर्फ राजू पुत्र बाबूराम गिहार, निवासी गुलशन नगर निकट आर्य हॉस्पिटल के पास थाना नवाबगंज, जिला बरेली, जामा तलाशी में उसके पास से 654 ग्राम चरस, एक मोबाइल फोन के साथ ही 5 हजार नकद बरामद किए गए। राजकुमार उर्फ राजू थाना नवाबगंज का हिस्ट्रीशीटर है। दूसरे आरोपी ने अपना नाम भरतवीर पुत्र रमेश गंग. वार, निवासी ईदजागीर, थाना नवाबगंज, जिला बरेली, उम्र करीब 27 वर्ष बताया, जामा तलाशी में उसके पास से 120 ग्राम चरस, एक मोबाइल फोन ,4500 रुपए बरामद किए।

इसके अलावा पुलिस ने चरस तस्करी में इस्तेमाल की गई सोनेट कार को भी कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर दोनों को जेल भेज दिया।

पुलिस टीम में कोतवाल राजीव कुमार के साथ ही उप निरीक्षक मनोज कुमार, उप निरीक्षक संदेश सिंह के साथ ही रिंकू, नितिन, नवीन, अंकुश और बीशू शामिल रहे।





## सम्बन्ध विच्छेद

हमने अपने पुत्र प्रदीप कुमार और उसकी पत्नी दीपा को गलत चाल चलन व अभद्र व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति व अपने परिवार से बेदखल कर सम्बन्ध बिच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के कृत्यों, लेनदेन व मुकदमेबाजी आदि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। हमारे परिवार के किसी सदस्य उपरोक्त के किसी कृत्य के लिए किसी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होंगे।

**ओम प्रकाश पुत्र रूमी लाल, कन्यावति पत्नी ओम प्रकाश निवासी नेकपुर गौंटिया नई आबादी सुभाषनगर, (बरेली)**


# बरेली प्रशासन समस्त पूर्व सैनिकों/आश्रितों की सहायतार्थ सदैव तत्पर है: डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में आज दशम वेट्रेन्स दिवस के अवसर पर जनपद की वीरनारियों एवं वीरता एवं विशिष्ट पदक विज. ताओं का अभिनन्दन कार्यक्रम कैम्प कार्यालय में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर डीएम ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्र आपके बलिदान के लिए सदैव ऋणी रहेगा और बरेली प्रशासन समस्त पूर्व सैनिकों/आश्रितों की सहायतार्थ सदैव तत्पर है तथा जिलाधिकारी कार्यालय व आवास के दरवाजे हमेशा खुले हैं कोई भी पूर्व सैनिक कभी भी अपनी समस्या के त्वरित निस्तारण हेतु सम्पर्क कर सकते हैं।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने वीरनारियों ऊषा रानी, पंकज, उमा पाण्डेय, सुहागा देवी, सन्तोष कुमारी, सुनीता शर्मा, सुशीला व अनूप कुमार खन्ना व वीरता एवं विशिष्ट पदक विजेता हवलदार गंगा सहाय, शौर्य चक, आर्नरी फ्लाइंग ऑफीसर सोहन लाल पाल, वायु सेना मेडल, नायक धारा सिंह, सेना मेड ल, नायक ओमपाल, सेना मेडल आदि सैनिकों को शाल, प्रशस्त्रि पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया।

कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) संतोष कुमार सिंह, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कमांडर सतीश कुमार सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।


समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी (बरेली)
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# सीएम डैशबोर्ड के आधार पर विकास एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश

## सीएम डैशबोर्ड पर विकास एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा, धीमी प्रगति पर जताई गई नाराजगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बुधवार को जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर प्राप्त अंकों एवं ग्रेडिंग के आधार पर विकास एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर उपलब्ध प्रगति रिपोर्ट के आधार पर विभिन्न विभागों की गहन समीक्षा की। समीक्षा में सेतु निगम, एनआरएलएम, आईसीडीएस, शिक्षा, बेसिक शिक्षा, पंचायतीराज एवं उद्योग विभाग की प्रगति धीमी पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की।



समीक्षा के दौरान अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग विभाग की दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत छात्रों के आवेदन पत्रों को समय से फॉरवर्ड एवं अपलोड न किए जाने पर जिलाधिकारी ने जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी का वेतन रोके जाने एवं कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा विद्यालयों का निरीक्षण न किए जाने पर उनका वेतन रोकने के निर्देश भी दिए गए। आईसीडीएस विभाग की प्रगति रिपोर्ट असंतोषजनक पाए जाने पर कार्य में तत्काल सुधार लाने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने जनपद में 50 लाख रूपये से अधिक की लागत वाले निर्माण कार्यों की भौतिक प्रगति की समीक्षा करते हुए अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष कम व्यय करने वाली कार्यदाई संस्थाओं यूपी आरएसएस, यूपी पीसीएल, लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग एवं यूपी आरएनएसएस पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों की नियमित मॉनीटरिंग कराते हुए गुणवत्ता की जांच सुनिश्चित कराई जाए।

जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि सभी कार्यदाई संस्थाओं के साथ मासिक बैठक आयोजित की जाए, जिससे निर्माण कार्यों में अपेक्षित गति लाई जा सके।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर प्रदर्शित सभी योजनाओं एवं निर्माण कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिन विभागों की प्रगति धीमी पाई गई है, उन्हें कार्यों में तेजी लाने एवं नियमित मॉनीटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि सभी विभाग अपने-अपने कार्यों की अद्यतन प्रगति समय से मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर अपलोड करें, जिससे योजनाओं की वास्तविक स्थिति की सतत निगरानी सुनिश्चित की जा सके। जिलाधिकारी ने नियोजन विभाग द्वारा कराए जा रहे एएसयूएस एवं पीएलएफएस सर्वे तथा 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए समस्त विभागों को निर्देशित किया कि अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित की जाए तथा प्रगति विवरण प्रेषित करते समय एकरूपता बनाए रखी जाए। बैठक में डीएफओ प्रणव जैन, मुख्य चिकित्साधिकारी डा।दीपा सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# डीएम ने जनता दर्शन के दौरान दिव्यांगजन को प्रदान की ट्राईसाईकिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जनता दर्शन के दौरान जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने कलेक्ट्रेट सभागार में दिव्यांग मती हरवती निवासी ग्राम मिलक खानम को ट्राईसाईकिल प्रदान की गई।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से दिव्यांगजनों को आवश्यक सुविधाएं एवं सहायता उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे वे सम्मानपूर्वक जीवन यापन कर सकें।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि दिव्यांगजनों से संबंधित प्रकरणों में संवेदनशीलता के साथ त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, ताकि पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ समय से प्राप्त हो सके।



ट्राईसाईकिल उपलब्ध होने से दिव्यांग लाभार्थी के दैनिक आवागमन में सुविधा होगी तथा उसकी आत्मनिर्भरता को बल मिलेगा।

जिलाधिकारी ने जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान अन्य शिकायतकर्ताओं की समस्याएं भी सुनी गई एवं संबंधित अधिकारियों को उनके गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए गए।

# थाना केमरी परिसर में आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाला वांछित गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** 12 दिसम्बर को अभियुक्त सूरज पटेल निवासी चिड़िया खेडा थाना केमरी, रामपुर द्वारा थाना केमरी परिसर में आपत्तिजनक टिप्पणी करने के सम्बन्ध में थाना केमरी पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। विवेचना के क्रम में बुधवार को थाना केमरी पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त सूरज पटेल को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।

बताते चलें कि सूरज पटेल बजरंग दल का कार्यकर्ता है वह किसी मामले में किसी के साथ कैमरी थाना पहुंचा था जहां थाने में बंद व्यक्ति को जेल भेजने के लिए कहने लगा लेकिन केमरी पुलिस की ओर से उसे कोई जवाब नहीं दिया गया जिसपर वह आग बबूला हो गया और अपना आपा खो बैठा।



सूरज पटेल ने अपने बड़बोलापन में बोलते हुए अपनी वीडियो भी बनवाया और उसे वायरल भी कर दिया। जिसमें सूरज पटेल थाने में बंद व्यक्ति को जेल भेजने के लिए पुलिस पर दबाव बना रहा था यहां तक कि पुलिस को अपशब्द भी बोल दिए इसके अलावा थाने को आग लगा देने की भी बात कह डाली।

सूरज पटेल इतना आग बबूला हो गया कि उसने कहा कि हम बजरंग दल के कार्यकर्ता हैं अगर यह मामला मिलक थाने में होता तो अब तक बहुत कुछ हो गया होता थाने में बंद व्यक्ति को खींचकर ले जाते।

यही नहीं सूरज पटेल ने एक और वीडियो कुछ देर बाद और बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया जिसमें वह अपने बोलने पर मांफी मांग रहा था। जिसपर पुलिस ने कोई एक्शन नहीं लिया लेकिन जब यह वीडियो मीडिया को मिली तब खबरों के चलने के बाद पुलिस भी हरकत में आ गई।

पुलिस ने थाना केमरी में सूरज पटेल के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया और उसकी तलाश में जुट गई। आखिरकार सूरज पटेल को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

# 35 दिवसीय जूनियर ब्यूटी प्रैक्टिशनर प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बुधवार को पहाड़ी गेट स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा.आरसेटी, रामपुर में महिलाओं हेतु 35 दिवसीय जूनियर ब्यूटी प्रैक्टिशनर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ सहायक अग्रणी जिला प्रबंधक एएलडीएम विजय शंकर कुमार, बैंक ऑफ बड़ौदा, विकास भवन शाखा की अधिकारी नेहा मित्तल एवं आरसेटी फैकल्टी सरफराज हुसैन की गरिमामई उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए सहायक अग्रणी जिला प्रबंधक विजय शंकर कुमार ने कहा कि महिलाएं समाज का आईना होती हैं। यदि महिलाएं अपने पैरों पर खड़ी होकर कार्य करें, तो समाज में बड़ा सकारात्मक परिवर्तन संभव है। इसके लिए आवश्यक है कि वे अपनी जिम्मेदारियों को समझें और पूरे मनोयोग से ब्यूटी पार्लर व्यवसाय का प्रशिक्षण प्राप्त करें, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की समस्या न आए और ग्राहकों से बेहतर व्यवहार कर सकें। उन्होंने यह भी बताया कि यदि व्यवसाय प्रारंभ करने में किसी प्रकार की आर्थिक कठिनाई आती है, तो महिलाएं बैंक से ऋण लेकर अपना स्वयं का व्यवसाय शुरू कर सकती हैं। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए बैंक ऑफ बड़ौदा, विकास भवन शाखा की अधिकारी नेहा मित्तल ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।



धरती से लेकर आकाश तक महिलाओं ने अपनी प्रतिभा के बल पर समाज में अपना नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि संस्थान का मुख्य उद्देश्य बेरोजगार युवक-युवतियों को कौशल प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाना है।

इस अवसर पर आरसेटी फैकल्टी सरफराज हुसैन ने जानकारी देते हुए बताया कि 35 दिवसीय जूनियर ब्यूटी प्रैक्टिशनर प्रशिक्षण कार्यक्रम में ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास, सकारात्मक सोच, बाजार प्रबंधन, समय प्रबंधन, समस्या समाधान एवं बैंकिंग से संबंधित आवश्यक जानकारी भी प्रदान की जाएगी।

## फार्मा ट्रेडर्स एसोसिएशन ने केमिस्टों को किया जागरूक, नियमों व तकनीकी पहलूओं की दी जानकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** फार्मा ट्रेडर्स एसोसिएशन एवं मसवासी केमिस्ट एसोसिएशन की एक बैठक सगंम मेडीकल स्टोर पर हुई जिसमे केमिस्ट समाज के हित में कार्य करने का एहवान किया गया वरिष्ठ उपाध्यक्ष खुर्शीद इकराम ने कहा कि जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा के कुशल एवं दूरदर्शी नेतृहत्व में जिस तरह दुकान-दुकान जाकर केमिस्ट साथियों को नियमों, कंप्लायंस और तकनीकी पहलुओं की जानकारी देकर जागरूक किया गया है, उससे आज केमिस्ट समाज पूरे आत्मविश्वास के साथ, कानून के दायरे में रहकर अपने व्यवसाय को आगे बढ़ा रहा है। मसवासी केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉक्टर महेश मौर्या एवं उनकी पूरी टीम, विशेषकर मनोज मौर्य और अमित सक्सेना, ने जिस एकजुटता, निष्ठा और समर्पण के साथ संगठन को मजबूत किया है, वह वास्तव में सराहनीय है।

आप सभी की मेहनत से यह सिद्ध हो गया है कि जब नेतृत्व मजबूत हो और इरादे नेक हों तो बदलाव अवश्य आता है। इस नए साल पर सभी मेडिकल स्टोर पर कैलेन्डर वितरण किए ओर संगठन को मजबूत करने बल दिया वही 26 तारीख को हो रहे ब्लड डोनेशन मे सभी केमिस्टो से ज्यादा से ज्यादा भाग लेने की अपील की उन्होंन कहा कि

इन्हीं मजबूत इरादों और संगठित प्रयासों से दवा व्यापार सुरक्षित और सशक्त बन रहा है। मैं फार्मा ट्रेडर्स एसोसिएशन एवं मसवासी केमिस्ट एसोसिएशन की पूरी टीम को इस सराहनीय कार्य के लिए बधाई इस दौरान राशिद अली, सुबहान अली मनोज कुमार, राकेश कुमार, अनिल कुमार, आरिफ, प्रेम सिंह, अनिल, आदि शामिल रहे।

# भाजपा सरकार में दलित सुरक्षित नहीं हैं: राजीव अम्बेडकर

■ बिचपुरी गांव में बसपा का कैडर कैंप आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगर।** बहुजन समाज पार्टी से सम्भावित जिला पंचायत सदस्य राजीव अम्बेडकर ने वार्ड नंबर 15 में क्षेत्र के गांव बिचपुरी में बसपा सुप्रीमों मायावती का जन्म दिन को जनकल्याणकारी दिवस के रूप में मंडल मुरादाबाद बसपा कार्यालय पर मानने को लेकर क्षेत्र के लोगों से आवाहन किया। संभावित प्रत्याशी राजीव अंबेडकर ने बसपा के जिला पंचायत सदस्य ने वार्ड नंबर 15 के क्षेत्र में कैडर कैंप लगाने का निर्णय लिया है। और बुधवार को गांव बिचपुरी में बहुजन समाज पार्टी की विचारधारा को लेकर एक कैडर कैंप आयोजित किया गया। जिसमें पूर्व जिला कार्यकारिणी सदस्य एवं संभावित जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी राजीव अंबेडकर ने बसपा की विचारधारा से लोगों को संबंधित करते हुए कहा देश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार में दलित और पिछड़े सुरक्षित नहीं है आए दिन बहन बेटियों का बलात्कार और हत्याएं चरम पर है।

उन्होंने कहा कि बहन जी के नेतृत्व और समाज हित में किए गए कार्य प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि बसपा ही एक मात्र मजबूत पार्टी है, आने वाला समय बहुजन समाज पार्टी का ही होगा। आगे कहा बसपा किसान मजदूर विद्यार्थी के सपनों की साकार पार्टी है जो सर्व समाज के लोगों के हितैषी साबित हुई। बैठक में पूर्व जिला संयोजक भीम प्रिय गौतम ने केंद्र तथा प्रदेश सरकार की विफलताओं का जिक्र किया। और मान्य बहन कुमारी मायावती जी का जन्मदिन मनाने को लेकर लोगों से आवाहन किया। इस अवसर पर दिनेश बाबू एडवोकेट, जिया लाल, राजा बाबू, धर्म वीर सिंह, लखपत सिंह, चंद्रपाल, चंद्रभान, शंकर सिंह, गौरव सागर आदि उपस्थित रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पिपला शिवनगर निवासी हिरदेश द्ध30 ऋ पुत्र रामपाल हिरदेश अपनी बाइक से मिलक किसी काम से आए थे। जनवरी 2026 को लगभग 5रू30 बजे मिलक से अपने गांव पीपला शिवनगर को जा रहे थे पटिया मोड पर किसी अज्ञात वाहन ने हिरदेश की बाइक में टक्कर मार दी जिसमें हिरदेश गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से 108 एंबुलेंस को सूचना दी सूचना पर ईमटी अवनीश पायलट ओंकार तत्काल सूचना पर एंबुलेंस लेकर पहुंचे और घायल को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक पर लाया गया। सूचना पर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची घायल को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया जहां पर डॉक्टरों ने हिरदेश को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर मृतक के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए यह सूचना सुन परिजन रोने चिल्लाने लगे मृतक हिरदेश के दो बच्चे है मृतक के घर परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# धूमधाम से मनाया राजा मांन्धाता कोरी का जन्मदिन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** नगर में कोरी समाज ने राजा मांन्धाता कोरी का जन्म दिवस धूमधाम के साथ मनाया। नगर के मोहल्ला नसीराबाद में पूर्व सभासद तेजपालसिंह के आवास पर सभी कोरी/कोली समाज के लोगों ने मिलकर राजा मान्धाता कोली जी का जन्म दिवस बहुत धूमधाम से मनाया और उनके जीवन संघर्ष पर विचार व्यक्ति है उनके बताएं मार्ग पर चलने का भी आहवान किया।

इस अवसर पर भरत कोरी, अमर नाथ कोरी, होरी लाल, सोहन लाल कोरी, राकेश कोरी, जमुना कोरी, राजेश कोरी, सभासद भूकन लाल राठौर , वीरेंद्र कोरी, प्रेमपाल कोरी, सभासद वीरवती कोली, ज्योति कोरी, रामप्यारी ,सुनीता देवी, भाग्यवती, वीरवती, प्रीति देवी, भीष्मवती, ज्योति आदि लोग उपस्थित रहे।

# बैठक में बसपा सुप्रीमो के जन्मदिन को ऐतिहासिक बनाने का आह्वान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बहुजन समाज पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक ग्राम केसरपुर, विधानसभा क्षेत्र चमरूआ में शाहिद भाई के आवास पर आयोजित की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए मंडल कोऑर्डिनेटर बांकेलाल सागर ने कहा कि 15 जनवरी को बहन जी का जन्मदिन मंडल स्तर पर मुरादाबाद में बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बहन जी का जन्मदिन ऐतिहासिक होगा और इसके लिए पूरे जिले में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। पार्टी कार्यकर्ता जगह-जगह प्रचार-प्रसार कर कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हुए हैं।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष प्रमोद सागर एडवोकेट निरंकारी ने कहा कि पूरे जिले में बसें लगाई गई हैं। इसके अलावा कार्यकर्ता अपने-अपने निजी वाहनों से भी कार्यक्रम में पहुंचेंगे। ग्रामीण क्षेत्रों से भारी संख्या में लोग मोटरसाइकिलों द्वारा मुरादाबाद पहुंचेंगे।



उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की कि 15 जनवरी को प्रात: 11 बजे तक मुरादाबाद स्थित अंबेडकर पार्क में अनिवार्य रूप से पहुंचें। इस अवसर पर शाहिद, रमेश वास्तव, मोहम्मद यूनुस, राजू सागर, अमीर अहमद गुप्ता, रियासत, सगीर अहमद, खुर्शीद, हाजी इदरीश, अशरफ, राशिद अल्वी, गुड्डू, अय्यूब, मोहम्मद रफी, बाबू, जावेद, फहीम सहित अनेक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## भाकियू भानू का सम्मान समारोह सीओ व कोतवाल का किया अभिनंदन



**शाहवेज अली**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** बुधवार को भारतीय किसान यूनियन द्धभानूऋ के पदाधिकारियों एवं क्षेत्र के किसानों द्वारा एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीओ शाहबाद देवकीनंदन का गर्मजोशी से स्वागत किया गया, वहीं क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने और जनहित में किए गए सराहनीय कार्यों के लिए कोतवाल संजय सिंह को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर किसानों और पदाधिकारियों ने कहा कि पुलिस प्रशासन द्वारा किसानों की समस्याओं को संवेदनशीलता से सुना जा रहा है और क्षेत्र में शांति व सुरक्षा का माहौल बना है, जो सराहनीय है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आगे भी इसी तरह सहयोग और संवाद बना रहेगा।सम्मान समारोह में मंडल सचिव झंडू सिंह यादव आकिल खां अफजल भाई सलमान शकील वीरेंद्र सिंह विद्याराम पाल रामचरण सिंह श्याम सिंह मुख्तार सहा सहित दर्जनों किसान एवं भाकियू भानू के कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# शाहबाद में सीओ देवकी नंदन का पत्रकार सम्मेलन, शांति व सहयोग पर दिया जोर

**शाहवेज अली**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** क्षेत्राधिकारी सीओ शाहबाद देवकी नंदन द्वारा बुधवार को एक पत्रकार सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें नगर एवं क्षेत्र के अनेक पत्रकारों ने भाग लिया। सम्मेलन के दौरान सीओ ने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था और शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने को लेकर विस्तार से चर्चा की। सीओ देवकी नंदन ने कहा कि समाज में शांति और सौहार्द बनाए रखने में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने पत्रकारों से अपील की कि वे तथ्यपरक और जिम्मेदार पत्रकारिता के माध्यम से सकारात्मक संदेश समाज तक पहुंचाएं, जिससे अफवाहों पर रोक लगे और आपसी भाईचारा बना रहे।



उन्होंने बताया कि पुलिस प्रशासन आमजन की सुरक्षा और शांति व्यवस्था के लिए पूरी तरह सतर्क है तथा किसी भी प्रकार की अराजकता या कानून-व्यवस्था बिगाड़ने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

साथ ही पत्रकारों से सहयोग की अपेक्षा जताते हुए कहा कि पुलिस और मीडिया के आपसी समन्वय से क्षेत्र में शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखना और अधिक प्रभावी होगा।

पत्रकार सम्मेलन के दौरान उपस्थित पत्रकारों ने भी अपने सुझाव रखे और क्षेत्र में शांति व सुरक्षा को लेकर प्रशासन के साथ सहयोग करने का भरोसा दिलाया।

सम्मेलन सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# एटीएम बदलकर किसान के एक लाख उड़ाए

### नगर के अतरासी चौराहे की वारदात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शहर में एटीएम ठगी का एक और मामला सामने आया है, जहां शातिर युवक ने किसान को झांसे में लेकर उसका एटीएम कार्ड बदल दिया और कुछ ही देर में खाते से एक लाख से अधिक रुपये निकाल लिए। पीड़ित को मोबाइल पर रकम कटने के मैसेज आए तो उसके होश उड़ गए, जिसके बाद उसने तुरंत बैंक और पुलिस को सूचना दी।

नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव मुकारी निवासी किसान आसिम अली बीती 11 जनवरी को पत्नी सायमा खातून के साथ अमरोहा शहर में खरीदारी करने आए थे। दोपहर में करीब तीन बजे वह अतरासी चौराहे पर स्थित पीएनबी के एटीएम से रुपये निकालने पहुंचे। उनके पीछे से एक युवक भी बूथ में आ गया। किसान आसिम अली को धोखा देकर युवक ने उनका एटीएम कार्ड बदल दिया। एटीएम कार्ड बदलने से अनजान आसिम अली वहां से चले गए। लेकिन कुछ देर बाद उनके मोबाइल पर खाते से रुपये निकलने के अलर्ट मैसेज आने लगे। इस तरह उनके खाते से 102530 रुपये निकल गए। खाते से रकम कटने पर आसिम अली के होश उड़ गए। उन्होंने तुरंत बैंक पहुंचते हुए खाते से लेनदेन पर रोक लगवाई और सूचना शहर कोतवाली को दी। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि मामले में अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की गई है। बूथ में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक की जा रही है। आरोपी की जल्दी ही पहचान कर ली जाएगी।

# राशिद हत्याकांड का मुख्य आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

### पैर में लगी गोली, एसपी ने किया था 25 हजार का इनाम घोषित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पेशकार राशिद हुसैन की पिटाई के दौरान हुई मौत से जुड़े मुकदमे में 25 हजार रुपये के इनामी मुख्य आरोपी कलीम को डिडौली पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया है। पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। हाईवे स्थित गांव नीलोखेड़ी में मंगलवार देर रात गश्त कर रही पुलिस टीम का आरोपी कलीम से आमना-सामना हुआ था। फायरिंग में एक गोली दरोगा तारिक की बुलेट प्रूफ जैकेट में भी लगी। सूचना मिलते ही एसपी-एएसपी ने घटनास्थल का मुआयना किया। आरोपी कलीम के कब्जे से तमंचा, दो जिंदा कारतूस, बाइक व मोबाइल बरामद होने का दावा किया गया है। फिलहाल, पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।



जानकारी के मुताबिक शहर के मोहल्ला नल नई बस्ती निवासी राशिद हुसैन जिला जजी में पेशकार थे। रविवार दोपहर वह पत्नी रुखसार, भतीजे सलमान और तीन बच्चों के साथ कार में सवार होकर रिश्तेदारी में मुरादाबाद जा रहे थे। जोया-बंबूगढ़ बाईपास पर गांव हुसैनपुर के पास वहीं के रहने वाले नफीस की बाइक की राशिद हुसैन की कार से मामूली टक्कर हो गई थी। इसके बाद गांव हुसैनपुर के युवकों ने पीछा कर राशिद हुसैन को संभल चौराहे से थोड़ा आगे गांव हरियाना के पास घेर लिया था। हमलावरों ने कार से नीचे उतारने के बाद मारपीट शुरू कर दी थी। पिटाई के दौरान हार्ट अटैक से राशिद हुसैन की मौत हो गई थी। मामले में डिडौली पुलिस ने मृतक के भतीजे सलमान की तहरीर पर बाइक सवार नफीस के बेटे शान तथा परिवार के ही कलीम, कसीम व नसीम के अलावा तीन अज्ञात के विरूद्ध हत्या के आरोप में मुकदमा दर्ज किया था। सोमवार को पुलिस ने आरोपी शान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मुख्य आरोपी कलीम की गिरफ्तारी पर एसपी अमित कुमार आनंद ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। इसके बाद से ही पुलिस शिद्दत से उसकी तलाश में जुटी थी। एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि मंगलवार देर रात पुलिस टीम गश्त कर रही थी। उसी दौरान गांव नीलोखेड़ी में एक प्लॉट के पास आरोपी कलीम खड़ा दिखाई दिया। पुलिसकर्मियों ने आत्मसमर्पण करने के लिए कहा तो उसने फायरिंग कर दी, खुद को बचाते हुए पुलिस की ओर से भी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की गई। जिसमें पैर में गोली लगने से कलीम घायल हो गया। मुठभेड़ में एक गोली उपनिरीक्षक तारिक की बुलेट प्रूफ जैकेट में भी लगी है। घायल कलीम का पुलिस की निगरानी में जिलें अस्पताल में उपचार चल रहा है। उसके कब्जे से एक तमंचा, एक खोखा, दो जिंदा कारतूस, मोबाइल व बाइक बरामद हुई है। मामले अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। फरार अन्य आरोपियों को भी जल्दी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# नमाज पढ़कर लौटते युवक पर चाकू से हमला

### पिता व बेटों समेत चार पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नमाज पढ़कर घर लौटते समय कुछ लोगों ने मारपीट के दौरान युवक पर चाकू से हमला कर दिया।मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। मामले में पिता के अलावा दो बेटों समेत चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। हमले में गंभीर घायल युवक का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है, उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

घटना अमरोहा नगर के मोहल्ला मोहम्मदी सराय चौराहे के पास हुई। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मोहम्मदी सराय में मोहम्मद साबिर का परिवार रहता है। बीती 10 जनवरी की रात करीब नौ बजे उनका बेटा मोहम्मद फरीद नमाज पढ़कर घर लौट रहा था। आरोप है कि रास्ते में मोहल्ला मोहम्मदी सराय चौराहे पर चुना भट्टी के रहने वाले फैजान, सज्जाद, इस्लाम तथा मोहल्ला मोहम्मदी सराय के रहने वाले अजमल ने घेर लिया तथा मारपीट शुरू कर दी। फरीद को सड़क पर दौड़ाकर पीटा, उसी बीच और जान से मारने की नीयत से उस पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में फरीद लहूलुहान हो गया। राहगीरों को रुकते हुए देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया मामले में सज्जाद, फैजान, इस्लाम और अजमल के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी सज्जाद और फैजान सगे भाई हैं जो आरोपी इस्लाम के बेटे हैं। आरोपियों को जल्दी गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

# बिजनौर रोड से पालिका ने हटवाया अतिक्रमण

### जाम से निजात दिलाने की पहल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नगर पालिका परिषद द्वारा बुधवार को बिजनौर रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व पालिका उप नगरायुक्त डॉ. बृजेश कुमार ने किया। कार्रवाई के दौरान सड़क किनारे लगाए गए फड़, ठेले, स्टाल और अवैध रूप से लगे विज्ञापन बोर्ड हटवाए गए, जिससे मार्ग को सुचारु और सुरक्षित बनाया जा सके। इस संबंध में उप नगरायुक्त डॉ. बृजेश कुमार ने बताया कि नगर के मुख्य मार्गों और व्यस्त चौराहों पर अतिक्रमण के कारण सड़कों की चौड़ाई कम हो गई थी, जिससे आए दिन जाम की स्थिति बन रही थी और आवागमन बाधित हो रहा था। सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक में व्यापारिक संगठनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी अतिक्रमण हटाने की मांग उठाई थी। इस पर जिलाधिकारी के निर्देशानुसार विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। डॉ. बृजेश कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेशों के अनुपालन में बिजनौर रोड स्थित अतरासी चौराहे पर अतिक्रमण हटवाया गया। साथ ही राज्य राजमार्ग पर सड़क किनारे लगे ऐसे विज्ञापन बोर्ड भी हटाए गए, जो दृष्टि बाधित कर दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ा रहे थे। पालिका उप नगरायुक्त ने स्पष्ट किया कि अतिक्रमण हटाओ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। उन्होंने आमजन से अपील की कि सरकारी मार्गों, शासकीय भूमि और चौराहों पर अतिक्रमण न करें तथा नगर को स्वच्छ, सुंदर और सुरक्षित बनाने में नगर पालिका का सहयोग करें।

# ट्रैक्टर के नीचे दबकर किसान की मौत

### परिजनों में मचा कोहराम





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** ट्रैक्टर पलटने के कारण उसके नीचे दबकर किसान की दर्दनाक मौत हो गई। परिजनों को लेकर अपने घर आ गये।

कोतवाली क्षेत्र के गांव मनौटा निवासी कपिल पुत्र हरि सिंह परिवार के लोगों के साथ ट्रैक्टर लेकर अपने खेत पर गया था। वह नर्सरी के पेड़ ट्रैक्टर से उठाकर दूसरे स्थान पर रख रहा था। इस दौरान ट्रैक्टर का अगला हिस्सा पलट कर कपिल के ऊपर गिर गया जिससे वह उसके नीचे दब गया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। कुछ ही देर में वहां चीख पुकार मच गई। मौके पर काफी भीड़ जमा हो गई। जैसे तैसे कर ग्रामीणों ने ट्रैक्टर के नीचे से कपिल को बाहर निकाला। कपिल आयु 32 की मौत होने से परिवार में कोहराम मच गया। कपिल की 11 माह पहले पड़ोसी गांव रझेडा निवासी अखिलेश के साथ शादी हुई थी। बताया जाता है कि 2007 में कपिल के भाई सुभाष की मौत हो गई थी। हरि सिंह के तीन पुत्र थे जिसमें 2 की मौत हो चुकी है। कपिल की लाश को लेकर परिजन अपने घर आ गये। कपिल की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# कारोबारी के घर में घुसकर मारपीट, हत्या की धमकी

### पांच माह बाद आठ आरोपियों पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** कारोबारी के घर में घुसकर मारपीट की गई। दूसरे समुदाय के आरोपी बाद में जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने घटना के पांच महीने बाद मामले में आठ आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

शहर के मोहल्ला लकड़ा में कारोबारी चंद्रपाल सिंह का परिवार रहता है। उनके साथ जुड़ी यह घटना बीती नौ अगस्त 2025 की है। उनका आरोप है कि मोहल्ले के ही रहने वाले हाजी मुजाहिद, जकी और वसीम ने उनके साथ घर में घुसकर मारपीट की थी। विरोध करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए थे। इसके बाद 23 सितंबर 2025 को चंद्रपाल सिंह अपने घर में मौजूद थे। उसी दौरान उमर, सद्दाम, सलमान और मारूफ ने घर में घुसकर हमला कर दिया। शोर मचाने पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। खुद को घिरता हुआ देख आरोपी तब भी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पीड़ित चंद्रपाल सिंह ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। मामले में अब पुलिस ने हाजी मुजाहिद, भूरे, जकी, उमर, सलमान, सद्दाम, मारूफ व वसीम के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट व धमकी देने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। आरोपियों का जल्द ही चालान किया जाएगा।

# एनएसयूआई लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेस का धरना

### राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** एनएसयूआई कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेस ने योगी सरकार को बर्खास्त किए जाने की मांग को राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी कार्यालय पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया ने कहा कि वाराणसी में एनएसयूआई के कार्यकर्ता एसआईआर, वोट चोरी और केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे। इसके बावजूद पुलिस ने न केवल कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज किया, बल्कि एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी के साथ भी अमर्यादित व्यवहार किया, जो एक स्वस्थ लोकतंत्र में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओं को लॉकअप में बंद किया गया और पुलिस द्वारा उनके घरों पर पहुंचकर बच्चों व महिलाओं को भी परेशान किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर पुलिस द्वारा अपनाई गई दमनकारी और अलोकतांत्रिक कार्यशैली की कड़ी निंदा करती है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस तरह का दमन जारी रहा तो कांग्रेस आंदोलन को और तेज करेगी। ज्ञापन सौंपने वालों में चौधरी सुखराज सिंह, पूर्व शहर अध्यक्ष फैज आलम राईनी, हाजी खुर्शीद अनवर, राज. कुमार, अरुण शाहिद, सिद्दीकी खेड़ी, अली इमाम रिजवी, इकबाल अंसारी, मोहसिन अली, हरस्वरूप प्रधान, इकराम हुसैन जैदी, डॉ. मुशर्रफ खान, मंगल गुर्जर, मुमताज अली, इशरत अली सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ऑनलाइन ठगी करने वाले दो गिरफ्तार

### नौकरी का झांसा देकर करते थे ठगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** साइबर थाना पुलिस ने ऑनलाइन नौकरी का झांसा देकर ठगी करने वाले दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से लगभग 17 हजार रुपये नकद, लैपटॉप और फर्जी दस्तावेज बरामद हुए हैं। अमरोहा एसपी अमित कुमार आनंद ने मंगलवार शाम यह जानकारी दी। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान संभल जिले के नूरिया सराय निवासी मोहम्मद फहीम पुत्र जरीफ हुसैन और मुरादाबाद के कुंदन नगर निवासी विशाल पुत्र जय प्रकाश के रूप में हुई है। उनके दो साथी रोहन यादव (मुरादाबाद) और शाहबाज अहमद (बिजनौर) अभी फरार हैं। ये ठग ऑनलाइन नौकरी पोर्टलों पर सक्रिय रहते थे। वे नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं को निशाना बनाते थे और उन्हें नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी करते थे। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ विभिन्न राज्यों में पहले भी ठगी के कई मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो लैपटॉप, छह मोबाइल फोन, फर्जी दस्तावेज और करीब 17 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है। फरार साथियों की तलाश जारी है।

# नेताजी जयंती पर ब्लैकआउट, प्रशासन अलर्ट

### मार्कड्रिल का आयोजन, गाइडलाइन जारी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर 23 जनवरी 2026 को प्रस्तावित ब्लैकआउट मॉकड्रिल को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। नागरिक सुरक्षा निदेशालय के निर्देश पर जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित विभागों के साथ बैठक कर मॉकड्रिल की रूपरेखा तय की गई।

जिलाधिकारी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय से अभ्यास कराने, नोडल अधिकारी नामित करने, स्वयंसेवकों की तैनाती और ड्रोन से निगरानी के निर्देश दिए। नगर निकायों और ग्राम पंचायतों के माध्यम से आमजन को जागरूक करने पर जोर दिया गया। स्कूलों और कॉलेजों में भी विशेष जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। मॉकड्रिल के दौरान दो मिनट तक सायरन बजाकर हवाई हमले की चेतावनी दी जाएगी, इसके बाद ब्लैकआउट कर नागरिकों को सुरक्षित स्थान पर शरण लेने का अभ्यास कराया जाएगा। खतरा टलने पर 'ऑल क्लियर' सायरन बजेगा। इस दौरान आग बुझाने, घायलों को प्राथमिक उपचार देने और राहत कार्यों का प्रदर्शन किया जाएगा। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि मॉकड्रिल के समय घबराएं नहीं, अफवाहों से बचें और प्रशासन का सहयोग करें। आपदा प्रबंधन कंट्रोल रूम का नंबर 05922-252100 जारी किया गया है।

# दिग्विजय भाटी के खिलाफ एक और मुकदमा

### स्टंटबाजी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** नियमों को ताक पर रखकर सड़क पर हुड़दंग मचाना भारतीय किसान यूनियन बीआर अंबेडकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिग्विजय सिंह भाटी को भारी पड़ गया है। हसनपुर कोतवाली पुलिस ने सोशल मीडिया पर वायरल हुए स्टंटबाजी के वीडियो का संज्ञान लेते हुए दिग्विजय भाटी और उनके अज्ञात साथियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

दरअसल बीती 13 जनवरी को हसनपुर नगर के अतरासी अड्डे के पास संभल-गजरौला मुख्य मार्ग पर दिग्विजय भाटी का काफिला गुजर रहा था। आरोप है कि इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अपनी गाड़ियों को अत्यंत लापरवाही और खतरनाक तरीके से चलाया। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि लोग चलती गाड़ियों की छतों पर बैठे हैं और खिड़कियों से बाहर निकलकर स्टंट कर रहे हैं। इस स्टंटबाजी के कारण न केवल मुख्य मार्ग बाधित हुआ बल्कि वहां से गुजर रही एंबुलेंस और अन्य आपातकालीन वाहन भी काफी देर तक जाम में फंसे रहे। पुलिस ने एक वाहन की पहचान कर ली है। जबकि अन्य की तलाश जारी है। कस्बा इंचार्ज राम प्रकाश की तहरीर पर यह कार्रवाई की गई है। दिग्विजय सिंह भाटी के खिलाफ पिछले दो महीनों में मुकदमों की झड़ी लग गई है। अब तक उन पर कुल चार मामले दर्ज हो चुके हैं जिनमें 4 दिसंबर को रहरा थाना क्षेत्र में एक बैंक मैनेजर के साथ मारपीट और एससी-एसटी एक्ट में मामला दर्ज किया गया।18 दिसंबर को नेशनल हाईवे-9 पर फॉर्च्यूनर से स्टंट करने पर 29 हजार रुपये का चालान हुआ। 12 जनवरी को सैदनगली थाने में एक दुष्कर्म पीड़िता के परिवार को धमकाने के आरोप में केस दर्ज किया गया।13 जनवरी को हसनपुर में काफिले के साथ स्टंटबाजी और रास्ता रोकने का ताजा मामला सामने आया है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जायेगा।

# कारोबारी से मारपीट व लूटपाट का आरोप, कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** साझेदारी के कारोबार को लेकर हुए विवाद ने गंभीर रूप ले लिया। पीड़ित कारोबारी ने दबंगों पर अपहरण की धमकी, जातिसूचक अपमान, तमंचा दिखाकर लूट और जबरन चेक छीने जाने के आरोप लगाए हैं। पुलिस से सुनवाई न होने पर मामला अदालत पहुंचा, जहां के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला किशनगढ़ के रहने वाले जगदीश कुमार वर्तमान में अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के मोहल्ला पुष्कर नगर में रहते हैं। एफआईआर के मुताबिक पिछले तीन साल से वह अतरासी ओवरब्रिज के नीचे स्थित एक दुकान से कारोबार करते हैं। उनका आरोप है कि मोहल्ला कल्याणपुरा के रहने वाले अमन सैनी, शहर के मोहल्ला मोहम्मदी सराय के रहने वाले सैफ आलम ने उनके साथ कारोबार में उनके साथ 60 हजार रुपये लगाए थे। सभी लोग नुकसान और मुनाफे में बराबर के हिस्सेदार थे। छह महीने तक सबकुछ ठीक-ठाक चलता रहा लेकिन बाद में नुकसान होने पर कारोबार बंद करना पड़ा। इसके बाद बचा हुआ सामान भी तीनों ने बराबर बांट लिया। आरोप है कि अमन सैनी और सैफ आलम ने कारोबार में लगाए रुपये दोगुने देने का दबाव बनाया। खुद को भाजपा से जुड़ा बताते हुए घर से अपहरण कर ले जाने की धमकी दी। आरोप है कि बीती 21 नवंबर की दोपहर जगदीश कुमार आईडीबीआई बैंक से घर लौट रहे थे। आरोप है कि रास्ते में पेट्रोल पंप के सामने अमन सैनी, उसके भाई शोभित सैनी और अनिल सैनी मिले, तीनों बेवजह गालियां देने। जाति को लेकर भी अपमानित किया। इसके बाद तमंचे दिखा डराकर बंबूगढ़ चौराहे पर एक दुकान में ले गए। आरोपियों ने करीब डेढ़ लाख रुपये की राशि के चेक और जेब में रखे 25650 रुपये छीन लिए। बचकर वहां से लौटे पीड़ित जगदीश कुमार ने शिकायत पुलिस से की लेकिक उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। लिहाजा उन्होंने कोर्ट की शरण ली। सीओ अवधभान भदौरिया ने मामले में विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी एक्ट के आदेश पर अमन सैनी, शोभित सैनी, अनिल सैनी व सैफ आलम चार अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# वोटर लिस्ट में नाम दर्ज कराना जरूरी: दानिश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** कांग्रेस नेता कुंवर दानिश अली ने मतदाता सूची से जुड़े कार्यों को लेकर जनपदवासियों से सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी हो चुकी है और दावे आपत्तियों की प्रक्रिया चल रही है। एसआईआर के तहत नोटिस भी जारी किए जा रहे हैं, जिन मामलों की सुनवाई संबंधित एईआरओ द्वारा की जाएगी।

कुंवर दानिश अली ने अमरोहा, नौगावां सादात, धनौरा और हसनपुर विधानसभा क्षेत्रों के नागरिकों से आग्रह किया कि जिन लोगों को नोटिस प्राप्त हुए हैं, वे निर्धारित समय पर संबंधित अधिकारियों के समक्ष आवश्यक साक्ष्य प्रस्तुत करें। जिन नागरिकों के नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं हैं, वे ऑनलाइन आवेदन करें या अपने बूथ लेवल ऑफिसर के पास फॉर्म भरकर जमा कराएं। उन्होंने कहा कि यदि किसी परिचित या पड़ोसी को नोटिस मिला है तो उसकी भी सहायता करें, ताकि किसी को अनावश्यक परेशानी न हो। किसी भी प्रकार की दिक्कत आने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं से संपर्क किया जा सकता है, जो हर संभव मदद के लिए तैयार हैं। कुंवर दानिश अली ने बताया कि वे स्वयं अपने साथियों के साथ पोलिंग बूथों पर पहुंचकर जानकारी ले रहे हैं और आमजन को सहयोग के लिए प्रेरित कर रहे हैं।




# कोहली रैंकिंग में फिर नंबर-1

**विराट कोहली ने कीवियों के खिलाफ वनडे में चार विकेट की जीत के बाद आईसीसी पुरुष रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया**

**दुबई, वार्ता।** शानदार फॉर्म में चल रहे भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली फिर से ताजा आईसीसी पुरुष एकदिवसीय रैंकिंग में पहले पायदान पर पहुंच गए है। यहां अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से जारी ताजा रैंकिंग में कोहली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले एकदिवसीय में भारत की चार विकेट की जीत के बाद आईसीसी पुरुष रैंकिंग में नंबर वन स्थान फिर से हासिल कर लिया है। इस मैच में कोहली के 91 गेंदों में 93 रनों की मदद से मेजबान टीम ने लक्ष्य का पीछा किया और वह भारत के महान सचिन तेंदुलकर के करीब पहुंच गए और ऑल-टाइम मेन्स इंटरनेशनल रन-स्कोरिंग टेबल में दूसरा स्थान हासिल किया। ऑस्ट्रेलिया में 50 ओवर की सीरीज के बाद से को. हली शानदार फॉर्म में हैं, उन्होंने अपनी पिछली पांच पारियों में 74 नाबाद, 135, 102, 65 नाबाद और 93 रन बनाए हैं। 37 साल के कोहली जुलाई 2021 के बाद पहली बार बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर वापसी की हैं। वह 785 रेंटिंग अंकों के साथ शीर्ष पर है। उन्होंने अक्टूबर 2013 में पहली बार शीर्ष रैंकिंग हासिल की थी और यह शीर्ष स्थान पर उनका 11वां अलग स्पेल है। अभी तक वह कुल 825 दिनों तक शीर्ष पर रहे हैं। यह किसी भी खिलाड़ी द्वारा 10वीं बार सबसे अधिक और किसी भी भारतीय द्वारा सबसे ज्यादा है। पूर्व कप्तान रोहित शर्मा 775 अंकों के साथ तीसरे , कप्तान शुभमन गिल 725 अंकों के साथ पांचवें। शीर्ष दस में एक अन्य भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर 682 अंकों के साथ 10वें स्थान पर है। न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर डेरिल मिशेल ने पहले वनडे में 71 गेंदों पर 84 रनों की शानदार पारी खेलकर वनडे रैंकिंग में दूसरे स्थान पर जगह बनाई और वह कोहली से सिर्फ एक रेटिग अंक पीछे है। उनका स्कोर 784 है यह उनकी अब तक की सबसे अच्छी रैंकिंग है। यह ब्लैक कैप्स खिलाड़ी शानदार फॉर्म में है। उसने अपने पिछले पांच वनडे में तीन अर्द्धशतक और वेस्टइंडीज के खिलाफ एक शतक भी बनाया है। मिशेल के टीम के साथी डेवोन कॉनवे तीन स्थान ऊपर चढ़कर 29वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वनडे गेंदबाजी रैंकिंग अपडेट में, मोहम्मद सिराज के शानदार प्रदर्शन की वजह से वह पांच पायदान ऊपर चढ़कर बांग्लादेश के मेहदी हसन मिराज के साथ 15वें स्थान पर आ गए हैं। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज काइल जैमीसन को भी भारत के खिलाफ चार विकेट लेने के अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन के बाद फायदा हुआ, वह 27 पायदान ऊपर चढ़कर भारत के बॉलर अर्शदीप सिंह के साथ 69वें स्थान पर आ गए हैं। एशेज सीरीज खत्म होने के बाद कई ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ताजा टेस्ट रैंकिंग में ऊपर चढ़ गए, जिसमें ट्रैविस हेड को सबसे अधिक फायदा हुआ। वह 853 अंकों के साथ दूसरे। स्टीव स्मिथ 831 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गए है। दोनों बल्लेबाजों को एक-एक पायदान का फायदा हुआ है। इसमें भारतीय बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 750 अंकों के साथ आठवें तथा कप्तान गिल 730 रेटिंग अंकों के साथ 10वें स्थान पर है। ऑस्ट्रेलिया के धाकड़ बल्लेबाज ट्रैविस ने इंग्लैंड के खिलाफ इस बड़ी टेस्ट सीरीज में सबसे अधिक रन बनाने के बाद सात पायदान ऊपर चढ़कर तीसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने इस सीरीज में 62. 90 की औसत से 629 रन बनाए, जिसमें तीन शतक शामिल थे।




## डब्ल्यूपीएल में हरमनप्रीत कौर के 1000 रन पूरे

**नवी मुंबई, वार्ता।** मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में 1000 रन पूरे करने की उपलब्धि हासिल कर ली है। हरमनप्रीत कौर ने गुजरात जायंट्स के खिलाफ मंगलवार को डब्ल्यूपीएल मैच में नाबाद 71 बनाकर यह उपलब्धि अपने नाम की। प्लेयर ऑफ द मैच हरमन ने 43 गेंदों की अपनी पारी में सात चौके और दो छक्के लगाए। हरमन यह उपलब्धि हासिल करने वाली दूसरी बल्लेबाज बन गई हैं। उनसे पहले उनकी टीम साथी नेट शिवर ब्रंट को यह उपलब्धि हासिल थी। शिवर ब्रंट के 31 मैचों में 1101 रन और हरमन के 30 मैचों में 1016 रन हैं। यह हरमन का डब्ल्यूपीएल में 10वां अर्द्धशतक था और उनके डब्ल्यूपीएल में अब सर्वाधिक अर्द्धशतक हो गए हैं।

**खेल विशेष**

### सायरा जबीन व हुम्ना पहली बार खेलेंगी टी-20 में

**लाहौर, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका दौरे पर सफेद गेंद सीरीज के लिए अनकैप्ड बल्लेबाज सायरा जबीन और दाएं हाथ की तेज गेंदबाज हुम्ना बिलाल को पाकिस्तान की महिला टी-20 टीम में पहली बार शामिल किया गया है। पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीकी दौरे के लिए घोषित सफेद गेंद टीम के लिए फातिमा सना को टीम का कप्तान बनाए रखा है। टीम जून में होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्व. कप की तैयारी कर रही है। चयनकर्ताओं ने टीम में आलिया रियाज, आयशा जफर, गुल फिरोजा, मुनीबा अली, नशरा संधू, नतालिया परवेज, रमीन, सादिया, सिदरा व तस्मिया को एकदिवसीय और टी-20 दोनों टीम में शामिल किया गया है।

### सीजन ओपनर में यूपी डॉमिनेटर्स से भिड़ेगी पंजाब

**नोएडा, वार्ता।** भारत की प्रमुख प्रफेंचाइज़ी-आधारित कुश्ती लीग प्रो रेसलिंग लीग गुरुवार, 15 जनवरी 2026 को अपने बहुप्रतीक्षित पांचवें सीजन के साथ वापसी करने जा रही है। उत्तर प्रदेश के नोएडा स्थित नोएडा इंडोर स्टेडियम में शुरू हो रहा पीडब्लूएल 2026 छह प्रफेंचाइज़ियों, ओलंपिक पदक विजेताओं, विश्व चैंपियनों और भारत के सबसे प्रतिभाशाली युवा पहलवानों के साथ एक अत्यंत प्रतिस्पर्धी और रोमांचक सीजन पेश करने के लिए तैयार है। संत. ुलन, गहराई और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की गुणवत्ता पर आधारित यह सीजन लीग के नए और सशक्त स्वरूप को दर्शाता है। सीजन का उद्घाटन मुकाबला यूपी डॉमिनेटर्स और पंजाब रॉयल्स के बीच होगा, जो पेशेवर संचालन, एथलीट-फर्स्ट संरचना और प्रतिस्पर्धात्मक निष्पक्षता पर लीग के नए फोकस की झलक देगा।

### सीनियर खो-खो नेशनल्स में सुरक्षा/पुलिस बलों के खिलाड़ी

**नई दिल्ली, वार्ता।** देश की सीमाओं की बर्फीली चोटियों से लेकर शहरों की व्यस्त गलियों तक, हमारे सुरक्षा बल राष्ट्र की ढाल बनकर अनुशासन, साहस और सतत सतर्कता के साथ अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हैं। वही समर्पण और बलिदान की भावना 58वीं सीनियर राष्ट्रीय खो खो चैंपियनशिप में खेल मैदान पर दिखाई दे रही है, जिसका आयोजन तेलंगाना के काज़ीपेट में किया जा रहा है। हमारे अर्धसैनिक और पुलिस बलों से जुड़े पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों के लिए यह प्रतियोगिता मात्रा एक खेल नहीं, बल्कि उनके दैनिक कर्तव्य का ही प्रतिबिंब है। हर दौड़, हर डाइव और हर टीम प्रयास उन मूल्यों को दर्शाता है जिन्हें वे अपने जीवन में जीते हैं। समर्पण, एकता, दृढ़ता और राष्ट्र सेवा। 58वीं सीनियर नेशनल खो खो चैंपियनशिप में, आईटीबीपी व एसएसबी के कर्मियों से बनी सीएपीएफ की एक संयुक्त टीम शामिल है।

## टी-20 वर्ल्ड कप की तैयारी में पाकिस्तान ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी करेगा

- **आईसीसी के अनुसार तीन मैच गद्दाफी मैदान में 29, 31 जनवरी और 1 फरवरी को होंगे**

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने लाहौर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की टी-20 सीरीज का शेड्यूल कन्फर्म कर दिया है, क्योंकि दोनों टीमें आईसीसी मेन्स टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए अपनी यूनिट को मजबूत कर रही हैं।

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के अनुसार, तीन मैच गद्दाफी स्टेडियम में चार दिनों में 29 और 31 जनवरी, और 1 फरवरी 2026 को खेले जाएंगे। ऑस्ट्रेलिया की टूरिग टीम 28 जनवरी को लाहौर पहुंचेगी। यह सीरीज दोनों टीमों के लिए कॉम्बिनेशन को फाइनल करने और भारत और श्रीलंका में होने वाले टूर्नामेंट से पहले माहौल में ढलने का एक अहम मौका है, क्योंकि दोनों टीमें चोटों से जूझ रही हैं। खास तौर पर, ऑस्ट्रेलिया के लिए, जोश हेजलवुड, पैट कमिस और टिम डेविड सभी रिकवरी पीरियड में हैं, जबकि पाकिस्तान के शाहीन शाह अफरीदी भी बिग बैश लीग में खेलते समय लगी चोट के कारण बाहर हैं। घरेलू सीरीज के कुछ ही दिनों बाद शुरू होने वाला टी-20 वर्ल्ड कप 7 फरवरी से शुरू होगा, जिसमें कई शहरों में 20 टीमें हिस्सा लेंगी। पाकिस्तान ग्रुप ए में है और अपने मैच श्रीलंका में खेलेगा, जबकि ऑस्ट्रेलिया ग्रुप बी में है। पीसीबी के सीओओ सुमैर अहमद सैयद ने इस सीरीज को पाकिस्तान के क्रिकेट फैंस के लिए एक बड़ा इवेंट बताया। उन्होंने कहा कि हम लाहौर में तीन मैचों की टी-20 सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी करने को लेकर उत्साहित हैं और इसका इंतजार कर रहे हैं। यह टूर पाकिस्तान क्रिकेट फैंस के लिए साल की एक जबरदस्त शुरुआत है और मैं उनसे आग्रह करता हूं कि वे सीरीज के दौरान बड़ी संख्या में आकर दोनों टीमों का समर्थन करें, क्योंकि वे अपनी टी-20 वर्ल्ड कप की तैयारियों को अंतिम रूप दे रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया का यह दौरा मार्च-अप्रैल 2022 में उनके पिछले पूरे दौरे के बाद पाकिस्तान में वापसी है, जिसमें तीन टेस्ट, तीन वनडे और एक टी-20 शामिल था। अप्रैल 2022 में गद्दाफी स्टेडियम में हुआ वह अकेला टी 20 मैच ऑस्ट्रेलिया ने बहुत कम अंतर से जीता था।

## अमेरिका के खिलाफ प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगा भारत

- **टूर्नामेंट के इतिहास की सबसे सफल टीमों में एक इंडिया अंडर-19, क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में मैदान पर उतरेंगी**

**बुलावायो, वार्ता।** आईसीसी अंडर-19 वर्ल्ड कप 2026 की शुरुआत एक बड़े अंतर के साथ हुई है, जिसने पहले ही क्रिकेट प्रेमियों का ध्यान खींचा है। एक पारंपरिक युवा पावरहाउस टीम एक ऐसी टीम के खिलाफ अपने खिताब की दौड़ शुरू कर रही है, जो अभी भी ग्लोबल स्टेज पर अपनी जगह बना रही है।

टूर्नामेंट के इतिहास की सबसे सफल टीमों में से एक, इंडिया अंडर-19, क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में मैदान पर गुरूवार को एक स्पष्ट पसंदीदा टीम के रूप में उतरेगी, जो अपने दबदबे, गहराई और काबिलियत से बनी उम्मीदों को लेकर चल रही है। दूसरी तरफ यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका अंडर-19 है, एक ऐसी टीम जिसके पास अनुभव की कमी है लेकिन महत्वाकांक्षा से भरपूर है, जो जूनियर क्रिकेट के सबसे बड़े मंच पर खुद को साबित करना चाहती है। भारत का अभियान प्रतिष्ठा के बोझ के साथ शुरू होता है। कई अंडर-19 वर्ल्ड कप जीतने वाली और हाल के एडिशन में फाइनलिस्ट रही यह टीम जिम्बाब्वे में पूरे जोश के साथ पहुंची है, जिसने अपने पिछले दस में से नौ मैच जीते हैं। स्ट्रोक बनाने वाले और मैच जिताने वाले खिलाड़ियों से भरी बल्लेबाजी लाइनअप आकर्षण का केंद्र रही है, जिसमें वैभव सूर्यवंशी टूर्नामेंट से पहले सबसे ज्यादा चर्चा में रहने वाले युवा प्रतिभाओं में से एक के रूप में उभरे हैं। कप्तान आयुष म्हात्रे उम्मीद करेंगे कि उनकी टीम शुरुआत में ही लय बनाए और बाकी टीमों को एक संदेश दे। अमे. रिका अंडर-19 के लिए, शुरुआती मैच एक अलग तरह की चुनौती पेश करता है।

उत्कर्ष श्रीवास्तव की कप्तानी में, टीम वर्ल्ड कप में अनुभव के अंतर से वाकिफ है, लेकिन इस मुकाबले को आगे बढ़ने के मंच के रूप में इस्तेमाल करने के लिए दृढ़ है। पाकिस्तान अंडर-19 के खिलाफ अपना आखिरी वार्म-अप मैच हारने के बाद, अमे. रिकियों को पता है कि एक अनुभवी प्रतिद्वंद्वी को परेशान करने के लिए उन्हें कुछ खास करना होगा। ओपनर अमरिदर गिल और साहिल गर्ग, एक युवा गेंदबाजी समूह के साथ, शुरुआती दबाव का सामना करने और मुकाबले में बने रहने की जिम्मेदारी संभालेंगे। वेन्यू खुद कहानी में एक और परत जोड़ता है। क्वींस स्पोर्ट्स क्लब हाल के सीजन में बल्लेबाजों के लिए अनुकूल पिच बन गया है, जो उन टीमों के पक्ष में है जो बड़ा स्कोर बना सकती हैं। इतिहास बताता है कि पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमों को मजबूत फायदा होता है, इसलिए टॉस अधिक अनुभवी टीम के पक्ष में संतुलन और झुका सकता है। जैसे ही टूर्नामेंट की पहली गेंद फेंकी जाएगी, उम्मीद है कि मैच वर्ल्ड कप की व्यापक कहानी को रेखांकित करेगा।

## कीज एडिलेड में म्बोको का सामना करेंगी

- **इवेंट की मौजूदा चैंपियन ने सात डबल फॉल्ट को पार किया व पहले सेट को 49 मिनट में जीतने के लिए पांच ब्रेक पॉइंट बचाए**

**एडिलेड, वार्ता।** मैडिसन कीज अपने दूसरे राउंड के मैच में टेरेजा वैलेंटोवा के खिलाफ शुरुआत में अपने सबसे अच्छे फॉर्म में नहीं थीं,लेकिन उन्होंने खुद को संभाला और 1 घंटे और 24 मिनट में 6-4, 6-1 से जीत हासिल करके लगातार दूसरे साल एडिलेड के क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई।

इवेंट की मौजूदा चैंपियन ने सात डबल फॉल्ट को पार किया और पहले सेट को 49 मिनट में जीतने के लिए पांच ब्रेक पॉइंट बचाए। वैलेंटोवा मैच में बने रहने की कोशिश कर रही थीं, लेकिन कीज ने 18 साल की खिलाड़ी की दूसरी सर्व पर फोरहैंड रिटर्न विनर लगाकर दूसरे सेट में 2-0 की बढ़त बना ली। वहां से, उन्होंने आखिरी पांच गेम में से चार जीतकर एक मुश्किल जीत हासिल की। इस जीत के साथ कीज एडिलेड में अंतिम आठ में पहुंच गई हैं, जहां वह एक और टीन सेंसेशन, विक्टोरिया म्बोको का सामना करेंगी, जो डब्ल्यूटीए टूर पर उनकी पहली भिड़ंत होगी। क्रिस्टियन ने पहली बार कसातं. कना को हराया। बुधवार के मैच से पहले, यह सोचना सही था कि क्या जैकलिन क्रिस्टियन को डारिया कसातकिना से कोई दिक्कत है।

उनकी दो पूरी हुई मुलाकातों में, रोमानियाई खिलाड़ी दोनों बार हार गई थी - हालांकि दोनों बार कसातकिना की रैंकिंग बहुत ज्यादा थी। इस बार, भूमिकाएं उलट गईं। क्रिस्टियन वर्ल्ड नंबर 37 के तौर पर आईं, जबकि कसातकिना हाल की मुश्किलों के बाद नंबर 48 पर थीं। और एक बार फिर, ज्यादा रैंकिंग वाली खिलाड़ी जीत गई।

## पाक मूल के चार खिलाड़ी वीजा क्लीयरेंस के इंतजार में




- **आईसीसी के सूत्रों के अनुसार सभी दस्तावेज अपॉइंटमेंट से पहले ठीक उसी तरह जमा किए गए थे जैसा कि आवश्यक था**

**कोलम्बो, वार्ता।** पाकिस्तान मूल के चार अमेरिकी क्रिकेटर अली खान, शायन जहांगीर, मोहम्मद मोहसिन और एहसान आदिल कोलंबो में भारतीय उच्चायोग में निर्धारित मुलाकातों में शामिल होने के बाद आगामी आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप को लेकर भारत यात्रा के लिए वीजा क्लीयरेंस का इंतजार कर रहे हैं। ए खिलाड़ी, जो वर्तमान में फरवरी टूर्नामेंट की तैयारी के अंतिम चरण के हिस्से के रूप में यूएसए टीम के साथ श्रीलंका में हैं, ने मंगलवार (13 जनवरी) को अपनी वीजा अपॉइंटमेंट पूरी कीं। हालांकि अपॉइंटमेंट के समय वीजा जारी नहीं किए गए, लेकिन यह समझा जाता है कि कोई औपचारिक अस्वीकृति नहीं हुई है, और अधिकारियों ने संकेत दिया है कि आवेदन स्थापित संच. ालन प्रक्रियाओं के हिस्से के रूप में समीक्षा के तहत हैं।

आईसीसी के सूत्रों के अनुसार, सभी दस्तावेज अपॉइंटमेंट से पहले ठीक उसी तरह जमा किए गए थे जैसा कि आवश्यक था। सूत्र ने कहा कि आज सुबह श्रीलंका में भारतीय दूतावास में उनकी अपॉइंटमेंट थी। उन्होंने आईसीसी द्वारा अपॉइंटमेंट से पहले मांगे गए सभी कागजात पूरे कर दिए थे। अपॉइंटमेंट के समय, खिलाड़ियों को सूचित किया गया कि इस स्तर पर वीजा प्रोसेस नहीं किए जा सकते। बाद में शाम को, यूएसए मैनेजमेंट को भारतीय दूतावास से एक कॉल आया जिसमें बताया गया कि कुछ आवश्यक जानकारी प्राप्त हो गई है, जबकि विदेश मंत्रालय से अतिरिक्त जानकारी का अभी भी इंतजार है। एक बार जब यह प्रक्रिया पूरी हो जाएगी, तो उनसे आगे की प्रक्रिया के लिए संपर्क किया जाएगा। यही वर्तमान स्थिति है। इस मामले से परिचित अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि यह समीक्षा प्रक्रिया विशेष-श्रेणी के मामलों के लिए मानक है और भारतीय सरकार के प्रोटोकॉल के अनुसार इसे संभाला जा रहा है। यह स्थिति तब सार्वजनिक ध्यान में आई जब अली खान ने 'वीजा अस्वीकृति' का जक्रि करते हुए एक इंस्टाग्राम स्टोरी पोस्ट की, जिससे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अटकलें लगने लगीं। पाकिस्तानी मूल के खिलाड़ियों से जुड़े वीजा समीक्षाओं में ऐतिहासिक रूप से राष्ट्रीयता या टीम संबद्धता की परवाह किए बिना अतिरिक्त प्रशासनिक परतें शामिल रही हैं। इसी तरह की प्रक्रियाएं अतीत में मोईन अली, शोएब बशीर और उस्मान ख्वाजा जैसे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटरों पर भी भारत यात्रा के दौरान लागू हुई हैं। इस प्रक्रिया से जुड़े सूत्रों ने दोहराया कि आवेदन सक्रिय हैं और विचाराधीन हैं, और ऐसे मामलों में समय-सीमा अक्सर शुरुआती अपॉइंटमेंट से आगे बढ़ जाती है। इन मामलों में आम तौर पर कई डिपार्टमेंट से क्लीयरेंस और भारत के विदेश मंत्रालय से फाइनल मंजूरी की जरूरत होती है, यह प्रोसेस स्पोर्टिंग बॉडीज या मेजबान देश के ऑर्गनाइजर से अलग काम करता है। खास बात यह है कि वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने वाली सभी टीमों पर यही प्रक्रिया लागू होती है।

### डेथ-ओवर्स में राहुल साबित कर रहे हैं अपना दबदबा

**राजकोट, वार्ता।** वनडे इंटरनेशनल में केएल राहुल की असली वैल्यू अब पारी के आखिरी फेज में महसूस की जा रही है, और बुधवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ उनका नाबाद शतक इस बात का एक और सबूत था कि जब प्रेशर सबसे ज़डादा होता है, तो वह कितने निर्णायक बन जाते हैं। राहुल ने यहां निरंजन शाह स्टेडियम में बिना किसी जल्दबाजी के 112 रन बनाकर अपना आठवां वनडे शतक पूरा किया, और एक बार फिर सबसे मुश्किल समय में टीम को संभाला। यह मील का पत्थर शानदार तरीके से हासिल हुआ, जब काइल जैमीसन ने राहुल के पैड्स पर फुल टॉस फेंकी, जिसे दाएं हाथ के बल्लेबाज ने शांति से आगे बढ़कर लॉन्ग-ऑन के ऊपर से छक्के के लिए भेज दिया। हेलमेट उतारकर और बल्ला उठाकर, राहुल ने शांत आत्मविश्वास के साथ इस पल का जश्न मनाया।

## एंटोनसन ने इंडिया ओपन से नाम वापस लिया



- **एंटोनसन ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए खुलासा किया कि दिल्ली में मौजूदा हवा क्वालिटी के कारण टूर्नामेंट से हटे**

**नई दिल्ली, वार्ता।** डेनमार्क के दुनिया के नंबर 3 बैडमिंटन खिलाड़ी एंडर्स एंटोनसन ने राष्ट्रीय राजधानी में गंभीर वायु प्रदूषण को लेकर चिताओं के कारण लगातार तीसरे साल इंडिया ओपन से नाम वापस ले लिया है। एंटोनसन ने एक इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए यह खुलासा किया, जिसमें बताया कि दिल्ली में मौजूदा हवा की क्वालिटी के कारण उन्होंने बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया। एंटोनसन ने लिखा कि इस समय दिल्ली में बहुत ज्यादा प्रदूषण के कारण, मुझे नहीं लगता कि यह बैडमिंटन टूर्नामेंट आयोजित करने के लिए सही जगह है। उन्होंने आगे कहा कि उन्हें उम्मीद है कि गर्मियों तक हालात बेहतर हो जाएंगे, जब शहर में वर्ल्ड चैंपियनशिप होनी है। डेनमार्क के शटलर ने यह भी बताया कि बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन ने नाम वापस लेने के लिए उन पर 5,000 अमेरिकी डॉलर का जुर्माना लगाया है, और कहा कि स्वास्थ्य संबंधी चिताओं के बावजूद उन्हें फिर से सजा दी गई है। इंडिया ओपन से नाम वापस लेने के बावजूद, एंटोनसन ने उम्मीद जताई कि साल के आखिर में हालात बेहतर होंगे। उन्होंने अपनी पोस्ट में कहा कि उम्मीद है कि गर्मियों में जब दिल्ली में वर्ल्ड चैंपियनशिप होगी, तब हालात बेहतर होंगे। एंटोनसन ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर दिल्ली में हवा की क्वालिटी का एक स्क्रीनशॉट भी शेयर किया।

### पीवी सिंधु इंडिया ओपन के पहले दौर में बाहर

**नई दिल्ली, वार्ता।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधु ने इंडिया ओपन से पहले अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का वादा किया था लेकिन वह बुधवार को पहले ही राउंड में वियतनाम की थुई लिन्ह एनगुएन से तीन गेमों के संघर्षपूर्ण मुकाबले में 22-20, 12-21, 15-21 से हार गई। सिंधु ने इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स कम्पलेक्स में यह मुकाबला एक घंटे आठ मिनट में गंवाया। सिंधु का खेल देखने पहुंचे भारतीय दर्शकों को अपनी बैडमिंटन स्टार की हार से भारी निराशा का सामना करना पड़ा। अन्य मैचों में मालविका बंसोड़ चीनी ताईपे की पेई यू पो को 41 मिनट में 21-18, 21-19 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। एक अन्य मैच में मुख्य ड्रा में जगह पाने वाली तन्वी दूसरी सीड चीन की वांग झी ई से 20-22, 21-18, 13-21 से हार कर बाहर हो गई।

## हर्मन, लॉरेंस ने टीम को आखिरी गेंद पर जीत दिलाई

**पार्ल, वार्ता।** रुबिन हर्मन और डैन लॉरेंस के अर्द्धशतकों ने पार्ल रॉयल्स को डरबन सुपर जायंट्स के खिलाफ छह विकेट से आखिरी गेंद पर रोमांचक जीत दिलाई, जिससे वे पॉइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर पहुंच गए और डीएसजी की क्वालिफिकेशन की उम्मीदें अधर में लटक गईं। पूरे सीजन में मुश्किल रही पिच पर 187 रनों का पीछा करते हुए, हर्मन और लॉरेंस ने तीसरे विकेट के लिए सिर्फ 61 गेंदों में 106 रन जोड़े, जिससे मैच का रुख निर्णायक रूप से रॉयल्स के पक्ष में हो गया। यह चेज आखिरकार इस मैदान पर सबसे सफल रन-चेज बन गया। डेविड मिलर के पहले गेंदबाजी करने का फैसला करने के बाद, डीएसजी को सुनील नारायण ने शुरुआती बढ़त दिलाई, जिन्होंने ओपनिग की और मुजीब उर रहमान के हाथों आउट होने से पहले 11 गेंदों में 22 रन बनाए। कप्तान एडेन मार्करम ने पारी को संभाला, 46 गेंदों में 66 रन बनाए और डेविड बेडिगम के साथ तीसरे विकेट के लिए 76 रनों की साझेदारी की। मार्करम 17वें ओवर में आउट हो गए, लेकिन हेनरिक क्लासेन और लियाम लिविगस्टोन की बदौलत डीएसजी ने मजबूत फिनिश किया। क्लासेन ने 18 गेंदों में 29 रन बनाए, जबकि लिविगस्टोन ने सिर्फ 10 गेंदों में 32 रन बनाकर देर से तेजी दिखाई, जिससे डीएसजी का स्कोर 186/5 हो गया, जो इस सीजन में इस मैदान पर सबसे बड़ा टोटल है। रॉयल्स ने ओपनर आसा ट्राइब और लुआन-ड्रे प्रिटोरियस को जल्दी खो दिया, लेकिन हर्मन ने जवाबी हमला किया, पावरप्ले की आखिरी गेंद पर साइमन हार्मर को एक लंबा छक्का लगाकर वार्म-अप किया। लॉरेंस के साथ, उन्होंने बीच के ओवरों में स्पिनरों के खिलाफ धीरे-धीरे पारी को आगे बढ़ाया।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# ईरान के बिगड़ते हालात

ईरान में दो सप्ताह से भी अधिक समय से हिंसा और विरोध प्रदर्शन जारी है। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं की मानें, तो बुधवार तक 2572 लोगों की जान अब तक जा चुकी है, जोकि निश्चित रूप से बड़ा आंकड़ा है और जो यह बताने के लिए काफी है कि ईरान में हालात बद से बदतर की ओर जा रहे हैं। हालात के नाजुकपन को देखते हुए भारत ने भी अपने नागरिकों को तुरंत ईरान छोड़ने के लिए कहा है। विदेश मंत्रालय ने जारी अपनी एडवाइजरी में भारतीय लोगों से ईरान में बदलती सुरक्षा स्थिति को देखते हुए जल्द से जल्द ईरान छोड़ने की सलाह दी है। बताते चलें कि ईरान में विरोध प्रदर्शन पिछले महीने आखिर में तब शुरू हुए थे जब ईरानी मुद्रा रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई थी और जैसे अब वहां से समाचार आ रहे हैं, वहां हिंसा और प्रदर्शन की वारदातें देश के सभी 31 प्रांतों तक फैल गई हैं। भारत सरकार ने अपने नागरिकों को भरोसा दिलाया कि जरूरत पड़ने पर उन्हें हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी और यह भी कि भारतीय नागरिक तेहरान स्थित भारतीय दूतावास से संपर्क कर सकते हैं। 1979 की इस्लामी क्रांति की फैली अराजकता की याद ये हिंसक प्रदर्शन दिला रहे हैं, क्योंकि ऐसी अराज. कता इस बीच में नहीं देखी गई। ईरान का कहना रहा है कि अमेरिका व पश्चिमी देश मिलकर ईरान में हिंसक प्रदर्शनों को हवा दे रहे हैं। इन प्रदर्शनकारियों में विदेशी अराजक तत्व घुसे हुए हैं। जो सैनिकों, बसों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर हमले कर रहे हैं और उन्हें भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। अमेरिका सहित तमाम पश्चिमी देश जिस तरह का रवैया दिखा रहे हैं और ईरान को चेता रहे हैं, उससे ईरान का यह दावा गलत भी नहीं लगता। ईरान के लीडर आयतुल्ला खामेनेई ने अमे. रिका-इजरायल को सीधे चेतावनी दे दी है कि वह उसके मामले में हस्तक्षेप न करें। साथ ही आंदोलनकारियों से सीधे सख्ती से निपटने की बात भी उन्होंने कही है। मौतों का बढ़ता आंकड़ा भी इस ओर इशारा कर रहा है कि उनकी चेतावनी का असर जमीनी स्तर पर दिखाई दे रहा है। इसमें कोई दोराय नहीं कि ईरान में जो कुछ हो रहा है, उसके पीछे अमेरिका इजरायल मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प तो सीधे ईरान को यह कहकर चुनौती दे रहे हैं कि यदि वह प्रदर्शनकारियों के साथ बल का प्रयोग करता है, तो अमेरिका उसके विरुद्ध सीधी सैन्य कार्रवाई करने से भी नहीं हिचकेगा। वह प्रदर्शनकारियों के साथ हमदर्दी दिखाते हुए कह रहा है कि तुम डटे रहो, अमेरिका उनके साथ खड़ा है। अब कहने के लिए ज्यादा क्या रह जाता है। जहां तक बात ईरान की है, ईरान अमेरिका व इजरायल जैसे देशों के सामने झुकने के लिए बिल्कुल तैयार नहीं दिखाई दे रहा है। बल्कि उसने स्पष्ट कर दिया है कि जहां ईरान प्रदर्शनकारियों से सख्ती से निपटेगा वहीं यदि किसी ने ईरान पर हमला करने की कोशिश की तो उसका करारा जवाब देगा।

## पूर्व सैनिकों का अनुभव अमूल्य संपत्ति



भारत तेजी से सशक्त, आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र की ओर बढ़ रहा है और ऐसे समय में पूर्व सैनिकों का अनुभव, नेतृत्व और मूल्य देश के लिए अमूल्य संपत्ति हैं। उन्होंने ऑपरेशन पवन में भाग लेने वाले पूर्व सैनिकों के साहस और बलिदान को पहले वह सम्मान नहीं मिल पाया, जिसके वे हकदार थे, सरकार ने भारतीय शांति सेना के सैनिकों के योगदान को खुले तौर पर स्वीकार किया है तथा राष्ट्रीय युद्ध स्मारक सहित विभिन्न स्तरों पर उन्हें सम्मान दिया जा रहा है, एक रैंक एक पेंशन, भूतपूर्व सैनिक अंशदाई स्वास्थ्य योजना के सुदृढ़ीकरण, दूरदराज के क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और टेलीमेडिसिन को बढ़ावा देने जैसे कदम उठाए गए हैं।

**–राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

# गले पड़े पुरस्कार का हो गया तिरस्कार






निर्मल रानी

**गौरतलब है कि शशि थरूर इस समय तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद हैं। उन्होंने मीडिया से पूछने पर स्वयं यह स्पष्ट किया कि था कि वे इस पुरस्कार के बारे में नहीं जानते थे और न ही इसे स्वीकार करने की सहमति जताई थी । सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ग पर पोस्ट करके भी उन्होंने यही कहा कि मैं न तो इस पुरस्कार के बारे में जानता था और न ही इसे स्वीकार किया था। आयोजकों द्वारा मेरी सहमति के बिना मेरे नाम की घोषणा करना गैर-जिम्मेदाराना है।**

प्रसिद्ध हिंदी लेखक, पत्रकार और पटकथा लेखक कमलेश्वर ने सम्मान, एवार्ड अथवा पुरस्कार के विषय पर बातचीत करते हुए एक बार बहुत ही महत्वपूर्ण टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि कोई भी सम्मान ग्रहण करने से पहले यह जरूर देखना चाहिए कि सम्मानित करने वाली संस्था या व्यक्ति का स्वयं अपना कितना सम्मान है। ऐसा उन्होंने इसीलिए कहा था कि तमाम लोग व संस्थाएं विशिष्ट लोगों को सम्मानित करने के नाम पर या इसी के बहाने खुद अपनी छवि चमक. ाने या स्वयं की प्रसिद्धि की खातिर तरह तरह के सम्मान समारोह आयोजित करती रहती हैं।

ऐसे में सम्मान या पुरस्कार प्राप्त करने के लिए लालायित रहने वाले लोग तो किसी भी ऐरे गैरे नत्थू खैरे से कोई भी सम्मान लेने पहुंच जाते हैं। यहां तक कि सम्मान हासिल करने के लिए तरह तरह की जुगाड़बाजियां भी करते हैं। परन्तु स्वाभिमानी लोग या ऐसे सम्मान की वास्तविकता को समझने वाले लोग इसतरह के कथित पुरस्कारों व सम्मानों से दूर रहना ही पसंद करते हैं।

कुछ ऐसा ही दृश्य पिछले दिनों उस समय देखने को मिला जब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा कांग्रेस नेता शशि थरूर को सावरकर के नाम का एक अवार्ड देने की कोशिश की गई परन्तु शशि थरूर ने इसे लेने से इंकार कर दिया। गौर तलब है कि केरल की हाई रेंज रूरल डेवलपमेंट सोसाइटी नाम के एक एनजीओ ने कांग्रेस सांसद शशि थरूर को वीर सावरकर इंटरनेशनल इम्पैक्ट अवॉर्ड 2025 का पहला अवार्ड देने की कोशिश की थी। HRDS इंडिया को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) या संघ परिवार से संबद्ध माना जाता है। बात बीते वर्ष दिसम्बर माह की है, जब केरल-आधारित इस एनजीओ ने कांग्रेस सांसद शशि थरूर को वीर सावरकर इंटरनेशनल इम्पैक्ट अवॉर्ड 2025 का पहला प्राप्तकर्ता घोषित किया। HRDS इंडिया के अनुसार यह पुरस्कार राष्ट्रीय विकास, सामाजिक सुधार और मानवीय कार्यों के लिए दिया जाता है और इसका नाम विनायक दामोदर सावरकर (वीर सावरकर) के नाम पर रखा गया है, जो भाजपा और संघ परिवार द्वारा सम्मानित व आदर्श पुरुष माने जाते हैं। जबकि कांग्रेस, उदारवादियों और वामपंथी दलों द्वारा उनकी स्वतंत्रता संग्राम में कथित नकारात्मक भूमिका पर सवाल उठाए जाते हैं। यह पुरस्कार सम्मान समारोह 10 दिसंबर 2025 को नई दिल्ली के एनडीएमसी कन्वेंशन हॉल में आयोजित होना प्रस्तावित था। इस आयोजन का उद्घाटन भी भाजपा के वरिष्ठ नेता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा किया जाना था। संस्था द्वारा इस पुरस्कार हेतु थरूर का नाम उनके राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर हस्तक्षेप और प्रभाव के लिए चुना गया था। परन्तु थरूर ने इस पुरस्कार को स्वीकार करने से यह कहते हुए इंकार कर दिया कि उन्हें इस पुरस्कार की जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स से मिली थी न कि आयोजकों से।

गौरतलब है कि शशि थरूर इस समय तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद हैं। उन्होंने मीडिया से पूछने पर स्वयं यह स्पष्ट किया कि था कि वे इस पुरस्कार के बारे में नहीं जानते थे और न ही इसे स्वीकार करने की सहमति जताई थी । सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ग पर पोस्ट करके भी उन्होंने यही कहा कि मैं न तो इस पुरस्कार के बारे में जानता था और न ही इसे स्वीकार किया था। आयोजकों द्वारा मेरी सहमति के बिना मेरे नाम की घोषणा करना गैर-जिम्मेदाराना है। पुरस्कार की प्रकृति, प्रस्तुत करने वाली संस्था या अन्य संदर्भों के बारे में स्पष्टता न होने पर, मैं न तो कार्यक्रम में भाग लूंगा और न ही पुरस्कार स्वीकार करूंगा। थरूर ने सावरकर के व्यक्तित्व पर सीधे टिप्पणी नहीं की, लेकिन उनका इनकार कांग्रेस की वैचारिक स्थिति से जुड़ा माना जा रहा है। कांग्रेस में उनके सहयोगियों का मानना था कि सावरकर के नाम पर पुरस्कार स्वीकार करना पार्टी का अपमान होगा व ऐसा करना पार्टी को शर्मिंदा करेगा। थरूर पहले सावरकर पर किताब लिख चुके हैं और उनका कहना है कि सावरकर का अध्ययन जरूरी है, लेकिन आलोचनात्मक रूप से। उधर HRDS इंडिया के आयोजकों ने इस विषय पर यह दावा किया था कि थरूर को इस पुरस्कार के बारे में पहले से जानकारी दी गई थी और उन्होंने अपनी सहमति भी जताई थी। परन्तु थरूर ने संस्था के इस दावे को पूरी तरह खारिज कर दिया। आखिरकार यह विवाद इतना बढ़ा कि विवाद के बाद न तो सम्मान प्राप्तकर्ता के रूप में शशि थरूर ने कार्यक्रम में शिरकत की ना ही सम्मान देने हेतु रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समारोह में पधारे। परन्तु इस घटना के बाद सावरकर के नाम को लेकर एक बार फिर उनके विवादित व्यक्तित्व को लेकर बहस जरूर छिड़ गई। गौरतलब है कि संघ व भाजपा सावरकर को श्वीर सावरकर श कहकर बुलाती है और एक स्वतंत्रता सेनानी के रूप में उन्हें सम्मान देती है। जबकि कांग्रेस उन्हें ब्रिटिश हुकूमत से मुआफी मांगने वाला व्यक्ति मानती है। निश्चित रूप से शशि थरूर का सावरकर सम्मान लेने से इन्कार करना न केवल कांग्रेस में उनकी स्थिति को मजबूत करता है बल्कि वैचारिक रूप से सावरकर की हिंदूवादी राजनीति को भी खारिज करता है।

इस घटना ने संघ व भाजपा परिवार की उस चतुराई को भी एक बार फिर उजागर कर दिया है जिसके तहत वह कांग्रेस अथवा अन्य धर्मनिरपेक्ष व उदारवादी नेताओं को किसी न किसी बहाने अपने साथ खड़ा हुआ दिखाने की कोशिश करती रहती है। साथ ही ऐसा कर उन्हें कांग्रेस में भी वैचारिक रूप से असहज करने का प्रयास करती है। हालांकि संघ व भाजपा की इस नीति से यह सन्देश भी जाता है कि उनके पास इस स्तर के अपनी विचारधारा रखने वाले नेताओं की भी कमी है। चाहे वह महात्मा गांधी की हत्या के बाद संघ पर प्रतिबंध लगाने वाले कांग्रेस नेता सरदार वल्लभ भाई पटेल की गुजरात में विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा बनाना हो या फिर जून 2018 में कांग्रेस नेता व पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी को संघ के तृतीय वर्ष शिक्षा वर्ग समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नागपुर में आमंत्रित करना।


इसी सिलसिले की एक कड़ी के रूप में शशि थरूर को सावरकर सम्मान के नाम पर दिया गया कथित निमंत्रण भी उन्हें कांग्रेस में असहज करने व वैचारिक रूप से उन्हें अपने पक्ष में खड़ा दिखाने का प्रयास था परन्तु यह प्रयास तब उल्टा पड़ गया जब शशि थरूर ने स्वयं इस श्गले पड़ेश पुरस्कार को लेने से इंकार कर उल्टे इस पुरस्कार का ही तिरस्कार कर दिया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# मध्य प्रदेश में उठाएं समुद्री बीच का मजा

**हनुवंतिया बीच मध्य प्रदेश में सबसे ज्यादा वाटर एक्टिविटी के लिए जाना जाता है। यहां पर कई सैलानी सिर्फ मोटरबोटिंग, गोताखोरी, जेट स्कीइंग, सर्फिंग और जोरबिंग के अलावा हॉट एयर बैलूनिंग और पैरा एक्टिविटीज जैसी शानदार और मजेदार एक्टिविटी के लिए पहुंचते हैं। हर साल हनुवंतिया आइलैंड में जल महोत्सव का आयोजन किया जाता है। इस महोत्सव में शामिल होने के लिए हर साल हजारों की संख्या में पर्यटक शामिल होते हैं।**

मध्य प्रदेश का गठन साल 1956 में हुआ था। यह देश के सबसे बड़े राज्यों में शामिल एक खूबसूरत और प्रमुख राज्य भी है। देश के मध्य में स्थित मध्य प्रदेश में कई ऐसी खूबसूरत और शानदार जगहें मौजूद हैं, जहां पर सिर्फ देशी ही नहीं बल्कि विदेशी पर्यटक भी घूमने के लिए पहुंचते रहते हैं। मध्य प्रदेश में भोपाल से लेकर इंदौर तक, ग्वालियर, मांडू, ओरछा और जबलपुर जैसी कई ऐतिहासिक जगहें हैं, जिनके बारे में लगभग हर कोई जानता है। वहीं मध्य प्रदेश में हनुवंतिया एक ऐसी जगह है, जहां पर आप बीच का लुत्फ उठा सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको हनुवंतिया की खूबसूरती और इसकी खासियत के बारे में बताने जा रहे हैं।



**हनुवंतिया**

मध्य प्रदेश के खंडवा जिले में इंदिरा सागर बांध के पास हनुवंतिया स्थित है। यह खंडवा शहर से करीब 45 किमी दूरी पर मौजूद है। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से हनुवंतिया करीब 233 किलोमीटर दूर है। वहीं इंदौर से करीब 138 किमी, देवास से करीब 195 किमी और उज्जैन से 197 किमी दूर है।

**इस जगह की खासियत**

बता दें कि इंदिरा सागर बांध के बैकवाटर में स्थित हनुवंतिया मध्य प्रदेश की एक मनमोहक जगह है। हनुवंतिया को कई लोग आइलैंड या हनुवंतिया टापू के नाम से भी जानते हैं। इस जगह की खूबसूरती इस कदर प्रचलित है कि लोग इसको एमपी का शमिनी गोवाश भी कहते हैं।

यह जगह अपनी प्राकृतिक सुंदरता के साथ एक फेमस पर्यटन स्थल माना जाता है। यहां पर गर्मियों में भारी संख्या में पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। हनुवंतिया टापू नीले रंग के पानी और खूबसूरती के कारण गोवा की याद दिलाता है। वहीं मानसून में हनुवंतिया की खूबसूरती अपने चरम पर होती है।

**सैलानियों के लिए क्यों है खास**

गर्मियों में हनुवंतिया को मध्य प्रदेश को एक परफेक्ट पॉइंट माना जाता है। खासकर वीकेंड में भारी संख्या में पर्यटक घूमने और पिकनिक मनाने के लिए पहुंचते हैं। हनुवंतिया का शांत और शुद्ध वातावरण पर्यटकों को खूब आकर्षित करता है। यह जगह अपनी खूबसूरती के अलावा एडवेंचर एक्टिविटी के लिए जाना जात है। यहां पर कई लोग सिर्फ एडवेंचर एक्टिविटी करने के लिए पहुंचते हैं।

**वॉटर स्पोर्ट्स के लिए है फेमस**

बता दें कि हनुवंतिया बीच मध्य प्रदेश में सबसे ज्यादा वाटर एक्टिविटी के लिए जाना जाता है। यहां पर कई सैलानी सिर्फ मोटरबोटिंग, गोताखोरी, जेट स्कीइंग, सर्फिंग और जोरबिंग के अलावा हॉट एयर बैलूनिंग और पैरा एक्टिविटीज जैसी शानदार और मजेदार एक्टिविटी के लिए पहुंचते हैं। हर साल हनुवंतिया आइलैंड में जल महोत्सव का आयोजन किया जाता है। इस महोत्सव में शामिल होने के लिए हर साल हजारों की संख्या में पर्यटक शामिल होते हैं।

**आसपास घूमने की जगहें**

बता दें कि हनुवंतिया के आसपास कई शानदार और खूबसूरत जगहें मौजूद हैं। जिनको आप ट्रिप के दौरान एक्सप्लोर कर सकते हैं। जैसे इंदिरा सागर बांध, घंटाघर, गौरी कुंज, नागचून बांध खंडवा, तुलजा भवानी माता मंदिर को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

...साभार प्रभ.

# भारतीय सेना युद्धभूमि में अडिग, संकट में राष्ट्र का संबल



योगेश कुमार गोयल

प्रतिवर्ष 15 जनवरी को भारतीय सेना दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष हम 78वां सेना दिवस मना रहे हैं। सेना दिवस के अवसर पर पूरा देश थलसेना के अदम्य साहस, जांबाज सैनिकों की वीरता, शौर्य और उसकी शहादत को याद करता है। इस विशेष अवसर पर जवानों के दस्ते और अलग-अलग रेजीमेंट की परेड के अलावा झांकियां भी निकाली जाती हैं और उन सभी बहादुर सेनानियों को सलामी दी जाती है, जिन्होंने देश और लोगों की सलामती के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर दिया। 15 जनवरी को ही यह दिवस मनाए जाने का विशेष कारण यही है कि 1899 में कर्नाटक के कुर्ग में जन्मे लेफ्टिनेंट जनरल केएम करियप्पा आज ही के दिन वर्ष 1949 में भारतीय सेना के पहले कमांडर-इन-चीफ बने थे। उन्होंने 15 जनवरी 1949 को ब्रिटिश जनरल फांसिस बुचर से भारतीय सेना की कमान संभाली थी। जनरल फांसिस बुचर भारत के आखिरी ब्रिटिश कमांडर-इन-चीफ थे।1953 में वे भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हुए और 94 वर्ष की आयु में 1993 में उनका निधन हुआ। केएम करियप्पा दूसरे ऐसे सेना अधिकारी थे, जिन्हें फील्ड मार्शल की उपाधि दी गई थी।

भारतीय थल सेना का गठन ईस्ट इंडिया कम्पनी की सैन्य टुकड़ी के रूप में कोलकाता में 1776 में हुआ था, जो बाद में ब्रिटिश भारतीय सेना बनी और देश की आजादी के बाद इसे 'भारतीय थल सेना' नाम दिया गया। भारतीय सेना की 53 छावनियां और 9 आर्मी बेस हैं और चीन तथा अमेरिका के साथ भारतीय सेना दुनिया की तीन सबसे बड़ी सेनाओं में शामिल है। हमारी सेना संयुक्त राष्ट्र के शांति अभियानों में सबसे बड़ी योगदानकर्ताओं में से एक है। यह दुनिया की कुछेक ऐसी सेनाओं में से एक है, जिसने कभी भी अपनी ओर से युद्ध की शुरूआत नहीं की। भारतीय सेना के ध्वज का बैकग्राउंड लाल रंग का है, ऊपर बाईं ओर तिरंगा झंडा, दाईं ओर भारत का राष्ट्रीय चिह्न और तलवार हैं। सेना दिवस के अवसर पर सेना प्रमुख को सलामी दी जाती रही है लेकिन 2020 में पहली बार सेना प्रमुख के स्थान पर देश के प्रथम सीडीएस बने जनरल बिपिन रावत को सलामी दी गई थी।



देश की आजादी के बाद भारतीय सेना पांच बड़े युद्ध लड़ चुकी है, जिनमें चार पाकिस्तान के खिलाफ और एक चीन के साथ लड़ा था। देश की आजादी के बाद 1947-48 में हुए भारत-पाक युद्ध को 'कश्मीर युद्ध' नाम से भी जाना जाता है, जिसके बाद कश्मीर का भारत में विलय हुआ था। 1962 में चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी द्वारा धोखे से थाग-ला-रिज पर भारतीय सेना पर हमला बोल दिया गया था। उस जमाने में भातीय सेना के पास स्वचालित और आधुनिक हथियार नहीं होते थे, इसलिए चीन को रणनीतिक बढ़त मिली थी। 1965 के भारत-पाक युद्ध के बाद 1971 में भारतीय सेना ने पाकिस्तान को करारी शिकस्त दी थी। 13 दिनों तक चले उस युद्ध के बाद ही पाकिस्तान के टुकड़े कर बांग्लादेश का जन्म हुआ और पाकिस्तानी जनरल नियाजी के साथ 90 हजार पाक सैनिकों ने जांबाज भारतीय सेना के समक्ष हथियार डाल दिए थे। मई से जुलाई 1999 तक चले कारगिल युद्ध में तो भारतीय सेना ने पाकिस्तान को छठी का दूध याद दिला दिया था। आज पूरी दुनिया भारतीय सेना का लोहा मानती है। आधुनिक हथियारों और प्रौद्योगिकी के साथ भारतीय सेना एक विश्वस्तरीय सेना है। सेना दिवस के महत्वपूर्ण अवसर पर चीन द्वारा वर्तमान में लगातार पेश की जा रही चुनौतियों के दौर में भारतीय सेना की निरन्तर बढ़ती ताकत का उल्लेख करना बेहद जरूरी है। 2025 की 'ग्लोबल फायरपावर रिपोर्ट' के अनुसार भारतीय सेना की गिनती दुनिया की चौथी सबसे बड़ी सेनाओं में की जाती है। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय थल सेना के जखीरे में कई तरह के आधुनिक हथियार शामिल हैं, जिनमें आधुनिक टैंकों के साथ बैलिस्टिक मिसाइलें भी हैं। भारत की थल सेना के पास चार हजार से अधिक टैंक हैं। इसके अलावा भारतीय सेना के जखीरे में एक लाख से अधिक आर्म्ड व्हीकल भी शामिल हैं। थल सेना के पास 100 सेल्फ प्रोपेल्ड आर्टिलिरी, 3300 हल्की आर्टिलिरी भी हैं तथा थल सेना के बेड़े में करीब 1500 रॉकेट आर्टिलरी भी शामिल हैं।

भारतीय सैन्यबल में 14।45 लाख सक्रिय सैन्यकर्मी हैं, जो दुनिया में दूसरे नंबर पर है। सेना में 12 लाख से ज्यादा आरक्षित बल तथा बीस लाख अर्धसैनिक बल हैं। भारतीय थलसेना में 4600 से ज्यादा टैंक टी-72, टी-90, अर्जुन एमके-1, अर्जुन एमके-2 इत्यादि टैंक, 5 हजार से ज्यादा तोपें, 290 स्वचालित तोपें, 290 से ज्यादा रॉकेट तोपें तथा 8600 बख्तरबंद वाहन शामिल हैं। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि भारतीय थलसेना हर परिस्थिति में चीनी सेना से बेहतर और अनुभवी है, जिसके पास युद्ध का बड़ा अनुभव है, जो कि विश्व में शायद ही किसी अन्य देश के पास हो। भले ही चीन के पास भारत से ज्यादा बड़ी सेना और सैन्य साजो-सामान है लेकिन आज के परिप्रेक्ष्य में दुनिया में किसी के लिए भी इस तथ्य को नजरअंदाज करना संभव नहीं हो सकता कि भारत की सेना को अब धरती पर दुनिया की सबसे खतरनाक सेना माना जाता है और सेना के विभिन्न अंगों के पास ऐसे-ऐसे खतरनाक हथियार हैं, जो चीनी सेना के पास भी नहीं हैं। धरती पर लड़ी जाने वाली लड़ाईयों के लिए भारतीय सेना की गिनती दुनिया की सर्वश्रेष्ठ सेनाओं में होती है और कहा जाता है कि अगर किसी सेना में अंग्रेज अधिकारी, अमे. रिकी हथियार और भारतीय सैनिक हों तो उस सेना को युद्ध के मैदान में हराना असंभव होगा।

जापान के एक आकलन के मुताबिक भारतीय थलसेना चीन के मुकाबले ज्यादा मजबूत है। इस रिपोर्ट के अनुसार हिन्द महासागर के मध्य में होने के कारण भारत की रणनीतिक स्थिति बेहद महत्वपूर्ण है और दक्षिण एशिया में अब भारत का काफी प्रभाव है। अमे. रिकी न्यूज वेबसाइट सीएनएन की एक रिपोर्ट में भी दावा किया जा चुका है कि भारत की ताकत पहले के मुकाबले बहुत ज्यादा बढ़ गई है और युद्ध की स्थिति में भारत का पलड़ा भारी रह सकता है। बोस्टन में हार्वर्ड केनेडी स्कूल के बेलफर सेंटर फॉर साइंस एंड इंटरनेशनल अफेयर्स तथा वाशिंगटन के एक अमेरिकी सुरक्षा केन्द्र के अध्ययन में कहा जा चुका है कि भारतीय सेना उच्च ऊंचाई वाले इलाकों में लड़ाई के मामले में माहिर है और चीनी सेना इसके आसपास भी नहीं फटकती।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बरेली-बदायूं में शाहनवाज राना को मिला अधिवक्ताओं का समर्थन

## यूपी बार काउंसिल सदस्य पद के प्रत्याशी शाहनवाज़ ने की अधिवक्ताओं से अपने लिए वोट व स्पोर्ट की अपील, दोनों जनपदों में हुई मीटिंग

■ यूपी बार काउंसिल के पूर्व उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक शाहनवाज़ राना उ.प्र. बार काउंसिल चुनाव में दूसरी बार चुनावी मैदान में हैं जिनका क्रमांक संख्या 266 है, इससे पहले भी श्री राना 7 मई 2006 में अपने पहले चुनाव में सदस्य पद का चुनाव जीतकर सबसे कम आयु में उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए थे, जो अपने आप में अभी तक उ.प्र. बार काउंसिल में इतिहास है









### बरेली: हजारों की संख्या में मीटिंग में आए अधिवक्ता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** उ.प्र. बार काउंसिल चुनाव में एक दिन का ही समय बचा है जिसका प्रथम चरण 16-17 जनवरी से शुरू हो रहा है। इसी क्रम में बुधवार को यूपी बार काउंसिल सदस्य पद के प्रत्याशी शाहनवाज़ राना पहले करीब 11 बजे बरेली कलक्ट्रेट पहुंचे और अधिवक्ताओं से मिलकर अपने लिए प्रथम वरीयता का मत एवं समर्थन मांगा उसके बाद सीजेएम कोर्ट के सामने ग्राउंड पंडाल में अधिवक्ताओं के साथ एक महत्वपूर्ण मीटिंग की जिसमें सैकड़ो अधिवक्तओं ने उपस्थित होकर उनका हार्दिक अभिनंदन किया। मीटिंग में उपस्थित अधिवक्ताओं ने अश्वस्त किया कि पूर्ण समर्थन देकर आपको विजय बनाएंगे। अधिवक्ताओं की उपस्थिति को देखकर शाहनवाज राना गदगद नजर आए। साथ ही उन्होंने कहा की अधिवक्ताओं के सम्मान और प्रतिष्ठा की खातिर हर वक्त में अपने अधिवक्ता भाईयों के साथ खड़ा रहूंगा।

बरेली बार एसोसिएशन के सचिव मनोज हरित की अगुवाई में इमारत हुसैन अंसारी, वसी अहमद, मुश्ताक नसीमुल्लाह, संजीव शंखधर, अनिल अग्रवाल, शशिकांत तिवारी आदि वरिष्ठ अधिवक्ताओं के साथ मीटिंग में पहुंचे इससे पहले कलक्ट्रेट में भी श्री राना ने अधिवक्ताओं से मिलकर वोट मांगे बैठक में अधिवक्ताओं से जुड़े मुद्दों, बार काउंसिल चुनाव और संगठनात्मक मजबूती पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक के बाद सभी अधिवक्ताओं ने साथ बैठकर सौहार्दपूर्ण माहौल में लंच भी किया, जिससे आपसी एकता और सहयोग का संदेश दिया गया। इस दौरान शाहनवाज़ राना ने अधिवक्ताओं से संवाद कर समर्थन और सहयोग की अपील की, जिस पर कचहरी परिसर में सकारात्मक माहौल देखने को मिला। इस दौरान मो. इरफान मुनीम, मुमताज़ अली, जफरूद्दीन मंसूरी, मयूर तलवार, मौ. सुहैल एडवोकेट, अहसान हुसैन एडवोकेट, नदीम अहमद एडवोकेट, नसीम अहमद सिद्दीकी, वरूण कुमार, अमित सिंह, राहुल एडवोकेट, ऋषभ मिश्रा, आदर्श दिवाकर, मुनीब जैदी समेत हजारों की संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। और उनका भरपूर समर्थन मिला।

### बदायूं में भी अधिवक्ताओं ने किया स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** बरेली में अधिवक्ताओं से मुलाकात के बाद शाहनवाज राना सीधे बदायूं कलक्ट्रेट पहुंचे जहां पर अधिवक्ताओं ने उनका दिल खोलकर स्वागत किया और उनको प्रथम वरीयता का मत देने का भी भरोसा दिलाया जिसके बाद यूपी बार काउंसिल चुनाव के मद्देनजर एडवोकेट शाहनवाज राना ने एक अहम मीटिंग सीटी मॉल में आयोजित की गई जहां पर सैकड़ों अधिवक्ताओं ने शिरकत की। जिनमें मुख्य रूप से परवेज खान एडवोकेट, देवेश कुमार, अनिल कुमार, मनोज कुमार, श्याम कुमार दिवाकर, मो. मजरूद्दीन, बदरूल हसन खान, सलीमुद्दीन, फैजान सलीम, मो. शीराज आलम, दिवाकर भारती, सुनीता कुमारी, करन कुमार, नाजीमा, इशरत खातून, रिजवान, शब्बीर, प्रदीप शर्मा, कोकब अहमद, आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।





# लश्कर के आतंकी की हिंदुओं का गला काटने की धमकी

## वायरल वीडियो में कहा: कश्मीर को आजादी भीख मांगने से नहीं, हमे जिहाद का झंडा उठाना होगा

**इस्लामाबाद।** आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी अबू मूसा कश्मीरी ने हिंदुओं की गर्दन काटने की धमकी दी है। उसने यह बयान पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में दिया। इसका वीडियो भी सामने आया है, हालांकि ये कब का है इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है।

वीडियो में अबू मूसा कहता है: कश्मीर मुद्दे का हल सिर्फ आतंकवाद और जिहाद से ही हो सकता है। आजादी भीख मांगने से नहीं, हिंदुओं की गर्दन काटने से मिलेगी। हमें जिहाद का झंडा उठाना होगा। अबू मूसा कश्मीरी लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े संगठन जम्मू कश्मीर यूनाइटेड मूवमेंट का मेंबर है। उसका नाम अप्रैल 2025 में पहलगाम में हुए आतंकी हमले से भी जुड़ा था। अपने भाषण में अबू मूसा ने पाकिस्तानी नेताओं पर भी गंभीर आरोप लगाए। उसने कहा कि पाकिस्तान के नेता इस्लामी सिद्धांतों से भटक चुके हैं और जिहाद के रास्ते पर नहीं चल रहे हैं। उसने कहा जो नेता जिहाद के लिए प्रतिबद्ध नहीं है, उसे पाकिस्तान पर हुकूमत करने का कोई अधिकार नहीं है। मूसा ने दावा किया कि वह पहले भी ऐसे ही बयान मुजफ्फराबाद में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ हुई एक बैठक में दे चुका है। अबू मूसा पिछले साल 22 अप्रैल में हुए पहलगाम हमले में भी शामिल था। दैनिक भास्कर ने तब पड़ताल की थी कि आखिर पहलगाम अटैक के दौरान पाकिस्तान से आतंकियों को कौन आदेश दे रहा था। इस दौरान दो पाकिस्तानी हैंडलर के नाम मिले थे। पहला अबू मूसा और दूसरा रिजवान हनीफ। दोनों पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में लश्कर-ए-तैयबा के आपरेटिंग कमांडर हैं। इन्हीं दोनों ने मुरीदके में अफगान को ट्रेनिंग भी दी थी। हालांकि, सूत्रों का दावा था कि पहलगाम अटैक का मास्टरमाइंड अबू मूसा ही है। ये सैफुल्लाह कसूरी का करीबी भी है। पहलगाम हमले से 4 दिन पहले 18 अप्रैल को लश्कर के एक कार्यक्रम में अबू मूसा ने कश्मीर में हिंदुओं को मारने का जिक्र किया था।

■ **पाक नेताओं पर इस्लामी सिद्धांतों से भटकने का आरोप, पहलगाम हमले में भी शामिल था अबू मूसा**

### अमेरिका, त्रिनिदाद-टौबेगो, ऑस्ट्रिया के राजनयिकों के परिचय पत्र स्वीकार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारत में अमेरिका तथा ऑस्ट्रिया के नवनियुक्त राजदूतों और त्रिनिदाद-टोबैगो के नवनियुक्त उच्चायुक्त के परिचय-पत्र बुधवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में स्वीकार किए। अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर, त्रिनिदाद-टोबैगो के उच्चायुक्त चंद्रदत्त सिंह, ऑस्ट्रिया के राजदूत रॉबर्ट जशिग ने राष्ट्रपति से समारोह पूर्वक भेंट कर उन्हें अपने परिचय-पत्र सौंपे। राष्ट्रपति सचिवालय की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह समारोह भारत और इन देशों के बीच राजनयिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण अवसर है।

# इसरो का रॉकेट फेल, फिर भी स्पेनिश सैटेलाइट एक्टिव

## स्पेस से सिग्नल भेजा, सैटेलाइट भेजने वाली स्पेन की कंपनी बोली: किस रास्ते से पहुंचा, पता लगा रहे

**नई दिल्ली।** इसरो का पीएसएलवी-सी-62 मिशन सोमवार को फेल हो गया। उड़ान भरने के 8 मिनट बाद पीएसएलवी राकेट तय रास्ते से भटक गया। इसी राकेट से एक सैटेलाइट भेजने वाली स्पेन की कंपनी ने मंगलवार को कहा है कि उसे इसका सिग्नल मिला है। स्पेन की स्टार्टअप कंपनी आर्बिटल पैराडाइम ने मंगलवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि तकनीकी गड़बड़ी से पहले ही उनका केआईडी (केस्ट्रेल इनिशियल डेमोंस्ट्रेटर) सैटेलाइट राकेट से अलग हो चुका था। इसी वजह से उसे कोई नुकसान नहीं पहुंचा। आर्बिटल पैराडाइम ने यह भी बताया कि अब यह पता लगाया जा रहा है कि सैटेलाइट किस रास्ते से अंतरिक्ष में पहुंचा। उसके ट्रैजेक्ट्री से जुड़े पूरे तकनीकी आंकड़े और विश्लेषण बाद में एक विस्तृत रिपोर्ट के रूप में जारी किए जाएंगे। मिशन फेल होने के बावजूद कैप्सूल का सक्रिय हो जाना स्पेनिश कंपनी के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है। यह एक टेस्ट और डेमोंस्ट्रेशन मिशन है, जिसका मकसद भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए तकनीक को परखना था। कंपनी के मुताबिक, केआईडी कैप्सूल का मकसद अंतरिक्ष में कुछ समय तक सक्रिय रहकर सिग्नल और तकनीकी डेटा भेजना था। इसके बाद योजना यह थी कि कैप्सूल धरती के वायुमंडल में दोबारा प्रवेश करे, इस दौरान बनने वाली तेज गर्मी (हीट) को झेले और अंत में समुद्र में गिरकर (स्प्लैशडाउन) अपना मिशन पूरा करे। हालांकि फिलहाल कैप्सूल अंतरिक्ष में ही सक्रिय है। इसरो के मुताबिक पीएसएलवी-सी-62 मिशन थर्ड स्टेज के आखिर में गड़बड़ हुआ। टेलीमेट्री डेटा में पता चला कि राकेट के रोल रेट (घूमने की गति/कंट्रोल) में डिस्टर्बेंस आ गई, यानी राकेट अनियंत्रित होकर घूमने लगा और अपना तय फ्लाइट पाथ छोड़कर भटक गया। इसरो चीफ वी. नारायणन ने कहा कि तीसरे स्टेज के अंत तक प्रदर्शन सामान्य था, उसके बाद रोल रेट में गड़बड़ी और फ्लाइट पाथ में डेविएशन दिखा। फिलहाल इसरो डेटा एनालिसिस कर रहा है।



# ट्रम्प की सैन्य शक्ति को सीमित करने की कवायद तेज

## अमेरिका के सांसदों ने पेश किया सीनेट में विधेयक, ग्रीनलैंड पर हमले के लिए धन नहीं

**वाशिंगटन।** अमेरिका के सांसदों (सीनेटर) ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को ग्रीनलैंड सहित किसी भी नाटो सदस्य देश या क्षेत्र पर हमला करने या कब्जा करने से रोकने के लिए एक विधेयक पेश किया है। पेश किया गया 'नाटो यूनिटी प्रोटेक्शन एक्ट' विधेयक रक्षा विभाग और विदेश विभाग को किसी भी नाटो सदस्य देश के क्षेत्र की 'नाकेबंदी करने, कब्जा करने, विलय करने या नियंत्रण स्थापित करने' के लिए धन के उपयोग पर रोक लगाने का प्रावधान करता है। इसके अलावा, रिपब्लिकन पार्टी के सीनेटर डॉन बेकन ने डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों के साथ मिलकर एक ऐसा विधेयक पेश किया है, जो राष्ट्रपति को ग्रीनलैंड पर कब्जा करने के लिए सैन्य बल का उपयोग करने से पहले ही रोकने का प्रयास करता है। बेकन ने एक बयान में लिखा कि सोमवार को पेश किया गया 'नो फंड्स फॉर नाटो इन्वेष्न एक्ट' विधेयक किसी भी नाटो सदस्य देश या नाटो-संरक्षित क्षेत्र पर आक्रमण के लिए संघीय धन के उपयोग को प्रतिबंधित करेगा। सांसदों ने 80 साल पुराने नाटो गठबंधन को अमेरिका और यूरोपीय सहयोगियों के बीच शांति और सहयोग की नींव बताया और कहा कि इससे आर्थिक अवसर बढ़े हैं, सुरक्षा बेहतर हुई है और सहयोगियों के साथ शांति स्थापित हुई है। सांसदों ने एक बयान में कहा कि हमें भड़काऊ बयानबाजी बंद करनी चाहिए, अपने साझा अवसरों का लाभ उठाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उन लोगों के वास्तविक खतरों का मुकाबला करना चाहिए, जो हमारे मूल्यों को साझा नहीं करते हैं। बिल कीटिग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि आज शाम मैंने द्विदलीय 'नो फंड्स फॉर नाटो इन्वेन एक्ट' विधेयक पेश किया, जो ट्रम्प प्रशासन को किसी भी नाटो सहयोगी के क्षेत्रों पर आक्रमण करने से रोकता है। नाटो लगभग 80 वर्षों से अमेरिका और यूरोप के बीच शांति की नींव रहा है और इसने अमेरिकियों को सुरक्षित बनाया है। हमें नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ हमारी रक्षा को मजबूत किया है। मैं अपने सहयोगियों के समर्थन की सराहना करता हूं, क्योंकि हम इस विधेयक को आगे बढ़ा रहे हैं।



### राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज बना रही है अमेरिका में दूत भेजने की योजन

**वाशिंगटन।** वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज इस हफ्ते वाशिंगटन में एक दूत भेजने की योजना बना रही हैं, क्योंकि डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन तेल से समृद्ध इस दक्षिण अमेरिकी देश में अपना दूतावास फिर से खोलने की संभावना पर विचार कर रहा है। ब्लूमबर्ग ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि ब्रिटेन में वेनेजुएला के राजदूत और पूर्व विदेश मंत्री फेलिक्स प्लासेंसिया श्रीमती रोड्रिग्ज के कहने पर वाशिंगटन में वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारियों से मिलने की योजना बना रहे हैं।

